हनुमानगढ़ जंक्शन
बुधवार 19 जून 2024
ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी सम्वत् 2081
वर्ष 54 |अंक 165| ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

तेज

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

शेयर बाजार

सेंसेक्स	77,301.14	+308.37
निफ्टी	23,557.90	+92.30
डॉलर	83.35	

हनुमानगढ़ का तापमान

न्यूनतम 31° अधिकतम 43°

समृद्ध समाज के निर्माण के लिए स्वस्थ समाज जरूरी: भजनलाल

बजट पूर्व संवाद:

मुख्यमंत्री ने ली स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों की मीटिंग

जयपुर. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि समृद्ध समाज के निर्माण के लिए स्वस्थ समाज का होना बेहद आवश्यक है। राज्य के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संस्थान इसी दिशा में काम कर प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों का उत्तम स्वास्थ्य राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण कर राज्य सरकार आयुष्मान राजस्थान की संकल्पना को साकार कर रही है। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में शिक्षा-चिकित्सा मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है तथा इसमें किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए अभियान चलाएं जिससे देश-समाज को इसका फायदा हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने 6 माह के अल्प कार्यकाल में ही चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य के विभिन्न मानकों में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर रहा। साथ ही, 10 हजार से अधिक वेलनेस सेंटर को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में चिकित्सा विभाग द्वारा 'मिलावट के खिलाफअभियान' के तहत निरंतर निरीक्षण किए गए। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जयपुर में आईपीडी टावर का भी निर्माण करवाया जा रहा है जिससे प्रदेश में एयर एंबुलेंस जैसी विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धति को और अधिक विकसित करने, चिकित्सा में भर्ती प्रक्रियाओं में गति, अस्पतालों में आईटी के उपयोग, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, कैंसर स्क्रीनिंग को बढ़ाने सहित विभिन्न कदम उठाए गए हैं। बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत, सुगम एवं संवेदनशील बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि आगामी बजट में सबका साथ-सबका विकास की अवधारणा पर बल देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का और अधिक सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। बैठक... शेष पेज 9 पर

एक दिन में सिर्फ तीन लाभार्थियों को मिलेगा गेहूं

बदलाव: बिना बायोमेट्रिक के नहीं दे सकेंगे राशन

जयपुर. राज्य में खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) के तहत दिया जाने वाला गेहूं या राशन अब मोबाइल पर ओटीपी के जरिए लेना आसान नहीं होगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग इस पर कंट्रोलिंग करते हुए हर राशन डीलर को एक दिन में अधिकतम 3 ही ट्रांजेक्शन करने की लिमिट निर्धारित की है। हर एक ट्रांजेक्शन पर के बीच करीब 30 मिनट या उससे ज्यादा का अंतर होना चाहिए। विभाग से जारी आदेशों के मुताबिक विभाग को कुछ समय से लगातार शिकायतें मिल रही थी कि जनआधार या आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के जरिए राशन वितरण में गड़बड़ी हो रही है। कुछ राशन डीलर के यहां एनएफएसए में रजिस्टर्ड व्यक्ति नियमित गेंहू नहीं लेते हैं। उन लाभार्थियों से उनके फोन पर आए ओटीपी को पूछकर राशन डीलर गेहूं का स्टॉक उठा लेते हैं। फिर बाजार में बेच देते है। इसे देखते हुए विभाग ने अब ओटीपी के जरिए राशन की प्रक्रिया को सीमित करने और अधिकतम एक दिन में 3 ही लाभार्थियों को ही ओटीपी के जरिए राशन देने का निर्णय किया है। विभाग के ... शेष पेज 9 पर

बाइपास की सुविधा अब केवल डीएसओ के पास

ऐसे लाभार्थी जिनके बायोमेट्रिक हाजिरी या मोबाइल पर ओटीपी की तकनीकी समस्या रहती है। उन लाभार्थियों को विभाग के प्रवर्तन अधिकारी एक ऑथोराइज्ड सर्टिफिकेट जारी करते है। इस सर्टिफिकेट के जरिए निर्धारित स्थान पर राशन डीलर लाभार्थी को राशन देते है। इस प्रक्रिया को बाइपास सिस्टम कहते है। अभी तक बाइपास की सुविधा प्रवर्तन अधिकारी के जरिए मिलती थी, लेकिन अब जिले में जिला रसद अधिकारी ही इसकी सुविधा दे सकेंगे, लेकिन इसके लिए भी जिला रसद अधिकारी को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मुख्यालय से अनुमति लेनी होगी। विभाग हर महीने की अलग-अलग अनुमति जारी करेगा।

निर्माण स्वीकृति लेने वाले को लगाने होंगे कम से कम दो पौधे

नगर परिषद आपके द्वार अभियान के तहत वार्ड 54 व 59 में पहुंची टीम

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नगर परिषद आपके द्वार अभियान के द्वितीय चरण के तहत नगर परिषद की टीम मंगलवार को जंक्शन के वार्ड 54 व 59 में निरीक्षण करने पहुंची। सभापति सुमित रणवां के नेतृत्व में किए गए निरीक्षण के दौरान दोनों वार्डों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ मिली। कुछ गलियों की नालियों में लेवल की समस्या देखने को मिली। सभापति सुमित रणवां ने तुरन्त प्रभाव से अधिकारियों को नालियों का लेवल सही करवाकर आमजन को राहत देने के निर्देश दिए। इसके साथ कुछ गलियों में सड़क के निर्माण की आवश्यकता से वार्डवासियों ने सभापति को अवगत करवाया। सभापति ने जल्द सड़कों का निर्माण करवाने के लिए आश्वस्त किया। सभापति ने कहा कि केवल नगर परिषद स्टाफ के कारण इतनी सुदृढ़ सफाई ... शेष पेज 9 पर

हीटवेव से हालात खराब प्री मानसून से मिलेगी राहत

» मौसम विभाग का अनुमान, हनुमानगढ़ व गंगानगर सहित अन्य जिलों में बदलेगा मौसम का मिजाज

जयपुर. राजस्थान में तेज गर्मी के साथ उमस ने परेशान करके रख दिया है। मौसम केंद्र जयपुर ने 8 जिलों (अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, हनुमानगढ़, गंगानगर, चूरू, झुंझुनूं) में हीटवेव और उमस रहने की चेतावनी जारी की थी। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा तापमान श्रीगंगानगर जिले में 46.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चूरू, झुंझुनूं, अलवर, जयपुर, बीकानेर, हनुमानगढ़, गंगानगर और दौसा के एरिया में दिन में हीटवेव चली। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 19 जून से राजस्थान के पूर्वी जिलों (अलवर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, करौली, कोटा, बारां, झालावाड़) में प्री-मानसून की बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। हवा का पैटर्न बदलने से अब पूर्वी हवा पश्चिमी की तरफ आनी शुरू हो गई। इससे बंगाल की खाड़ी से मध्य और बुधवार को गंगानगर, बीकानेर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, अलवर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, करौली, कोटा, बारां, झालावाड़ के एरिया में दोपहर बाद धूलभरी आंधी चलने और कहीं-कहीं मेघगर्जना के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

वाराणसी में 27 मिनट बोले पीएम मोदी विपक्ष और राजनीति पर कोई बात नहीं

» तीसरी बार पीएम बनने के बाद पहली बार काशी पहुंचे मोदी

नई दिल्ली. तीसरी बार पीएम बनने के बाद मोदी मंगलवार को पहले वाराणसी दौरे पर थे। पीएम ने 9.60 करोड़ किसानों को सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। उन्होंने 20 हजार करोड़ रुपए किसानों के खाते में डाले। पीएम ने 27 मिनट तक भाषण दिया। मोदी का फोकस किसान, महिला, विकास और काशी पर रहा। उन्होंने विपक्ष और राजनीति की बात नहीं की। पीएम ने कहाचुनाव जीतने के बाद हम पहली बार बनारस आयल हई। जनता जनार्दन के हमार प्रणाम, काशी ... शेष पेज 9 पर

उप चुनाव संबंधी याचिका की सुनवाई 15 जुलाई को

हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के बाद निर्वाचन विभाग ने कलक्टर को लिखा पत्र

हनुमानगढ़. हाईकोर्ट के आदेश के बाद निर्वाचन विभाग ने भी हनुमानगढ़ नगरपरिषद में उप चुनाव स्थगित करने का एलान कर दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी संचिता बिश्नोई ने हनुमानगढ़ जिला कलक्टर को इस बाबत पत्र लिखा है। पत्र के मुताबिक, हाईकोर्ट ने हनुमानगढ़ नगरपरिषद सभापति, उप सभापति और वार्ड नंबर एक में पार्षद के चुनाव को लेकर स्थगन आदेश दिया है। मामले की सुनवाई 15 जुलाई को होगी। पत्र के मुताबिक, स्टे आदेश से पहले अगर किसी ने वार्ड नंबर एक में नामांकन दाखिल कर दिया तो उसे रिकार्ड में रखा जाए। गौरतलब है कि वार्ड नंबर एक उप चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद किसी ने भी नामांकन दाखिल नहीं किया था।

प्राइवेट हॉस्पिटल में मरीजों को मिलेंगी महंगी दवाइयां

मरीजों को राहत: आरजीएचएस के लाभार्थियों के लिए नियमों में परिवर्तन

जयपुर. राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम के तहत प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज कराने वाले मरीजों को महंगी दवाइयां और इम्प्लांट सरकार उपलब्ध कराएगी। अगर कोई मेडिसिन या इम्प्लांट उपलब्ध नहीं होता है और उसे बाजार से खरीदते हैं तो सरकार की निर्धारित रेट से ज्यादा का होने पर अतिरिक्त चार्ज लाभार्थी खुद की जेब से भरेगा। वित्त विभाग की ओर से आरजीएचएस के तहत लाभार्थियों (लोगों) के लिए नए संशोधित नियम जारी किए गए हैं। आरजीएचएस के लाभार्थी राज्य सरकार के कर्मचारी और पेंशनर्स हैं। इनकी संख्या 11 लाख से ज्यादा है। अभी तक प्राइवेट हॉस्पिटल ही भर्ती मरीजों को महंगी दवाइयां और इम्प्लांट उपलब्ध करवाते थे। उसका बिल इंश्योरेंस कंपनी को भेजकर क्लेम उठाते थे। दरअसल, कई इम्प्लांट बाजार में आसानी से सीधे उपलब्ध नहीं होते और न ही उनकी दरें निर्धारित हैं। ऐसे में प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक अपनी मर्जी से बाजार से ऑर्डर कर इन्हें मरीज को लगाते हैं। मनमर्जी से कीमत वसूलते हैं। इसे देखते हुए सरकार ने अब इन इम्प्लांट और महंगी दवाइयों को अपने स्तर पर उपलब्ध करवाने या उनकी दरें निर्धारित करने का फैसला किया है। इससे सीमित रेट पर अच्छी क्वालिटी की दवाइयां और इम्प्लांट लाभार्थियों को उपलब्ध हो सकेंगे। अभी कई प्राइवेट हॉस्पिटल... शेष पेज 9 पर

पौधारोपण अभियान में जनप्रतिनिधियों और आमजन की हिस्सेदारी हो सुनिश्चित: कलक्टर

कलक्टर ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग सहित महात्मा गांधी नरेगा, एमपी एमएलए लैड कार्यों की प्रगति सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन मंगलवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में लिया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना तथा पौधारोपण के कार्य में महात्मा गांधी नरेगा के तहत कार्य चलते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक भवनों की छतों की साफ सफाई समयबद्ध हो जाए तथा छतों के कार्य जो स्वीकृत हुए हैं, उनकी समयबद्ध सफाई करवा दे, ताकि मानसून के समय में पानी इकट्ठा हो सके। जिला परिषद एसीईओ सुनील छाबड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के तहत 181 कार्यों की डीपीआर बनाई गई थी, जिसमें से 86 कार्य स्वीकृत कर दिए गए है। जिला कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा के तहत सक्रिय श्रमिकों की संख्या जिले में एक... शेष पेज 9 पर

धोखाधड़ी से बना डॉक्टर समाज के लिए खतरनाक

नीट यूजी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट में नीट यूजी विवाद पर ग्रेस मार्क्स से जुड़ी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अदालत ने कहा, 'अगर किसी की ओर से 0.001 फीसद भी लापरवाही हुई है तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। बच्चों ने परीक्षा की तैयारी की है, हम उनकी मेहनत को नहीं भूल सकते हैं।' बेंच ने सरकार और एनटीए से यह भी कहा कि कल्पना कीजिए कि सिस्टम के साथ धोखाधड़ी करने वाला व्यक्ति डॉक्टर बन जाता है, वह समाज के लिए और भी ज्यादा खतरनाक है। इससे पहले 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह की टिप्पणी कर ऑल इंडिया प्री मेडिकल टेस्ट की परीक्षा रद्द की थी। तब कोर्ट का कहना था, 'एक भी फर्जी डॉक्टर बनता है तो पूरी परीक्षा रद्द होनी ... शेष पेज 9 पर

पालिकाध्यक्ष सुखचैन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित

तेज | रिपोर्टर. पीलीबंगा

नगरपालिका अध्यक्ष सुखचैन सिंह रमाणा के विरुद्ध विगत 8 जून को लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को पालिका सभागार में हुई गुप्त मतदान प्रक्रिया के बाद एसडीएम अमिता बिश्नोई ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पड़े 28 मतों के बाद प्रस्ताव को पारित होने की घोषणा के साथ ही विगत 10 दिनों से पालिकाध्यक्ष की कुर्सी को लेकर चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो गया। पालिका बोर्ड में कुल 35 सदस्यों में से 28 पार्षदों ने ही अपने मताधिकार का उपयोग किया, पालिकाध्यक्ष सुखचैन सिंह रमाणा के अलावा शेष 6 सदस्य सदन से अनुपस्थित रहे। हालांकि सुखचैन सिंह रमाणा कुछ देर के लिए विधायक विनोद गोठवाल के साथ सदन में उपस्थित जरूर हुए परंतु मौका स्थिति को भांपते हुए वे कुछ देर बाद ही सदन छोड़कर बाहर चले गए। नियमों के मुताबिक अविश्वास प्रस्ताव को पारित करने के लिए 27 मतों की आवश्यकता थी परंतु अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 28 पार्षदों ने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए व पीलीबंगा बचाओ संघर्ष समिति के नारे के साथ पालिकाध्यक्ष सुखचैन सिंह रमाणा को कुर्सी से बेदखल कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान पालिका कार्यालय में काफी गहमागहमी का माहौल रहा। पूरे पालिका कार्यालय के चारों तरफ पुलिस ने घेराबंदी कर रखी थी। पूरे समय सीआई भूप सिंह सहारण पूरी मुस्तैदी से अपने जवानों के साथ डटे रहे। एडीएम उम्मेदी लाल मीणा ने भी यहां आकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए एसडीएम को आवश्यक निर्देश भी दिए।

समर्थकों ने विजयी जुलूस निकाला

अविश्वास प्रस्ताव पास होते ही नगरपालिका कार्यालय के बाहर अपने समर्थकों के साथ खड़े पूर्व विधायक धर्मेन्द्र मोची एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमार फंडा पालिका कार्यालय के अंदर आ गए और सभी पार्षदों को बधाई दी। ... शेष पेज 9 पर

अविश्वास प्रस्ताव को लेकर हुई चर्चा में असंतुष्ट पार्षदों ने पालिकाध्यक्ष पर लगाई आरोपों की झड़ी

इससे पूर्व मंगलवार को प्रातः करीब 11.18 मिनट पर 28 असंतुष्ट पार्षदों का खेमा पूर्व विधायक धर्मेन्द्र मोची एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमार फंडा के नेतृत्व में लाव लश्कर के साथ बाड़ेबंदी के बीच नगरपालिका कार्यालय पहुंचा। पालिका सभागार में एसडीएम अमिता बिश्नोई ने सभी पार्षदों के साथ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर चर्चा की। इस दौरान रोषित पार्षदों ने पालिकाध्यक्ष सुखचैन सिंह रमाणा के विरुद्ध आरोपों की झड़ी लगा दी। पार्षद गंगाराम खटीक, लक्ष्मण गोयल, तोजेन्द्र बनावत, रणवीर डेलू, प्यारेलाल मांवर व शारदा पूनियां आदि ने पालिकाध्यक्ष की कार्यप्रणाली के विरुद्ध आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में यह पहली नगरपालिका हैं जिसके पालिकाध्यक्ष ने बोर्ड का गठन होने के बाद विगत करीब साढ़े 3 साल में एक भी पालिका बोर्ड की बैठक नहीं बुलाई। रोषित पार्षदों ने अपने साथ हुए दुर्व्यवहार, शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था, पालिका संसाधनों का दुरुपयोग, पालिका कार्यालय में व्याप्त ... शेष पेज 9 पर

रिश्तेदार ने शादी करवाने का झांसा देकर 3 लाख ठगे, गुंडों से धमकी दिलवाने का भी आरोप

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

रिश्तेदारी में ही युवक की शादी बिहार की एक युवती से करवा देने का झांसा देकर 3 लाख रुपए ठग लिए। वह युवक को शादी करवाने के लिए बिहार लेकर भी गया। वहां लगभग एक हफ्ता युवक को रखा। इस दौरान वह युवक के विकलांग भाई से ऑनलाइन रुपए लेता रहा। बाद में बिहार के गुंडो से जान से मरवाने की धमकी देकर युवक को भगा दिया। इस आशय का एक मुकदमा गजसिंहपुर थाना में दर्ज हुआ है। पुलिस के मुताबिक गांव मोटासर खूनी निवासी विनोद जाट (42) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर उसके रिश्तेदार महेंद्र जाट निवासी सोमासर, सूरतगढ़ सहित अन्य व्यक्तियों पर शादी करवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दी रिपोर्ट में विनोद ने बताया है कि वह दोनों पैरों से विकलांग है। उसका एक छोटा भाई राजपाल है। उनकी मां 90 वर्ष की है।घर में कोई और घरेलू कार्य करने के लिए महिला नहीं है। वह अपने छोटे भाई राजपाल की शादी करना चाहता था, जिसकी उम्र निकलती जा रही है। महेंद्र जाट निवासी सोमासर उसके बहनोई का जवाई है।उसका बहनोई सूरतगढ़ में रहता है। एक दिन महेंद्र का फोन आया। उसकी पत्नी तारा ने भी उसके साथ बात की। उन्होंने बताया कि उनके घर पर काम करने वाले राकेश के साथ मिलकर वे बिहार से रिश्ते तथा शादी करवाते हैं। बिहार में उनके बहुत से लोग जानकारी है। विनोद के मुताबिक क्योंकि महेंद्र उसके बहनोई का जवाई है, इसलिए उसे और राजपाल को महेंद्र की बात पर विश्वास हो गया। कुछ दिनों बाद महेंद्र ने बताया कि बिहार की एक लड़की के परिवार वालों से बात हो गई है। शादी का खर्चा उनको देना होगा। बिहार जाने के लिए गाड़ी में तेल भी उनको भरवाना होगा। महेंद्र ने उनको 2 लाख रुपए का इंतजाम करने के लिए कहा। विनोद के अनुसार 22 मार्च को महेंद्र और राकेश गाड़ी लेकर उनके पास आए। उनके साथ गाड़ी में श्योभगवान भी था।तीनों उसके भाई राजपाल को अपने साथ ले गए। उसने 35 हजार रुपए राजपाल को नगद दिए थे। अगले दिन 23 मार्च को यह लोग रास्ते में एक होटल में रुके।फिर 24 मार्च को बिहार पहुंचे।महेंद्र ने उसी दिन फोन करके 70 हजार रुपए राकेश के अकाउंट में उससे ट्रांसफर करवाए। इसके बाद महेंद्र के कहने पर उसने 30 हजार रुपए गाड़ी के ड्राइवर श्योभगवान के अकाउंट में ट्रांसफर किये। फिर 26 मार्च को 40 हजार महेंद्र ने मांगे लेकिन तब उसके पास 20 हजार रुपए ही थे। यह राशि भी उसने राकेश को फोन-पे द्वारा ट्रांसफर कर दी। राजपाल से भी उन्होंने 35 हजार वहां ले लिए। फिर 27 मार्च को उसे 10 हजार रुपए और ट्रांसफर करवाए। इसके बाद 20 हजार रुपए उसने महेंद्र को और भेजें। विनोद के मुताबिक इसके बाद राजपाल ने फोन करके बताया कि महेंद्र ने यहां पर 5-7 गुंडे बुला लिए हैं, जो उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। राजपाल ने जब लड़की वालों के घर ले जाने के लिए कहा तो सभी गुंडों ने धमकाया कि वह चुपचाप यहां से चला जाए ,नहीं तो जान से मार देंगे। विनोद ने आरोप लगाया है कि आज तक राजपाल की ना शादी हुई है और ना ही महेंद्र द्वारा लिए गए लगभग 3 लाख रुपए वापस मिले हैं। पुलिस ने धारा 420 और 406 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गौड़ परिवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेट की चद्दरें और नेबुलाइजर

तेज. सूरतगढ़ | कैलाश सोनी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दानदाता बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं इसी क्रम में आज पीतांबर गौड़ और कल्पना गौड़ ने अपने पुत्र प्रतीक गौड़ की सरकारी नौकरी लगने पर चिकित्सालय को बेडशीट और नेबुलाइजर भेंट की। श्री पीतांबर गौड़ ने बताया कि यह भेंट उनके पुत्र प्रतीक गौड़ ने अपने दादा दादी की याद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को समर्पित की है। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉ नीरज सुखीजा ने गौड़ परिवार का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सूरतगढ़ शहर में दानदाताओं की कमी नहीं है। दानदाताओं के सहयोग से ही चिकित्सालय का जीर्णोद्धार संभव हुआ है। पिछले लगभग डेढ़ माह में दानदाताओं ने दिल खोलकर चिकित्सालय को अनेक प्रकार की वस्तुएं दान की है। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉ भारत भूषण ने कहा कि हमने इस प्रकार की कल्पना नहीं की थी। परंतु दानवीरों ने चिकित्सालय का उद्धार करने के लिए तन मन धन से सहयोग किया है। जिसके लिए हम आप सब के आभारी हैं। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी एवं प्रभारी डॉक्टर नीरज सुखीजा, डॉ भारत भूषण, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सुरेंद्र पारीक, सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर स्वाति तनेजा, आईसीटीसी काउंसलर तारादेवी, एनसीडी काउंसलर दीपक शर्मा, पीतांबर गौड़, कल्पना गौड़, अक्षी गौड़, बलदेव राज तनेजा, कांता तनेजा, रामेश्वर तिवारी, तारा देवी आदि उपस्थित रहे।

श्रीगंगानगर में सड़क हादसों में दो व्यक्तियों की मौत

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर में जवाहरनगर और लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र में दो सड़क हादसों में दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई।लालगढ़ जाटान थाना पुलिस के मुताबिक कल सोमवार देर शाम को गांव बुधरांवाली के बस अड्डा के समीप मोटरसाइकिल पर सवार अधेड़ उम्र का एक व्यक्ति अचानक सामने कोई पशु आ जाने से टकरा गया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। आपातकाल सेवा 108 की एंबुलेंस से उसे श्रीगंगानगर जिला अस्पताल लाया जा रहा था कि वह रास्ते में दम तोड़ गया। मृतक की पहचान पंजाब के निकटवर्ती अबोहर उपमंडल के गांव कुलार निवासी बिरमा मेघवाल (50) के रूप में हुई है।वह अपने गांव से पदमपुर के निकट सांवतसर में अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। आज पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को दे दी गई।उसके एक परिजन द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है। इस बीच जवाहरनगर थाना पुलिस ने बताया कि कालूवाला के नजदीक चक 4 एलएनपी की रोड पर 16 जून की शाम को एक मोटरसाइकिल का एक्सीडेंट हो गया। मोटरसाइकिल पर स्थानीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी प्रेमनाथ रविदासिया और राजेश ग्रोवर सवार थे। प्रेमनाथ के सिर में गंभीर चोट लगी जबकि राजेश ग्रोवर भी घायल हुआ है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।प्रेमनाथ की बाद में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उसकी बेटी बलजीतकौर (31) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर एक्सीडेंट का मुकदमा दर्ज किया गया है। बलजीतकौर ने बताया कि दुर्घटना के समय मोटरसाइकिल को राजेश ग्रोवर चल रहा था।उसकी लापरवाही से यह एक्सीडेंट हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को दे दी।पुलिस ने कहा कि एक्सीडेंट की जांच की जा रही है।

घडसाना में होटल के आगे शराब का अवैध ठेका, पुलिस ने मारा छापा

भारी मात्रा में अवैध देशी और अंग्रेजी शराब समेत एक गिरफ्तार

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

अनूपगढ़ जिले में नई मंडी घड़साना थाना पुलिस ने कल देर रात को एक होटल के आगे काउंटर तथा फ्रिज लगाकर अवैध रूप से चलाए जा रहे देसी व अंग्रेजी शराब के ठेके पर छापा मारा।इस कार्यवाही में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि कल देर रात को टेलीफोन पर सूचना मिली की होटल खाना खजाना के सामने काउंटर पर शुभकरण नामक व्यक्ति आने जाने वाली गाड़ियों तथा राहगीरों को अवैध रूप से शराब बेच रहा है। इस सूचना पर एएसआई भोलूराम, सिपाही शंकरलाल, पूनमचंद तथा ड्राइवर कांस्टेबल अर्जुनलाल को साथ लेकर भारतमाला प्रोजेक्ट मार्ग पर स्थित होटल खाना खजाना पर पहुंचा। पुलिस के अनुसार होटल के आगे शुभकरण नामक व्यक्ति ने काउंटर तथा फ्रिज लगा रखा था, जिसमें भारी मात्रा में अवैध देसी तथा अंग्रेजी शराब बरामद हुई।शुभकरण खटीक (48) निवासी वार्ड नंबर 16 ओम कॉलोनी घडसाना को हिरासत में ले लिया गया। उसके यहां से आईबी के तीन हाफ,एक बोतल मैकडॉवेल, सात पव्वे तथा 11 हाफ,ऑल सीजन के 15 पव्वे,तीन हाफ व दो बोतले, मैजिक मोमेंट के 10 पव्वे,चार हाफ और दो बोतलें, रॉयल स्टैग के 7 पव्वे, 11 हाफ व दो बोतलें, रॉयल चैलेंज के 8 पव्वे,6 हाफ एक बोतल, ग्रीन लेवल के 14 पव्वे,पांच हाफ व दो बोतलें, एपिसोड के 5 पव्वे,10 हाफ,4 बोतलें, व्हाइटलेस वोडका के 56 पव्वे ,एक पेटी शराब लाल ढक्कन 48 पव्वे, किंगफिशर बीयर बोतल 54 और किंगफिशर बीयर कैन 37 बरामद हुए हैं। शुभकरण के पास देसी और अंग्रेजी शराब रखने का कोई परमिट अथवा लाइसेंस नहीं मिला। उस पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके अलावा अनूपगढ़ जिले में समेजा कोठी थाना पुलिस ने रविंद्रसिंह राय सिख निवासी चक 2 एलपीएम को 2 लीटर हथकढ शराब सहित गिरफ्तार किया। मुकलावा पुलिस ने चक 14 टीके के बस अड्डे पर कल शाम को छापा मारा, जहां ओमप्रकाश नायक निवासी चक 14 टीके 48 पव्वे देसी शराब छोड़कर भाग गया। इसी प्रकार अनूपगढ़ में पुलिस ने रोडवेज बस डिपो के समीप मनोज कुमार ओड (40) निवासी वार्ड नंबर 7 प्रेम नगर को अवैध रूप से देसी शराब बेचते हुए पकड़ा।उसके कब्जे से 48 पव्वे शराब बरामद हुई। श्रीविजयनगर में पुलिस ने हरिपुरा रोड पर गौशाला के पास कल रात को कालूराम निवासी वार्ड नंबर 16 को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह अवैध शराब छोड़कर भाग गया। मौके पर पुलिस को हीर रांझा देसी शराब के 31 पव्वे मिले।

विभिन्न मांगों को लेकर किया एसडीएम कार्यालय का घेराव

भादरा। अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी भादरा के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फ़सल बीमा क्लेम, बिजली कटौती पेयजल किल्लत सहित विभिन्न मांगों को लेकर उपखण्ड कार्यालय भादरा का पूर्व विधायक बलवान पूनिया के नेतृत्व में हजारों की संख्या में किसानो ने घेराव किया। इस से पहले सुबह से गांव गांव से किसानों के जत्थे किसान भवन भादरा पहुंचने शुरू हो गये वहां से सभी किसान इकठ्ठा होकर किसान सभा के बेनर झंडे लेकर किसान सभा जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक बलवान पूनिया के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए उपखण्ड कार्यालय भादरा पर पहुंचे एवं उपखण्ड कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी शुरू कर दी एवं किसान वहीं उपखण्ड के जम के बैठ गये। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक बलवान पूनिया ने कहा कि फ़सल बीमा क्लेम किसान हक़ बीमा कम्पनी को बकाया फ़सल बीमा क्लेम जल्द भुगतान करना पड़ेगा जब किसान फसल बीमा क्लेम खाते में नहीं आयेंगा तब तक किसान सभा किसानों के आंदोलनरत रहेगी सभा को जिला महामंत्री पंचायत समिति सदस्य मंगेज चौधरी ने सम्बोधित करते हुए कहा की पुरे हनुमानगढ़ जिले का किसान आज डबल इंजन सरकार से दुखी हैं आगामी 1जुलाई को नोहर उपखण्ड कार्यालय का अखिल भारतीय किसान सभा घेराव करेगी। सभा को तहसील अध्यक्ष बिनोद धुआं, तहसील सचिव रोहतास सोलंकी, माकपा सचिव जेपी ढाका, उप प्रधान बलवान फगेडिया, पंचायत समिति सदस्य सुरजीत बिजारणियां, जोन प्रभारी पारस डुडी, शेर सिंह गोस्वामी, एसएफआई राज्य उपाध्यक्ष महेंद्र शर्मा, अजय ढिल आदि ने सभा को संबोधित किया। सभा के बिच उपखण्ड अधिकारी का किसानों का वार्ता का निमंत्रण आया इसके पश्चात अखिल भारतीय किसान सभा का प्रतिनिधित्व मण्डल किसान सभा जिला सचिव मंगेज चौधरी, तहसील अध्यक्ष बिनोद धुआं, तहसील सचिव रोहतास सोलंकी, पंचायत समिति सदस्य सुरजीत बिजारणियां, माकपा सचिव जेपी ढाका, उप प्रधान बलवान फगेडिया, पारस डुडी, राकेश थालोड़, विधानसभा प्रभारी बलवान सिहाग, कुलदीप भांभू आदि के नेतृत्व में उपखण्ड कार्यालय में उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में वार्ता बिन्दु बार शुरू हुई वार्ता फ़सल बीमा क्लेम पर बीमा कंपनी एवं कृषि विभाग ने बताया 20-21 रबी की बकाया 2226 पॉलिसीयो का क्लेम जल्द जारी कर दिया जाएगा खरीफ 2022 रबी 2022-23 का बकाया बीमा क्लेम एक माह पन्द्रह दिनों के अन्दर किसानों के खातों में डाल दिया जाएगा, जिन किसानों की बीमा पॉलिसीया रिएक्ट है वो किसान उपखण्ड अधिकारी भादरा को एप्लीकेशन देकर अवगत करवाये बिजली कटौती पर बिजली विभाग ने आश्वासन दिया है कि पांच से दस दिनों के अन्दर जिन पंचायतो में कम वोल्टेज एवं ओवरलोड की दिक्कत है वहां नये ट्रांसफार्मर लगवा दिए जायेगे पेयजल विभाग ने पेयजल किल्लत दो चार दिनों में समाधान करने का आश्वासन दिया है। जल जिवन मिशन के धिमे पड़ें कार्य तेज गति इसी माह से चालू हो जाएंगे, मनरेगा में मेटो को रोटेशन परनाली से लगाना सुनिश्चित किया जायेगा, कानून व्यवस्था पर पुलिस विभाग ने बताया कि बढ रही चोरीयो एवं नशें पर अंकुश लगाने के लिए गस्त बढाई जायेगी एवं सी सी टीवी कैमरों की मुख्य स्थानों पर संख्या बढ़ाई जायेगी। सभा के अंत में पूर्व विधायक बलवान ने एलान किया अगर समय रहते इन मांगों पर प्रशासन ने गोर नहीं किया तो आगामी 31 जुलाई को भादरा विधानसभा क्षेत्र का किसान उपखण्ड कार्यालय भादरा का फिर घेराव करेगा।

निर्जला ग्यारस और एकादशी पर लगातार दो दिन छबील

श्रीगंगानगर। निर्जला ग्यारस और निर्जला एकादशी पर लगातार दो दिन स्थानीय नई धान मंडी में स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर में ठंडे-मीठे शीतल जल की छबील का आयोजन किया गया। मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य बंशीधर जनरल ने बताया कि सोमवार और मंगलवार को लगातार दो दिन इन पर्वों के उपलक्ष में लगाई गई छबील में मंदिर प्रबंध समिति के रामगोपाल पांडूसरिया, श्रीकृष्ण मिस्त्री, राजेश अग्रवाल,अरविंद पांडे पाठक और कमलकांत कोचर का विशेष सहयोग रहा। दोनों दिन बड़ी संख्या में आते-जाते लोगों ने छबील पर ठंडे-मीठे और शीतल जल को ग्रहण किया। गर्मी तथा उमस से कुछ राहत महसूस की।

निर्जला एकादशी पर बच्चों ने लगाई छबील

हनुमानगढ़। निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में टाउन की नई आबादी वार्ड न 29 गली न. 18 के छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी व वार्डवासियो के सहयोग से मीठे पानी की छबील लगाई। इस भीषण गर्मी में मीठे पानी की आने वाले राहगीरों के लिए छबील कारगर साबित हुई। इस मौके पर निखिल कुमार, दीपक कालड़ा, कौशल शर्मा, दिव्या, मन्नत अरोड़ा, वैष्णवी अरोड़ा, नमन सोनी, उर्वी, आयन, गर्व अग्रवाल, अंजलि, खुशी, हिमांशी आदि बच्चों ने छबील में सहयोग किया।

जमीन के कब्जे को लेकर झगड़ा, एक दर्जन लोग गिरफ्तार

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र में चक 13 एसडीएस की रोही में विवादित कृषि भूमि पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों में कल देर शाम को टकराव हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने लगभग एक दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। इनमें से तीन के पास अवैध हथियार बरामद हुए हैं। इस संबंध में पुलिस ने जहां झगड़े का मामला दर्ज किया है। वहीं अवैध हथियार बरामद होने के मामले भी दर्ज किए हैं। 6 व्यक्तियों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पप्पू पुत्र वकील चंद निवासी सुरेशिया थाना हनुमानगढ़ जंक्शन हाल चक 13 एसडीएस द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर नारायण पुत्र रामेश्वरराम, दयाल और पांच-सात अन्य व्यक्तियों पर हथियारों से लैस होकर तथा खेत में जाकर उसके बेटों से मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। उक्त आरोपी हनुमानगढ़ जंक्शन के समय पर सतीपुरा के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि मौके पर पकड़े गए व्यक्तियों में लखबीरसिंह पुत्र दलबीर सिंह निवासी बड़ोपल जिला सिरसा (हरियाणा) के कब्जे से एक तेज धार वाला गंडासा बरामद हुआ। उस पर आर्म्स एक्ट के तहत अलग मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके अलावा सूर्यदेव पुत्र महेंद्र सिंह निवासी उज्जलवास ।जिला हनुमानगढ़, सोनू पुत्र राजपाल,राहुल पुत्र इंद्रपाल, संजय पुत्र सिंहराज निवासी शेरपुरा, अजय पुत्र रुणसिंह निवासी चमारखेड़ा जिला हिसार और अनिल पुत्र धूपसिंह निवासी बनगांव जिला फतेहाबाद (हरियाणा) को धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया गया है।पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो और व्यक्ति भी मौके पर पकड़े गए, जिनके पास तेजधार वाले हथियार मिले। उन पर आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग मुकदमे दर्ज करने की कार्यवाही चल रही है।

श्रीगंगानगर में 13 वर्षीय बालिका ने आत्महत्या की

श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर में सदर थाना अंतर्गत चक 17-एमएल पठानवाला में 13 वर्ष की एक बालिका ने घर में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।पुलिस के अनुसार विगत 16 जून की शाम को यह बालिका पूनम घर में अकेली थी। तभी उसने घर के कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया।अचानक ही परिवार का एक सदस्य घर आ गया, जिसने पूनम को फंदे पर लटके हुए देखा। पूनम ने तब फंदा लगाया ही था। परिवार के इस सदस्य ने पड़ोस के लोगों को बुलाया और तुरंत ही रीको उद्योग विहार में ही एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। पुलिस के अनुसार उनकी 16-17 जून की रात को ही मृत्यु हो गई। कल सोमवार को उसके पिता नवीन कुमार द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई। तत्पश्चात पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस ने बताया कि नवीन का परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश में इटावा जिले का निवासी है। वह अपने परिवार के साथ रीको उद्योग विहार में प्राइवेट शिक्षण संस्थान में मजदूरी करता है। वह परिवार सहित पास में पठानवाला में रहता है। पूनम ने आत्महत्या किन कारणों से की, अभी इसका खुलासा नहीं हुआ। पोस्टमार्टम होने के बाद परिवार वाले अंतिम संस्कार के लिए शव को पैतृक गांव उत्तर प्रदेश ले गए हैं। पुलिस ने कहा कि परिवार वालों के वापस आने पर पूछताछ की जाएगी।

झाड़ियों में बुजुर्ग की लाश मिली

श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर में कोतवाली थाना इलाके में जस्सासिंह मार्ग पर ब्लॉसम एकेडमी के पीछे खाली स्थान पर झाड़ियों में एक बुजुर्ग व्यक्ति की लाश मिली है।पुलिस के अनुसार लगभग 55 वर्षीय यह व्यक्ति दो दिन पूर्व ब्लॉसम एकेडमी के पीछे झाड़ियों में मृत हालत में पड़ा दिखाई दिया। सूचना मिलने पर सेतिया कॉलोनी पुलिस चौकी ने मौका पर जाकर कार्यवाही की। लाश को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया। बकौल पुलिस काफी प्रयास करने पर भी मृतक की पहचान नहीं हुई। उसके पहले कपड़े सुरक्षित रख लिए गए हैं। कल सोमवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसका लावारिस के रूप में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

चेन्नई में मिली नीट की तैयारी कर रही लापता कोचिंग छात्रा

एक सप्ताह पहले कोचिंग के लिए निकली थी, ट्रेन में बैठ मुंबई होते हुए चेन्नई चली गई

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

कोटा शहर में रहकर नीट की तैयारी कर रही 15 वर्षीय गुमशुदा नाबालिग छात्रा को श थाना महावीर नगर व मानव तस्करी विरोधी यूनिट द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए चेन्नई के परियामेठ कस्बे से रेस्क्यू कर लिया है। करीब 1 सप्ताह पहले कोचिंग के लिए निकली नाबालिग संपर्क क्रांति ट्रेन से मुंबई होते हुए चेन्नई पहुंच गई थी। कोटा की एसपी अमृता दुहन ने बताया कि 10 जून की सुबह 7 बजे शहर के एक हॉस्टल में रह रही 15 वर्षीय नाबालिग एलेन कोचिंग जाने के लिए निकली थी। वापस नहीं आने पर अगले दिन थाना महावीर नगर पर परिवादी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए नाबालिग की तलाश के लिए एसपी दुहन द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियति शर्मा के निर्देशन एवं एसएचओ महेंद्र कुमार मारू व मानव तस्करी विरोधी यूनिट की प्रभारी शिमला देवी गुर्जर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। विशेष टीम द्वारा परिवादी एवं बालिका के परिजनों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर तकनीकी पुलिसिंग एवं मुखबिरों से प्राप्त आसूचना के आधार पर बालिका की तलाश शुरू की।जांच में सामने आया की नाबालिग बालिका 10 जून की सुबह हॉस्टल से निकलकर इंस्टिट्यूट जाने की बजाय कोटा जंक्शन गई। वहां से संपर्क क्रांति ट्रेन से सूरत चली गई। इस सूचना पर विशेष टीम परिजनों को साथ लेकर सूरत पहुंची। जहां तलाश के दौरान मुंबई पहुंचने की जानकारी प्राप्त हुई। तलाश करती हुई टीम मुंबई पहुंची तो तकनीकी सहायता से पता चला कि 11 जून की रात में ही नाबालिग मुंबई से ट्रेन द्वारा चेन्नई की तरफ गई है। विशेष टीम द्वारा 14 जून को चेन्नई स्थित परियामेठ कस्बे से बालिका को रेस्क्यू किया। वापस कोटा लाकर बालिका से लगातार काउंसलिंग की गई। जिसे बाल कल्याण समिति के संबंध पेश कर बालिका गृह में दाखिल करवाया गया। मामले में नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।बच्ची को दस्तयाब कर परिजनों की खोई हुई मुस्कान लौटने का सराहनीय कार्य करने वाली टीम में थाना महावीर नगर से एसएचओ महेंद्र कुमार मारू व कांस्टेबल राम सिंह, एएचटीयू से प्रभारी शिमला देवी गुर्जर, हैड कांस्टेबल केशव सिंह एवं कांस्टेबल दिनेश शामिल थे। इसमें कांस्टेबल दिनेश की विशेष भूमिका रही है।

विधायक विनोद गोठवाल से ग्रामीणों की गुहार

» डबलीराठान में पुलिस थाना, नगरपालिका की दरकार, » राबाउमावि में विधायक द्वारा जर्जर भवन में से छ में से चार कक्ष कक्षाओं के निर्माण करवाने की घोषणा पर किया अमल

तेज. रिपोर्टर | डबलीराठान

जिले का सबसे बड़ा गांव कई समस्याओं से जूझ रहा है। गांव के विभिन्न संगठन के पदाधिकारी पीलीबंगा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद गोठवाल से उनके निवास स्थान पर मिले ओर उन्हें कस्बे की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया गया। विधायक को ग्रामीणों ने बताया कि कस्बे का राबाउमावि कक्षा कक्षाओं की कमी से जूझ रहा है क्षेत्र का एक मात्र बालिका स्कूल होने से इसमें सुधार की जरुरत है। विधायक गोठवाल ने ग्रामीणों की बातें सुनकर कहा कि शिक्षा , पेयजल एवं बिजली, परिवहन आदि समस्याओं के लिए बजट की कोई कमी नहीं रहेगी। विधायक गोठवाल ने कहा कि बेटियां अनमोल है 'बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ' के तहत बालिका शिक्षा के लिए राशि खर्च करने में कोई कंजूसी नहीं बरती जायेगी। ज्ञात रहे कि जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत मौलवी वास के राबाउमावि के लगभग चार दशकों पुराने भवन के जर्जर हालत कक्षा कक्षाओं में से एक कमरे की छत 7-8 वर्ष पूर्व अवकाश के दिन ढह गई थी तो दूसरे कमरे के बरामदे की छत भी छ माह पूर्व अवकाश के दिन ढह जाने पर कोई हादसा तो नहीं हुआ, लेकिन खतरे के मिले संदेश से प्रिसिंपल संतोष सीवर, वाइस प्रिसिंपल प्रेम चोपड़ा सचेत हुए ओर विभाग को सूचित किया गया। विभागीय कारवाई के बाद जर्जर भवन को गिरा दिया गया था। लगभग चार सौ बालिकाओं के समक्ष नए शिक्षा सत्र (जुलाई) मे अध्ययन के लिए सकंट खड़ा हो जायेगा।

विधायक ने खोला दिल दिया खजाना- रेलवे विकास समिति के संयोजक लेखराज गिरधर,महासचिव जगजीत सिंह समुल,कल्याण भूमि सेवा समिति अध्यक्ष बलदेव राज रजूला , समाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र गुम्बर, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता ओम भादू, विधायक विनोद गोठवाल से पीलीबंगा में उनके निवास स्थान पर मिले ओर विद्यालय विकास समिति सदस्य सुरेंद्र बंटी सोनी एवं अमर सिंह सेवटा के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन देते हुए राबाउमावि की पूरी स्तिथि से अवगत करवाया तो उन्होने छ कमरो में से चार कक्षा कक्षाओं के निर्माण की घोषणा कर दो कमरों के बजट की अनुषंशा कर दी एवं शेष दो कमरे भी इसी सत्र से एवं दो कमरे अगले बजट से निर्माण करवाए जाने के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा कस्बे में पुलिस थाना खोलने, रेलवे स्टेशन के समीप स्तिथ श्मशान भूमि में प्रवेश के लिए रेलवे लाइनों को पार करने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं होने पर दिनों दिन बढ़ती जा रही परेशानियों को दूर करवाने, राज्य सरकार द्वारा पंचायतों के परसिमन की घोषणा को देखते हुए कस्बे को नगरपालिका का दर्जा देने, शहीद चमकौर सिंह राउमावि एवं महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा कक्षाओं की कमी को भी दूर करवाने, कुतुबवास बस अड्डा से मंडी समिति की लगभग दो दशक पूर्व बनी जर्जर हुई सीसी रोड़ जो मोलवी वास क्षेत्र से गुजर अनाज मंडी तक जाती है का पुनर्निर्माण, नुरपुरा पीबीएन आदि चको एवं ढाणियों से फोरलेन तक जोड़ने वाली जर्जर सड़क का भी पुनर्निर्माण किए जाने पर जोर दिया गया। इसी के साथ अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गई। इस पर विधायक द्वारा आश्वासन दिया गया कि एक एक कर समस्या का हल करवा दिया जायेगा।

निर्जला एकादशी पर छबील लगा तर किए हलक

» भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया ठंडी लस्सी का वितरण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में मंगलवार को मानव सेवा महासंघ सदस्यों की ओर से जंक्शन में डॉ. ज्ञानसिंह शेखावत हॉस्पिटल के सामने मीठे पानी की छबील लगाई गई। राहगीरों को मनुहार कर ठंडा-मीठा पानी पिलाया गया। मानव सेवा महासंघ के रवि मेघवाल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी गर्मी को देखते हुए राहगीरों को मीठा पानी पिलाया जाएगा। यह सेवा अगले करीब एक सप्ताह तक जारी रहेगी। छबील में समीर शेखावत, राजू मेघवाल, राजेंद्र सोनी, सुखवीर सिंह, बबिता, अनिल आदि ने सेवाएं दी। उधर, जंक्शन के वार्ड 17 में ओवरब्रिज के नीचे वार्डवासियों की ओर से मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा-मीठा पानी पिलाकर उनके हलक तर किए गए। छबील में मनोज वर्मा, राकेश जांगिड़, आजाद जांगिड़, अजय शर्मा, सुमित, गौतम, विवेक जांगिड़, सुरेश जांगिड़ सहित अन्य वार्डवासियों ने राहगीरों को मीठा पानी पिलाने की सेवा की। वहीं निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में मंगलवार को जंक्शन में गुरुद्वारा गली के दुकानदारों की ओर से ठंडे-मीठे जल की छबील लगाई गई। छबील में गुरुद्वारा गली के प्रधान सुभाष नारंग, जगदीश मिड्ढा, सुभाष बाबा, मुरारीलाल, योगी सहित अन्य दुकानदारों ने सुबह से शाम तक राहगीरों को ठंडा-मीठा जल पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई। निर्जला एकादशी के मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से जंक्शन के मुख्य बाजार में रेलवे स्टेशन रोड पर ठंडे पानी व ठंडी लस्सी की छबील लगाई गई। कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को ठंडा पानी व लस्सी पिलाकर गर्मी से निजात दिलाई। वार्ड पार्षद हिमांशु महर्षि के अनुसार हर साल की भांति इस बार भी छबील लगाकर राहगीरों को प्रचण्ड गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया गया है। इस मौके पर हरीश सहू, गोपाल शर्मा, गजानन्द शर्मा, नरेश पुरोहित, महेन्द्र तंवर, विजय बिस्सा, दशरथ राठौड़, धीरज जोशी, हरीश व्यास, मनोज मोदी, विजय शोभराज, बबलू तंवर आदि मौजूद थे। शाक्य महासभा संस्था की ओर से ठंडे-मीठे जल की छबील लगाई गई।

छबील में संस्था जिलाध्यक्ष रविंद्र शाक्य, शिपु शाक्य, अमरजीत शाक्य, मुकेश शाक्य, रामलाल शाक्य, पालाराम, मदन शाक्य, श्याम सुंदर शाक्य, हर्ष शाक्य, हैप्पी शाक्य, अमित शाक्य, नवीन शाक्य, मोहन सिंह, गोल्डी, हरमन, महावीर, पिंटू आदि मौजूद थे।

ठंडे मीठे जल की छबील लगाई

हनुमानगढ़। निर्जला एकादशी के पवन पर्व पर मंगलवार युवा वेलफेयर फाउंडेशन एवं सामाजिक समरसता मंच द्वारा ठंडे मीठे शरबत की छबील लगाई गई। जंक्शन अरोड़वंश धर्मशाला के समीप लगाई गई छबील पर मंच सदस्यों द्वारा राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। इस दौरान विक्रम रामगढ़िया, सतगुरपाल बंगा, विजय भाट, रामप्रताप भाट, लखविंदर सिंह, राकेश भाट, सतनाम सिंह, विजय टाक,रामकुमार वर्मा, अजय गौड़, प्रिंस, नरेंद्र, मोहित, करण आदि मौजूद थे।

आमजन के लिए लगाई तरबूज की छबील

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

तपती गर्मी में आमजन को राहत देने के उद्देश्य से निर्जला एकादशी के मौके पर भटनेर किंग्स क्लब सदस्यों की ओर से जंक्शन के शहीद भगतसिंह चौक के नजदीक तरबूज की छबील लगाई गई। छबील की शुरुआत भटनेर क्लब संरक्षक आशीष विजय, अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल, प्रवक्ता रोहित अग्रवाल ने की। अध्यक्ष कुलभूषण जिन्दल ने कहा कि क्लब जरूरतमंदों की सेवा व सहयोग के लिए कर्तव्यबद्ध है। उन्होंने बताया कि पिछले 26 दिनों से लगातार शहीद भगतसिंह चौक पर भटनेर किंग्स क्लब की ओर से अस्थाई प्याऊ स्थापित की गई है। आमजन उक्त प्याऊ का लाभ ले रहे हैं। प्याऊ की देखरेख क्लब सदस्य अजय असीजा, विनोद चोटिया व राकेश मल्होत्रा की ओर से की जा रही है। प्याऊ से नियमित रूप से लगभग 500 लीटर पानी की खपत हो रही है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को निर्जला एकादशी पर पानी के साथ-साथ तरबूज की छबील लगाकर तपती गर्मी में राहगीरों को राहत देने की कोशिश की गई है। क्लब संरक्षक आशीष विजय ने कहा कि शहीद भगतसिंह चौक शहर का हृदय स्थल है। यहां से रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर यात्री आते-जाते हैं। यात्रियों को तपती गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आमजन को तपती गर्मी में पानी के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े इसी लिए यहां प्याऊ स्थापित की गई है।

पिलाया शरबत, गौवंश के लिए हरे चारे की व्यवस्था

हनुमानगढ़। टाउन की नई धान मंडी के ब्लॉक ए में व्यापार मंडल संस्था के सदस्य व्यापारियों ने मंगलवार को निर्जला एकादशी के मौके पर ठंडे-मीठे शरबत की छबील लगाई। इसके अलावा निराश्रित गोवंश के लिए हरे चारे से भरी एक ट्रॉली कोहला फार्म में भेजी। छबील में राहगीरों के अलावा व्यापारियों, किसानों व मजदूरों ने ठंडा-मीठा शरबत पीकर हलक तर किए। इस मौके पर व्यापार मंडल संस्था अध्यक्ष घनश्याम भादू, सचिव संजय जैन, उपाध्यक्ष सुरेंद्र फतेहगढ़िया, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश मोदी, सहसचिव राकेश डाल, वेद प्रकाश घोटिया, मोहित जैन, संजय बिश्नोई, जेपी गोदारा, भगवाना राम किरोड़ीवाल, श्रीभगवान किरोड़ीवाल, गिरधारी लाल, भीम देग, सुखचैन सिंह, राधेश्याम काजला, अनिल राहड़, कमल जैन, लीलाधर धारणिया आदि मौजूद रहे।

पटवारी पर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

» घर में घुसकर बेसबॉल डंडे से किए थे वार

तेज रिपोर्टर.हनुमानगढ़। सहायक अभियंता सर्वे एवं अन्वेषण उपखण्ड चतुर्थ कार्यालय में पटवारी के पद पर कार्यरत युवक पर बेसबॉल के डंडे से हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए जंक्शन थाना पुलिस ने मंगलवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में 11 दिन पहले मुकदमा दर्ज हुआ था। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल शंकरदयाल ने बताया कि मृगेन्द्र पाल सिंह (31) पुत्र सुरेन्द्र पाल राजपूत निवासी वार्ड 50, आरसीजेपी कॉलोनी, कैनाल कॉलोनी, जंक्शन ने सात जून को लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत कर बताया था कि वह सहायक अभियंता सर्वे एवं अन्वेषण उपखण्ड चतुर्थ में पटवारी के पद पर कार्यरत है। सात जून को सुबह करीब 7 बजे वह अपने मकान में था। उसी दौरान गोविन्द शर्मा पुत्र अशोक शर्मा निवासी सेंट्रल जेल के पीछे वाली गली, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जंक्शन बेसबॉल डंडा लेकर उसके मकान में घुसा एवं जानलेवा हमला कर दिया। बेसबॉल डंडे से वार कर सिर एवं पैर पर गंभीर चोट मारी। गोविन्द शर्मा उसे जान से मारने की कोशिश करने लगा तो शोर सुनकर उसका जानकार कार्तिक निवासी भट्ठा कॉलोनी आ गया जिसने बीच-बचाव कर उसे छुड़ाया। इस पर गोविन्द शर्मा भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। जांच अधिकारी के अनुसार अभियोग दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। तफ्तीश के दौरान आरोप प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी गोविन्द शर्मा (32) पुत्र अशोक कुमार निवासी पुरानी चौकी के पास सुरेशिया, हाल सेंट्रल जेल के पीछे, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जंक्शन को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त बेसबॉल डंडे की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

हनुमानगढ़। टाउन थाना पुलिस ने अवैध देसी कट्टा (पिस्तौल) लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पकड़ा गया युवक मूलतः हरियाणा के भिवानी जिले का निवासी है जो करीब एक माह से टाउन में अपने ससुराल में रहकर लुहार का कार्य करता है। साथ ही मशीनें आदि रिपेयर करता है। जानकारी के अनुसार टाउन पुलिस थाना के एएसआई शम्भूदयाल स्वामी के नेतृत्व में गठित टीम सोमवार देर शाम को गश्त कर रही थी। गश्त करते हुए पुलिस टीम बाइपास रोड पर दशहरा ग्राउंड के नजदीक वार्ड 43 में पहुंची तो वहां एक युवक संदिग्धावस्था में घूमता मिला। पुलिस को आते देखकर युवक ने भागने का प्रयास किया। शक होने पर पुलिस जवानों ने युवक को काबू कर तलाशी ली तो उसके पास देसी कट्टा मिला। पुलिस ने देसी कट्टा बरामद कर मौके से अजय कुमार उर्फ भोला (27) पुत्र सीताराम निवासी भिवानी हरियाणा हाल वार्ड 27, टाउन को गिरफ्तार कर लिया। मुकदमे की जांच एसआई रचना कर रही हैं। पुलिस टीम में एएसआई शम्भूदयाल स्वामी, हैड कांस्टेबल मनीष बिश्नोई, कांस्टेबल गंगाबिशन, मानसिंह व सेठू शामिल थे।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

हनुमानगढ़। फेफाना थाना क्षेत्र के गांव गुडिया के पास पिकअप की टक्कर से बाइक सवार प्रौढ़ गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर कर दिया। घायल प्रौढ़ के पुत्र की ओर से फेफाना पुलिस थाना में पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार बिट्टू (20) पुत्र सुभाष धानक निवासी वार्ड 20, फेफाना ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसके पिता सुभाष सोमवार सुबह करीब 11 बजे घर से बाइक नम्बर आरजे 49 एसएच 2467 पर सवार होकर गुडिया रोड पर स्थित उसकी मामा की लड़की के घर जा रहे थे। गुडिया नहर के पास पहुंचे तो नोहर की तरफ से आ रही पिकअप नम्बर एचआर 73-7803 के चालक ने वाहन को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। इस बात का पता चलने पर वह, राजेन्द्र, संतलाल और बुधराम मौके पर पहुंचे और उसके पिता को घायलावस्था में एम्बुलेंस 108 से नोहर के सरकारी चिकित्सालय पहुंचाया। हालत ज्यादा खराब होने पर चिकित्सकों ने उसके पिता को हनुमानगढ़ के राजकीय जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान हैड कांस्टेबल रामप्रताप के सुपुर्द किया है।

घर के बाहर से बाइक चोरी

हनुमानगढ़। जंक्शन के वार्ड एक में देर शाम को घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। बाइक मालिक की ओर से जंक्शन पुलिस थाना में अज्ञात जने के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार अमनदीप सोनी (36) पुत्र किशन सोनी निवासी वार्ड 14, मकान नम्बर 1, जीजीएस स्कूल वाली गली, जंक्शन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसने तीन जून को अपनी बाइक नम्बर आरजे 31 एसई 5963 शाम करीब 7.30 बजे घर के बाहर खड़ी की थी। जब वह करीब 8.30 बजे किसी काम से घर से बाहर आया तो बाइक वहां नहीं थी। आस-पास में काफी पूछताछ की, परन्तु किसी ने उसकी बाइक को नहीं देखा। कोई अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी कर ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तफ्तीश हैड कांस्टेबल शेरसिंह कर रहे हैं।

जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीण पीएचसी में किया मरीजों का इलाज

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

चिकित्सा संस्थानों में मंगलवार को भी प्रशासनिक पद सम्भाल रहे जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीण पीएचसी पर मरीजों का उपचार किया। इस दौरान सभी अधिकारियों से पीएचसी का निरीक्षण किया एवं स्टाफ को दिशा-निर्देश प्रदान किए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि चिकित्सा विभाग के जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने मंगलवार को भी ग्रामीण पीएचसी पर जाकर मरीजों को चिकित्सकीय लाभ दिया। उन्होंने बताया कि आरसीएचओ डॉ. विक्रमसिंह ने मंगलवार 18 जून को पीएचसी दीनगढ़ में मरीजों को चिकित्सकीय लाभ दिया। इसी तरह, एसीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा ने पीएचसी नौरंगदेसर, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सुनील विद्यार्थी ने पीएचसी मक्कासर, पीलीबंगा बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा ने कैनाल कॉलोनी, संगरिया बीसीएमओ डॉ. रवि खीचड़ ने पीएचसी मालारामपुरा, रावतसर बीसीएमओ डॉ. मनिन्द्र सिंह ने पीएचसी केलनिया तथा नोहर बीसीएमओ डॉ. प्रदीप कड़वासरा ने पीएचसी बिरकाली में मरीजों की जांच की। समस्त चिकित्सकों ने पीएचसी पर आने वाले मरीजों का उपचार कर जांच व दवाइयां वितरित की। इस दौरान अधिकारियों ने समस्त चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया एवं स्टाफ को व्यवस्थाएं, साफ-सफाई एवं सुधार हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बुधवार 19 जून को चिकित्सक देंगे सेवाएं

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि आरसीएचओ डॉ. विक्रम सिंह 19 जून को पीएचसी लखूवाली में सेवाएं देंगे। इसी तरह, डीपीसी डॉ. प्रीत मोहिन्दर सिंह पीएचसी दीनगढ़, एसीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा पीएचसी मुण्डा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सुनील विद्यार्थी पीएचसी डबलीबास मिढारोही, पीलीबंगा बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा पीएचसी धोलीपाल, संगरिया बीसीएमओ डॉ. रवि खीचड़ पीएचसी हरीपुरा, रावतसर बीसीएमओ डॉ. मनिन्द्र सिंह पीएचसी खोड़ा, तथा नोहर बीसीएमओ डॉ. प्रदीप कड़वासरा पीएचसी दीपलाना में सेवाएं देंगे।

क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए कलक्टर से मिले विधायक पूनिया

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

संगरिया विधानसभा क्षेत्र की समस्याओ के सम्बंध में मंगलवार विधायक अभिमन्यु पूनिया ने जनप्रतिनिधियों के साथ जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। वार्ता के दौरान अभिमन्यु पुनिया ने बताया कि वर्तमान में पड़ रही भयंकर गर्मी के दौर में संगरिया विधानसभा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जिससे आमजन परेशान है जिसका समाधान तुरन्त करवाया जाना आवश्यक है जिससे कि आमजन को राहत दिलाई जा सके। क्षेत्र में बढ़ रहे सफेद नशे एवं लूटपाट की घटनाओ में बढ़ोतरी है जिसे पर तुरन्त अंकुश लगाया जाना आवश्यक है। क्षेत्र में पेयजल की सुचारू व्यवस्था के लिए जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया जाना जरूरी है जिससे आमजन को पेयजल सुलभ रूप से मुहैया हो सके। पुनिया ने भाखड़ा नहर में पंजाब में आ रहे दुषित पानी का तुरंत समाधान करवाकर नहरों की सफाई करवाकर किसानों को पूरा पानी दिलवाने,बकाया विद्युत कृषि कनेक्शन को तुरंत जारी करवाकर किसानो को राहत दिलवाने,उपखंड संगरिया में वर्ष 2022 में तहसील ऑनलाइन होने के बाद बडी विवादित खातों की संख्या के कारण नामांतरण में आ रही परेशानीयो को दूर करने के लिएविवादित खातों का निस्तारण करवाने की मांग की। कलक्टर ने जल्द ही समस्याओं के निस्तारण करवाने का भरोसा दिलवाया।

मानव उत्थान सेवा समिति ने किया पौधारोपण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

मानव उत्थान सेवा समिति हनुमानगढ़ द्वारा निर्जला एकादशी पर हरित हनुमानगढ़ अभियान के तहत पौधारोपण किया। पौधारोपण की शुरूवात नगरपरिषद सभापति सुमित रणवां, पार्षद सुनील अमलानी, एक्सईएन कर्मचन्द अरोड़ा, स्वच्छता निरीक्षक जगदीश सिराव, जेईएन प्रेम दास सहित समस्त वार्डवासियों द्वारा नीम प्रजाति का पौधा लगाकर की गई। सभापति सुमित रणवां ने मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा निरन्तर पर्यावरण संरक्षण में किये जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि अध्यक्ष लादु सिंह भाटी के नेतृत्व में पूरी टीम हनुमानगढ़ में जगह जगह पौधारोपण तो कर रही है साथ ही उसकी सार सम्भाल भी कर रही है जो कि सराहनीय है। उन्होने कहा कि नगरपरिषद ने भी पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कदम उठाते हुए प्रत्येक निर्माण स्वीकृति के निर्माण करवाने वाले को दो पौधो लगाने होगे, जिससे कि पर्यावरण संरक्षण हो सके और आने वाली पीढ़ीया उसका लाभ ले सके। इस मौके पर मानव उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष लादु सिंह भाटी, पार्षद सुनील अमलानी, विनोद कंडा, रघुवीर सिंह मीणा, राजेन्द्र सिंह सैगर, रमेश कुमार भार्गव, हरीश चमोली, लादु सिंह भाटी, विपिन शर्मा, लोकराज शर्मा, बलवीर सिंह, विक्रम मान, अमनदीप सिंह, विजय प्रकाश, कौशल जोशी, सार्थक शर्मा, राकेश गिल्होत्रा, बलदेव सिंह, गोपीराम, देव शर्मा, श्रवण शर्मा, प्रकाश रामचन्दानी, नारायण दास व अन्य वार्डवासी मौजूद थे।

विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित, कलक्टर ने दिए निर्देश

» जिले को नशामुक्त बनाने के लिए बन रही कार्ययोजना

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार गौवंश के संरक्षण के लिए संकल्पित है। सरकार गौवंश के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पिछले मंगलवार को हुई जिला गोपालन समिति की बैठक में जिले की पात्र गौशालाओं को 31 करोड़ 79 लाख रुपए से अधिक राशि की सहायता/अनुदान दिया जाने का प्रस्ताव पास किया गया था। मंगलवार को हुई विभागीय समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर कानाराम ने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. हरीश गुप्ता को शीघ्र अनुदान खातों में डालने के निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, नगरपरिषद, पीएचईडी और सिंचाई विभाग सहित सभी विभागों के प्रगतिरत कार्यों और योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में पीडब्ल्यूडी को कॉलेज के कार्य को शीघ्र पूरा कर इसी सप्ताह हैंडओवर करने के निर्देश दिए। नशा मुक्ति के लिए आगामी दिनों में चलाए जाने वाले अभियान के लिए चिकित्सा विभाग को सौंपे गए प्रशिक्षण के कार्य के लिए 10 मास्टर ट्रेनर तैयार करने के निर्देश दिए। जिला स्तर के बाद ब्लॉक स्तर पर भी हेल्पडेस्क के कार्मिकों और प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने पीएचईडी विभाग के अधिकारियों को जल जीवन मिशन अंतर्गत समाहित आंगनबाड़ी और स्कूलों के इसी महीने सौ फीसदी कनेक्शन करने के निर्देश दिए। लक्ष्य से कम कनेक्शन करने वाले जेईएन/एईएन के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में विद्युत विभाग एसई रजीराम सहारण, सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, पीएचईडी एक्सईएन जितेंद्र झांब, डीईओ हंसराज जाजेवाल सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

एडीजे ने प्रसूति गृह का किया निरीक्षण

तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर की ओर से प्रेषित स्टेट एक्शन प्लान की पालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) शिवचरण मीना ने मंगलवार को टाउन स्थित महात्मा गांधी स्मृति राजकीय जिला चिकित्सालय के मैटरनिटी होम (प्रसूति गृह) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रसूति गृह की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। प्रसूति गृह के वार्डों में साफ-सफाई व्यवस्था, प्रसूता को मिलने वाली सुविधाओं और राज्य सरकार की ओर से प्रसूता के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं व उसकी पात्रता की जानकारी प्राप्त की।

दो व्यक्तियों की रेलगाड़ी से कटकर मौत, एक की शिनाख्त नहीं

हनुमानगढ़। जिले में बीते 24 घंटे के दौरान दो व्यक्तियों की रेलगाड़ी से कटने के कारण मृत्यु हो गई।इनमें से एक की पहचान हो गई है और दूसरे की शिनाख्त के प्रयास किया जा रहे हैं। हनुमानगढ़ जीआरपी के अनुसार कल देर शाम को हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात युवक रेलगाड़ी की चपेट में आ गया।रेलवे लाइन नंबर एक के रेलवे पोल नंबर 92/8 के पास रेल गाड़ी की चपेट में आया यह युवक लगभग 30 वर्ष का है।उसके बदन पर कोई कपड़ा नहीं था लेकिन घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर मेहरून कलर की एक पुरानी फटी हुई टी-शर्ट पड़ी हुई मिली, जिस पर सफेद और लाल रंग में के एआईआर लिखा हुआ है। लाल पट्टी पर काले रंग में जॉर्डन भी लिखा हुआ है। वही नीले रंग की जींस पैंट और काले रंग के स्पोर्ट्स जूते मृतक ने पहने हुए थे। उसके सिर के बाल काफी लंबे हैं। जीआरपी ने इस संबंध में रेलवे स्टेशन के उप अधीक्षक जगतनारायण चौधरी द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि अभी तक इस युवक की पहचान नहीं हुई है। उसकी लाश को हनुमानगढ़ टाउन सिविल अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखा हुआ है। इसके अलावा हनुमानगढ़ जंक्शन में ही रेलवे स्टेशन से कुछ दूर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जंक्शन थाना पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान गुरविंदर सिंह जटसिख (33) निवासी सालमखेड़ा तहसील कालांवाली जिला सिरसा (हरियाणा) के रूप में हुई है। उसके पिता दर्शन सिंह (63) द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस ने कहा कि अभी जांच की जा रही है कि यह आत्महत्या का मामला है या दुर्घटना। गुरविंदर सिंह की लाश पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को सौंप दी गई।

विद्युत के बाद विक्रांत बने एआर मुरुगादॉस की फिल्म का हिस्सा

विद्युत जामवाल के बाद एक और अभिनेता शिवकार्तिकेयन और एआर मुरुगादॉस की आगामी फिल्म एसके 23 के कलाकारों में शामिल हो गए हैं। फिल्म के निर्माताओं ने तमिल अभिनेता विक्रांत का स्वागत करने के लिए अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लिया। घोषणा के साथ, निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता का एक दिलचस्प और स्टाइलिश पोस्टर भी साझा किया, जिसे देखकर प्रशंसकों का उत्साह काफी ज्यादा बढ़ गया है। नई घोषणा एक आश्चर्य के रूप में सामने आई और प्रशंसक इस अपडेट से रोमांचित हैं। उम्मीद है कि निर्माता जल्द ही अन्य कलाकारों का विवरण जारी करेंगे। फिल्म से विक्रांत का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, हमारे एक्शन राइड में शामिल होना। हम प्रतिभाशाली विक्रांत का स्वागत करते हैं। शूटिंग पूरे जोश में प्रगति पर है। अब तक, केवल शिवकार्तिकेयन, कन्नड़ अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत, विक्रांत और विद्युत जामवाल के आगामी फिल्म का हिस्सा बनने की पुष्टि हुई है। वहीं, कुछ रिपोर्ट्स का सुझाव है कि मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल भी इस फिल्म में दिखाई देंगे। हालांकि, आधिकारिक घोषणा की प्रतीक्षा है। अफवाहें बताती हैं कि अभिनेता फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

एसके 23 का शीर्षक जानने के लिए उत्साहित प्रशंसक

पूरी तरह से एक्शन फिल्म मानी जाने वाली इस फिल्म में शिवकार्तिकेयन को बड़े पैमाने पर शारीरिक परिवर्तन से गुजरना होगा। निर्माता फिल्म के मुख्य विवरणों को साझा करने के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। हालांकि, प्रशंसक फिल्म के शीर्षक के बारे में जानने के इच्छुक हैं, जिसका खुलासा होना बाकी है। अस्थायी रूप से इसका नाम एसके 23 रखा गया है। यह फिल्म अभिनेता विद्युत जामवाल के 10 साल के अंतराल के बाद तमिल सिनेमा में वापसी का भी प्रतीक होगा।

कोटेशन गैंग में दिखेगा सनी का माफिया अवतार

अभिनेत्री सनी लियोनी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कोटेशन गैंग' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में अभिनेत्री कर्नाटक में कुछ दिनों रहीं। हाल ही में अभिनेत्री ने कर्नाटक के एक छोटे से गांव 'कब्बाली' में एक स्कूल का दौरा किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सनी अपनी आगामी फिल्म में 'द फैमिली मैन' की अभिनेत्री प्रियामणि के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ भी दिखेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक सनी 'कोटेशन गैंग' में एक लोकल माफिया के किरदार निभाएंगी। फिल्म में उन्हें एक हत्यारे के रूप में दिखाया गया है जो एक गिरोह की प्रमुख सदस्य है, जो कांट्रैक्ट किलिंग में माहिर है।

सनी के डांस शो पर लग चुकी है रोक

बता दें कि 5 जुलाई को तिरुवनंतपुरम में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग कैंपस में सनी का डांस शो होने वाला था, लेकिन केरल विश्वविद्यालय के कुलपति ने इस शो को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो केरल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मोहनन कुन्नुमल ने रजिस्ट्रार को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि अभिनेत्री सनी लियोनी का प्रदर्शन कार्यक्रम की सूची में शामिल न हो। बताया जा रहा है कि यह निर्णय पिछले साल नवंबर में एर्नाकुलम में कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीयूएसएटी) में एक संगीत कार्यक्रम में हुई भगदड़ की घटना की वजह से लिया गया है।

दो एक्ट्रेस के ठुकराने के बाद सामंथा को मिली थी यह शानदार फिल्म

हाल ही में, एक नई फिल्म को लेकर दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु का नाम चर्चा में आया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सामंथा निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन की नई फिल्म में नजर आ सकती हैं, इस फिल्म में ममूटी भी काम करेंगे। सामंथा अपने करियर में थेरी, शाकुंतलम, मजिली, यशोदा और रंगस्थलम समेत कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। साल 2019 में रिलीज हुई सुपर डीलक्स उनके करियर की सबसे खास फिल्मों में से एक हैं, इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। दिलचस्प बात यह है कि सामंथा से पहले दो अभिनेत्रियों को इस फिल्म के लिए अप्रोच किया गया था लेकिन बात नहीं बनी तो फिल्म सामंथा के हाथ लग गई, इस फिल्म में विजय सेतुपति ने मुख्य भूमिका निभाई थी और थियागराजन कुमारराजा ने इसका निर्देशन किया था।

इस स्वतंत्रता दिवस पर संजय दत्त से भिड़ेंगे राम पोथिनेनी

साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल इस्मार्ट इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। पुरी जगन्नाध की डबल आईस्मार्ट स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म निर्माता और चार्ममे कौर के बैनर पुरी कनेक्ट्स द्वारा समर्थित इस फिल्म में राम पोथिनेनी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म निर्माता पुरी जगन्नाध की आगामी फिल्म डबल इस्मार्ट 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने आज शनिवार को इसकी घोषणा की है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए राम पोथिनेनी ने फिल्म की रिलीज का जानकारी दी है। डबल इस्मार्ट पांच भाषाओं- तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज की जाएगी।

दर्शकों को ट्रेलर का इंतजार

निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए रिलीज डेट की जानकारी दी है। फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है, जो दर्शकों को काफी पसंद आया था। अब लोगों को फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार है। टीजर की बात करें तो एक मिनट 26 सेकंड के वीडियो में राम पोथिनेनी और संजय दत्त की दमदार झलक देखने को मिली। शंकर के अवतार में दिखे राम पोथिनेनी के कुछ फाइट सीक्वेंस भी हैं। टीजर में बिग बुल बने संजय दत्त नए अवतार में नजर आए थे।

आईस्मार्ट शंकर का है सीक्वल

ये फिल्म पोथिनेनी और जगन्नाध की 2019 की साइंस-फाई एक्शन फिल्म आईस्मार्ट शंकर का सीक्वल है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई थी। डबल इस्मार्ट के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाध और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

फादर्स डे के मौके पर शूजीत सरकार का तोहफा

फादर्स डे के अवसर पर शूजीत सरकार ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म निर्माता ने अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। विक्की डोनर, पीकू और सरदार उधम जैसी दमदार फिल्मों का निर्माण कर चुके फिल्म निर्माता शूजीत सरकार ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। फादर्स डे के अवसर पर निर्माता ने अपनी आगामी फिल्म पर अहम अपडेट साझा किया है, जिसमें अभिनेता अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का शीर्षक अभी सामने नहीं आया है, लेकिन शूजीत की पोस्ट से साफ हो रहा है कि इसकी कहानी पिता और बेटी के खूबसूरत रिश्ते पर आधारित होगी। साथ ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया गया है।

फिल्म की रिलीज डेट से उठा पर्दा

शूजीत सरकार ने अपने प्रोडक्शन हाउस राइजिंग सन फिल्म्स के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से उपरोक्त फिल्म के बारे में अधिक जानकारी साझा की। निर्माता ने पोस्ट किए गए वीडियो को कैप्शन दिया, इस फादर्स डे पर उस प्यार, हंसी और अमूल्य सबक को संजोएं जिसके लिए पिता हमें तैयार करते हैं। 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में शूजीत सरकार की हार्दिक पिता-बेटी के रिश्ते की आगामी कहानी के लिए तैयार हो जाइए।

एक और धमाल के लिए तैयार शूजीत!

फिल्म का निर्देशन जहां शूजीत सरकार कर रहे हैं, वहीं इसका निर्माण रोनी लाहिड़ी और शील कुमार कर रहे हैं। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में 20 साल से अधिक पूरे कर चुके शूजीत सरकार आज के समय के सबसे प्रसिद्ध कहानीकारों और फिल्म निर्माताओं में से एक हैं। सामान्य कहानियों को एक सुंदर संदेश के साथ प्रस्तुत करने की अपनी अनूठी कहानी के लिए जाने जाने वाले फिल्म निर्माता ने हाल ही में अपनी अगली फिल्म की घोषणा के बाद सभी को उत्साहित कर दिया। वहीं, ताजा जानकारी से साफ होता है कि यह फिल्म इस साल के अंत में 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

शरवरी वाघ ने विक्की कौशल और कटरीना कैफ को बताया पावर कपल

विक्की कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड के मशहूर कपल हैं। दोनों ने 9 दिसंबर 2021 को शादी की थी। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हैं। फैंस भी इस पति-पत्नी की जोड़ी को काफी पसंद करते हैं। अब अभिनेत्री शरवरी वाघ ने भी इन दोनों की जोड़ी को पावर कपल बताया है। गौरतलब है कि शरवरी की विक्की के भाई सनी कौशल के साथ अफेयर की अफवाहें काफी आम हैं। बीते दिनों शरवरी के जन्मदिन पर कटरीना ने भी मजेदार अंदाज में शुभकामनाएं दी थीं। कटरीना ने शरवरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा था, डांस फ्लोर पर लास्ट पर्सन होना कभी बंद मत करना।

सिंघम अगेन से भूल भुलैया 3 के क्लैश पर बोले अनीस बज़्मी

रोहित शेट्टी की बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन पहले 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़े पर्दे पर आने वाली थी। लेकिन, निर्माताओं ने अल्लू अर्जुन की अखिल भारतीय फिल्म पुष्पा 2: द रूल के साथ टकराव से बचने के लिए इसकी रिलीज की तारीख दिवाली तक टाल दी। चूंकि सिंघम अगेन अब इस साल दिवाली पर रिलीज हो रही है, इसलिए इसका कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 से टकराव होना तय है। भूल भुलैया 3 के निर्देशक अनीस बज़्मी ने आखिरकार इस बॉक्स ऑफिस क्लैश पर प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि क्लैश हमेशा बिजनेस के लिए खराब होते हैं। एचटी सिटी से बात करते हुए, निर्देशक ने कहा, अभी आपके पास खबर आई है। क्लैश कभी भी अच्छा विचार नहीं होता है। हमने बीबी 3 के लिए अपनी रिलीज की तारीख एक साल पहले ही घोषित कर दी थी। मुझे नहीं पता कि अभी क्या करें।

कारोबार पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, जब टकराव होता है तो सभी फिल्में प्रभावित होती हैं, टकराव तो होता है। और बात प्रोडक्ट में कॉन्फिडेंस की नहीं है। दुनिया के हर निर्देशक, अभिनेता, लेखक हमेशा अपनी फिल्म के बारे में पूरे आत्मविश्वास के साथ बात करता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह रिलीज की तारीख बदलने पर विचार करेंगे, तो उन्होंने आगे कहा, ऐसा अभी नहीं सोचा है क्योंकि हमने पहले ही तय कर लिया था कि फिल्म रिलीज होगी या नहीं। अग्रिम रूप से जारी करें। अजय (देवगन) एक अच्छे दोस्त हैं और तारीखों का टकराव होना लाजिमी है। यह हमारे हाथ में नहीं होता। फिल्म में अर्जुन कपूर मुख्य प्रतिपक्षी की भूमिका में नजर आएंगे। अजय देवगन के अलावा, सिंघम अगेन में अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह और टाइगर श्रॉफ भी हैं। यह रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की पांचवीं और सिंघम सीरीज की तीसरी फिल्म होगी। दूसरी ओर, निर्देशक अनीस बज़्मी की हॉरर कॉमेडी फ़िल्म भूल भुलैया 3 में त्रिपती डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित जैसे प्रशंसित कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फ्रैंचाइज़ी की पिछली किस्त में भी कार्तिक मुख्य भूमिका में थे, जिन्होंने फ़िल्म से अक्षय कुमार की जगह ली थी।

जान्हवी की तरह खुशी भी नहीं करती हैं अपने फिटनेस से कोई समझौता

खुशी कपूर जान्हवी कपूर की छोटी बहन हैं और द आर्चिज फिल्म से वे बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो खुशी कपूर आने वाले दिनों में इब्राहिम अली खान एक साथ एक और फिल्म में नजर आने वाली हैं। खुशी कपूर भी अपनी बहन जान्हवी की तरह अपने फिटनेस को लेकर कोई समझौता नहीं करती हैं। खुशी और जान्हवी दोनों को अक्सर जिम के बाहर स्पॉट किया जाता है।

'बिजली' दे रही धोखा, जिम्मेदारों की नहीं खुल रही नींद

तेज. सादुलपुर | मदनमोहन

राजगढ़ उपखंड के राधा बड़ी जीएसएस से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र भाकरां सदाऊ गागडवास राधा छोटी में भीषण गर्मी के दौर में गत एक सप्ताह से विद्युत व्यवस्था लडखड़ाई हुई है ऐसे में आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है राधा बड़ी जीएसएस के अंतर्गत आपूर्ति लाइन की 33 केवी नीमां लाइन में आए फॉल्ट से मंगलवार को सुबह से शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी भीषण गर्मी के मौसम में आमजन तथा विद्युत आपूर्ति ठप्प रहने से पशुओं के पानी की समस्या गंभीर हो गई है भाकरां में विद्युत आपूर्ति ठप्प रहने से आम जन जीवन प्रभावित हुआ है तथा तैतीस वर्षों से चल रहे सार्वजनिक कुएं का भूमिगत जल गहरा निचा चले जाने से पिछले एक पखवाड़े से सार्वजनिक कुआं बंद है जिसमें हालात और भी बद्तर हो गये है । राधा बड़ी जीएसएस की घरेलू आपूर्ति की लाइनें भी पुरानी होने से इस भीषण गर्मी के दौर में जवाब दे रही है घरेलू विद्युतापूर्ति की लाइन टूट जाने या जल जाने पर दो दो दिन तक नहीं बदली जा रही है और भीषण गर्मी में ग्रामीण परेशान हो रहे हैं मंगलवार को सुबह से शाम तक नीमा फीडर की 33 केवी लाइन का फाल्ट पुरे दिन ठीक नहीं होने से जीएसएस के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था ठप्प रही रात्रि को भी इसी जीएसएस के अंतर्गत पुरी रात्रि को विधुत कटौती रहती है जिसे सादुलपुर जीएसएस के कार्मिकों एवं राधा बड़ी जीएसएस के कार्मिकों का एक ही जवाब होता है की पीछे से भादरा से 33 केवी ऑफ है ऐसे में क्षेत्र की विद्युतापूर्ति पूरी रात्रि आंख मिचौली रहती है यहां पर पुरानी तारें गांवों में विद्युतापूर्ति की लाइनें पुरानी होने से ये आए दिन फॉल्ट हो रही है डिस्कॉम की ओर से इन्हें समय पर नहीं बदलने से हालात बदतर बने हुए हैं कभी किसी मोहल्ले की तो कभी किसी ओर मोहल्ले की लाइन फॉल्ट होने से विद्युतापूर्ति ठप हो जाती है इन्हें दुरुस्त करने या मेंटेनेंस के दौरान पूरे गांवो की विद्युतापूर्ति बंद किए जाने से लोगों को आए दिन परेशानी उठानी पड़ रही है।

बीस साल पुराना पीपल का पेड़ हर रोज 120-150 व्यक्तियों, 200-250 पक्षियों को दे रहा सुकून की छाया

तेज रिपोर्टर. चारणवासी। गांव मलवाणी से मल्लेकां रोड पर स्थित पुराना पीपल का वृक्ष गर्मी में आ-जाने वाले राहगीरों के साथ ग्रामीणों को दे रहा है सुकून की छाया। बताते चलें कि पीपल का विशाल वृक्ष है जिसके नीचे चबूतरा बनाया गया है जहां सुबह से देर रात तक लोग छाया में आराम फरमाते है। प्रतिदिन औसतन आ-जाते 120-150 आदमी व 200-250 पक्षी छाया का सुकूल ले रहे है। पास में वाटर कूलर के शीतल जल से लोग प्यास बुझाते है।

कर्तव्य हमारा प्रयास जन सेवा संस्था ने जरूरतमंदों के लिए 600 जोड़ी वस्त्र भेंट किए

तेज. रिपोर्टर| श्रीगंगानगर

कर्तव्य हमारा प्रयास जन सेवा संस्था द्वारा निर्जला एकादशी पर अनूठी पहल करते हुए अनुकरणीय सेवा कार्य किया गया है। अध्यक्ष लक्की पाल ने बताया कि वैशाली नगर जयपुर स्थित सुरमन संस्थान तथा श्री डूंगरगढ़ स्थित गरीब सेवा संस्था द्वारा वस्त्र उपलब्ध करवाने के आग्रह पर कर्तव्य वस्त्र बैंक द्वारा निर्जला एकादशी पर 600 जोड़ी कपड़े जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क भेंट किए। इस सेवा कार्य की उक्त दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कर्तव्य हमारा प्रयास जन सेवा संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए साधुवाद दिया गया तथा इसे समाज के लिए अनुकरणीय मिसाल बताया गया। अध्यक्ष लक्की पाल ने कर्तव्य हमारा प्रयास जन सेवा संस्था की सेवा गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा जवाहर नगर स्थित पानी वाली टंकी के समीप कर्तव्य वस्त्र बैंक एवं कर्तव्य शिक्षा बैंक का निःशुल्क संचालन किया जा रहा है तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क वस्त्र प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया जा रहा है, भीषण गर्मी से बचाव के लिए पक्षियों के रहने के लिए घरौंदे (पक्षी घर) लगाए जा रहे हैं एवं परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए चुग्गा-पानी की समुचित व्यवस्था की जा रही है। संस्था द्वारा हर शुक्ल पक्ष की एकादशी पर श्री श्याम बाबा की निशान यात्रा का स्वागत भी किया जाता है। इस अवसर पर अध्यक्ष लक्की पाल, अरविंद जैन, अजय खत्री, विवेक कामरा, लोकेश शर्मा, आशीष लीला, लोकेश बंसल सहित कर्तव्य हमारा प्रयास जन सेवा संस्था पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

समाजसेवी लक्ष्मी नारायण गोदारा माता ब्रह्माणी व मां काली के दर्शन किए

तेज रिपोर्टर. थालड़का। भामाशाह समाजसेवी लक्ष्मीनारायण गोदारा (विश्व हिन्दू जागरण अभियान अंतरराष्ट्रीय संभाग अध्यक्ष बीकानेर वरिष्ठ) उपाध्यक्ष नखत बन्ना व ब्रह्माणी माता धाम भगवान (नोहर) मंगलवार को पल्लू धाम पहुंचे हैं। और माता ब्रह्माणी व मां काली के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की और आगामी 14 जुलाई को होने वाले भजन संध्या कार्यक्रम एवं गौ रक्षा के कार्यक्रम कि सफलता कि कामना की और क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना की और गांव भगवान के ब्राह्मणी माता और नखत बन्ना धाम पर 14 जुलाई से 17 जुलाई तक होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए माता के आगे अरदास लगे । बताया कि 14 जुलाई को बहुत अच्छा कार्यक्रम रहेगा इस क्षेत्र में ऐसा कार्यक्रम पहली बार हो रहा है। और लोगों में भारी खुशी का माहौल है।

नामदेव समाजसेवा समिति ने बस स्टैंड पर लगाई मीठे पानी व तरबूज की छबील

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। नामदेव समाजसेवा समिति द्वारा कस्बे के नए बस स्टैंड पर मीठे पानी व तरबूज की छबील लगाई गई। तरफ से लगाई गई। समिति सदस्य सुभाष कुमार, राजेंद्र सिंह टेलर, दलीप कुमार, प्रेम कुमार, राजेश कुमार अग्रोहिया, संजू सिंह, विजय कुमार, अनिल कुमार छीपा, पवन कुमार, संदीप कुमार, सोनू सिंह, ध्रुव कुमार, लालचंद, लोदा चंद, रामचंद्र, झंडू राम सहित कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य कर आमजन को मीठा तरबूज खिलाया और ठंडा शरबत, जलजीरा पिलाया।

चूरू में बिजली कटौती से वार्डवासी परेशान, सहायक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

तेज. सादुलपुर | मदनमोहन

जिला मुख्यालय पर गर्मी के इस भीषण दौर में बिजली विभाग की लापरवाही और अघोषित बिजली कटौती के कारण वार्ड नंबर 35 और 36 के वार्डवासी परेशान हो रहे हैं. चूरू एकता मंच और युवा विकास मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने धर्मस्तूप के पास बिजली विभाग के सहायक अभियंता ऑफिस के सामने पहुंचकर नारेबाजी कर अपना विरोध प्रदर्शन जाहिर किया। मंच के जिलाध्यक्ष विनोद राठी ने बताया की बिजली विभाग की लापरवाही के कारण एक दिन में 15 से 20 बार लाइट काटी जा रही है .साथ ही कभी कम कभी ज्यादा वोल्टेज आने के कारण घरेलू विद्युत उपकरण जलने की संभावना बनी रहती है । सूचित किए बिना ही दिन और रात में बिजली काटने के कारण पूरे वार्डवासी परेशान है। वार्ड के महावीर प्रसाद और चंपालाल प्रजापत ने बताया की वार्ड में नया ट्रांसफार्मर लगाने के कारण ही इस समस्या का समाधान हो सकता है ।जिसको लेकर सहायक अभियंता को इस बारे में सूचित किया गया और चेतावनी दी गई अगर 2 दिन के अंदर इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी। ज्ञापन देने वालों में कमल कुमार सोनी ,गजानंद सैनी ,मोनू सैनी, सुभाष प्रजापत ,गजानंद गौड ,यश राठी ,देवकीनंदन प्रजापत, लूणाराम, राहुल सैन, बाबूलाल गोस्वामी, गणेश सैनी, योगेश कुमार, पंकज, विष्णु प्रजापत, नरेंद्र देवड़ा, प्रदीप सैनी, राजेश कुमार, गौतम कुमार, ताराचंद गोस्वामी, प्रमोद कुमार, राकेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

संत शिरोमणि सेन जी की भक्ति से स्वयं भगवान भी प्रसन्नः मीनू बेनीवाल

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

स्थानीय वार्ड 17 में श्री पंचमुखी सैन मंदिर में सैन प्रतिभा समारोह व मंदिर हॉल का उद्घाटन प्रमुख समाज सेवी व वरिष्ठ भाजपा नेता मीनू बेनीवाल ने किया। इस अवसर पर सैन समाज के होनहार छात्र छात्राओं, खिलाडियों व नए लगे सरकारी कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले संस्था की और से समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने माला पहनाकर मीनू बेनीवाल का स्वागत किया। मीनू बेनीवाल ने सैन मंदिर में सैन जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेककर उनका आशीर्वाद लिया। समाज की बेटियों ने मीनू बेनीवाल व मंच पर आसीन सभी अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत किया। मंच पर समाज की पगड़ी का सम्मान भूराराम दिनोदिया, प्रदेश अध्यक्ष हरिकिशन कुतीनिषा, सत्यनारायण बशीर, डॉ काशी राम खिचड़, ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण चौहान, आत्मा राम जाखड़, बनवारी मंडोरा, हनुमान दिनोदिया ने वशिष्ठ अतिथि काशीराम खीचड़ को गौरीशंकर दिनोदिया, रामगोपाल रजलीवाल, बलवंत जड़ेवाल ने तथा विशिष्ट अतिथि श्रवन टोकसीया को बलराम सैन, बलवंत एकसिया, महेंद्र टाटिया, साहब राम दिनोदिया, दलीप राणा, जयपाल टोकसीया ने समाज की पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रविंद्र लड्ढा, पवन सिहाग उपाध्यक्ष, बनवारी लाल तलवाड़िया, नरेश कटारिया, भरत सिंह बिरडा सरपंच, विजय बेहरवाला, पूर्णचंद वर्मा, शमिंदर कंबोज, भूराराम डूडी, विजय जांगड़ा, हेमराज चेयरमैन, वेद सैनी व टीम मीनू बेनीवाल के सभी सदस्य भी उपस्थित रहे। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंच संचालन प्रभु बशीर ने किया। इस अवसर पर इंद्रपाल टाक, बाबूलाल बनभेरू, सीताराम, गौरीशंकर, बनवारी कालूराम, जुगेश्वर, हरिराम, मनोज, नरेंद्र, मनीष, साहिल, सोनू, राजू, रमेश, मुकेश, जगतनारायण, बीबी राहुल, सतीश कुमार, राजेश, सुमित, राकेश, वेदप्रकाश, सुभाष, राजेंद्र कुमार, रविंद्र, अशोक, संजय, रंजीत, सहित समाज के सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

प्रदूषण का प्रहार झेलती महिलाएं

लेख | विजय गर्ग

सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शैक्षिक स्तंभकार, मलोट

भारत में वायु प्रदूषण से हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक विश्व की लगभग पूरी आबादी ऐसी हवा सांस रही है, जिसमें प्रदूषक तत्त्व तय दिशा-निर्देशों की सीमा से कहीं अधिक है। 2019 में इसकी वजह से करीब 67 लाख लोगों की मृत्यु हुई थी। यो प्रदूषण सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है, लेकिन बुजुर्गों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण उन पर और अधेड़ उम्र की महिलाओं के स्वास्थ्य पर यह घातक असर डाल रहा है। बुजुर्ग महिलाएं अपना अधिकांश समय घरों के भीतर व्यतीत करती हैं। मगर वे घर के भीतर भी वायु प्रदूषण से जूझ रही हैं। प्रदूषण के कारण उनमें नेत्र, त्वचा, नाक, गले में खुजली, चक्कर आना, थकान, रक्तचाप, चिड़चिड़ापन, अवसाद, अनिद्रा, बहरापन, मानसिक रोग, पेट संबंधी रोगों में लगातार इजाफा हो रहा है। हाल में हुए शोध बताते हैं कि वायु प्रदूषण से कुछ गंभीर रोग भी तेजी से बढ़े हैं, जो बुजुर्ग महिलाओं को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं।

चिकित्सक मानते हैं कि वायु प्रदूषण से फेफड़े और दिल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। अध्ययन बताते हैं कि भारत में हर एक हजार में से बीस बुजुर्ग वायु प्रदूषण से मनोभ्रंश के शिकार हुए हैं। बुजुर्ग महिलाओं में इसका प्रसार अधिक बताया गया है। इंपीरियल के पर्यावरण अनुसंधान समूह के प्रमुख और लेखक, प्रोफेसर फ्रैंक केली मुताबिक इक्कीसवीं सदी में स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल के लिए डिमेंशिया बड़ी चुनौतियों में से एक है। येल और पेकिंग विश्वविद्यालय में संयुक्त रूप से हुए एक अध्ययन के मुताबि वायु प्रदूषण के कारण मस्तिष्क भी प्रभावित होता है। इसमें सबसे ज्यादा बुजुर्गों के मस्तिष्क को हानि पहुंचती है। अध्ययन के मुख्य आर्थर जियाबो गैंग का कहना है कि वायु प्रदूषण के कारण लोगों की बोलने की क्षमता ज्यादा प्रभावित होती है। दिमाग पर वायु प्रदूषण का इतना बुरा असर होता है कि बहुत से लोग बोलने के लिए शब्द तक मुंह से नहीं निकाल पाते हैं। इस अध्ययन कहा गया है कि अगर कोई इंसान लंबे समय तक वायु प्रदूषण की चपेट में रहता है, तो उसकी अनुभूति की क्षमता ज्यादा प्रभावित होती है।

जब कभी वायु प्रदूषण की बात उठती है तो घरेलू वायु प्रदूषण को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है, जबकि घरेलू वायु प्रदूषण कई तरह की जानलेवा बीमारियों की वजह है अंदरूनी हवा उतनी ही विषैली होती है, जितनी कि बाहरी शहरी परिवेश के साथ ग्रामीण परिवेश में भी घरों में मौजूद वायु प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। जर्नल बीएमसी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, जो महिलाएं अपने घरों में वायु प्रदूषण के संपर्क में हैं, उनमें याददाश्त, रोजमर्रा के कामों को करने की क्षमता, तार्किक और बौद्धिक क्षमता अन्य महिलाओं की तुलना में कम है। आज भी विकासशील देशों में अधिकांश ग्रामीण घरों में खाना पकाने के लिए दुनिया की करीब एक तिहाई आबादी मिट्टी का तेल, लकड़ी, फसलों के अवशेषों, गोबर और कोयला आदि इस्तेमाल करती है, जो कि घरों में हानिकारक वायु प्रदूषण का कारण बनता है। ग्रामीण परिवेश में किए शोध और आंकड़े बताते हैं कि यह खतरा बुजुर्ग और अधेड़ महिलाओं के लिए ज्यादा खतरनाक है। कोयले के संपर्क में रहने वाली महिलाओं में फेफड़ों के कैंसर का जोखिम दोगुना होता है।

मेडिकल जर्नल ट्रांसलेशनल साइकेट्री द्वारा 2017 में प्रकाशित एक अध्ययन में बताया गया है कि वृद्ध महिलाएं, जो उच्च स्तर के बारीक कण वाले पदार्थ सहित प्रदूषित क्षेत्रों में रहती हैं, वे तेजी से उम्र बढ़ने और दिमाग की कमजोरी का अनुभव करती हैं। उनमें मनोभ्रंश और अल्झाइमर जैसी बीमारियों के लक्षण देखने को मिले। स्पेन के बार्सिलोना में यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसाइटी इंटरनेशनल कांग्रेस में प्रस्तुत किए गए नए अध्ययन से पता चला है कि महिलाओं के लिए डीजल के धुएं में सांस लेना जानलेवा हो सकता है। शोधकर्ताओं ने डीजल निकास के संपर्क में आने से लोगों के खून में बदलाव की बात कही है। इससे महिलाओं में सूजन, संक्रमण और हृदय रोग से संबंधित रक्त के घटकों में परिवर्तन पाए गए हैं। शोध के मुताबिक फेफड़ों के कैंसर के लगभग दस में से एक मामले के लिए बाहरी वायु प्रदूषण एक कारण हो सकता । वायु प्रदूषण के कण कोशिकाओं में डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं। कैंसर का जोखिम हो सकता है।

इससे हार्वर्ड टीएच के नेतृत्व में एक अध्ययन में पाया गया कि लंबे समय तक वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने से बुजुर्गों में अवसाद का खतरा बढ़ सकता है। सिर्फ पांच दिनों तक वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने से बुजुर्ग महिलाओं में आघात का खतरा बढ़ सकता है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के मेलमैन स्कूल आफ पब्लिक हेल्थ के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किए एक नए अध्ययन से पता चला है कि वातावरण में बढ़ता वायु प्रदूषण महिलाओं की हड्डियों के लिए भी खतरनाक है। अध्ययन के अनुसार बढ़ती उम्र में वायु प्रदूषण का संपर्क महिलाओं में बोन मिनरल डेंसिटी में कमी के साथ ऑस्टियोपोरोसिस से भी जुड़ा है। इसकी वजह से हड्डियों के टूटने का जोखिम बढ़ जाता है। इससे पहले भी शोध इस बात के सबूत सामने आए थे कि वायु प्रदूषण महिलाओं की हड्डियों के लिए खतरनाक हो सकता है। 1990 से 2019 के बीच कम होती बोन मिनरल डेंसिटी और उनमें टूटन के कारण विकलांगता में 121 फीसद की वृद्धि हुई है।

यह शोध बताते हैं कि वायु प्रदूषण के सूक्ष्म कणों के संपर्क में लंबे समय तक रहने से रजोनिवृत्ति के बाद की महिला में हृदय संबंधी रोग के जोखिम और मृत्यु की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने भी पाया कि स्तन कैंसर की घटनाओं में सबसे अधिक वृद्धि उन महिलाओं में पाई गई, जिनका संपर्क पार्टिकुलेट मैटर स्तर पीएम 2.5 से अधिक था। मोटर वाहन से निकलने वाले धुंए, तेल कोयला जलाने या लकड़ी के धुंए आदि में पीएम 2.5 अधिक होता है। बुजुर्ग महिलाएं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होती हैं। उन्हें उन खतरों के बारे होना चाहिए कि उनकी हवा कितनी खराब हो सकती है। इसे कम करने और इससे खुद को बचाने के लिए क्या किया जा सकता है। वे जहां रहती हैं, वहां वायु की गुणवत्ता की दैनिक आधार पर निगरानी करें। जहां प्रदूषण अधिक है, वहां न जाएं। औद्योगिक प्रदूषण वाली जगहों से और रोशनी के लिए स्वच्छ प्रौद्योगिकियों का उपयोग करें रसोई का क्षेत्र अच्छी तरह हवादार हो । स्टोव, चिमनी और अन्य उपकरणों का रखरखाव करें, ताकि वे कुशलतापूर्वक ईंधन जला सकें। भवन और पेंट उत्पाद, सफाई और घरेलू रसायनों सहित इनडोर प्रदूषकों के अन्य सामान स्रोतों से सावधान रहें। हमारे बुजुर्ग जितने स्वस्थ होंगे, वायु प्रदूषण के संपर्क के बाद स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं उत्पन्न होने की संभावना उतनी ही कम होंगी।

विश्वास की डोर से बंधे हैं आस और स्वांस... कितना मधुर, प्यारा और खूबसूरत शब्द है विश्वास

राजेन्द्र सारस्वत
स्वतंत्र पत्रकार

विश्वास माने भरोसा. आस्था और श्रद्धा. आईये आज हम लोग इस शब्द की थोड़ा गहराई में चलें. विद्वतजन कहते हैं कि विश्वास पर ही दुनिया का सम्पूर्ण कार व्यवहार चलता है. एक दूसरे की विश्वास के प्रेम की डोर से बंधे पति- पत्नी साथ साथ लाख झंझावातों के बावजूद भी अपने जीवन की नैया पार कर ले जाते हैं. किसी ने कहा है- विश्वास ही सदैव बुद्धि के अनुरूप बने रहने का नाम है. देश की सीमा और भीतर हम सुरक्षा बलों पर भरोसा कर निश्चिन्त होकर चैन की नींद लेते हैं. ब्रह्मकुमारी शिवानी जी तो अपने प्रवचनों में सदैव विश्वास पर बहुत जोर देती हैं. वे कहती हैं- सदा ऐसा विश्वास रखें कि सब कुछ अच्छा ही होगा. उनका इस बात पर दृढ़ भरोसा है कि हमेशा पोजिटिव सोच रखें. नीति निर्धारण करने वाले कहते हैं कि- अधिक आयु के होने पर व्यक्ति में ताजगी का सवाल उसके साहस और उम्र से कहीं अधिक आदमी के भीतर के प्रण का होता है. बस आवश्यकता अपने आप पर दृढ़विश्वास बनाए रखने की है. देखो न एक पिता अपनी फूलों सी कोमल नाजों से पली पुत्री को पालपोसकर उसका हाथ विश्वास के कारण ही किसी अनजान व्यक्ति के हाथों में सौंप देता है. एक रोगी अपने हर्ट के आपरेशन के लिए विश्वास करते हुए स्वयं का शरीर डाक्टर को अर्पण कर देता है. वैसे इस संदर्भ में एक हंसी की बात है. एक बार एक रोगी की ओपन हर्ट सर्जरी होनी थी. पूरी तैयारी हो गई. नर्स, कम्पाउंडर, असिस्टेंट डाक्टर तत्पर और अलर्ट. बेहोशी की दवा देने वाला डाक्टर भी अपने तामझाम के साथ उपस्थित. तभी आपरेशन करने वाले सर्जन डाक्टर ने आपरेशन थियेटर में प्रवेश किया. उसके हाथों में एक खूबसूरत रंग बिरंगे खुशबूदार फूलों की माला थी. उस डाक्टर ने सभी पर एक विहंगम दृष्टि डाली. लम्बी चौडी मुस्कराहट फैंकते हुए पेशेंट से नरमी से उसके कंधे थपथपाते हुए पूछा- आर यू रेडी. ! मरीज ने बोला कुछ नहीं सिर्फ सहमति में सिर हिलाया. पेशेंट ने पूछा- डाक्टर आपके पास यह माला किस खुशी में हैं. डाक्टर मासूमियत से बोला- वैसे चिंता की कोई बात नहीं है. वो क्या है. ये मेरा पहले पहले प्यार की तरह पहला ही ओपन हार्ट आपरेशन है. मरीज के माथे पर परेशानी के पसीने के मोती चमक आए. वो धीरे से पूछ बैठा- और यह माला..? डाक्टर- ऐसा है कि यदि आपरेशन सफल रहा तो यह माला तुम मुझे पहना देना. और बाईदवे आपरेशन में कोई चूक रह ही जाए. तुम्हारे गले में मैं पहना दूंगा. सिंपल, इतनी सी बात है..

खैर चलिए विषय के धरातल पर थोड़ा गंभीरता से उतरें. एक एरोप्लेन अपनी उच्चतम ऊंचाई पर था. तभी मौसम अचानक बहुत गड़बड़ हो गया. विमान घनघोर बादलों से घिर गया. हल्का सा डगमगाने भी लगा. काकपिट से बाहर सूचना आई- कृपया सभी यात्रीगण सावधान! अपनी अपनी सीटबैल्ट अच्छे से बाधलें. हम कुछ विकट परिस्थितियों से रूबरू हैं. आप सभी धैर्य और साहस का परिचय दें. स्वाभाविक है कि इस आपातकालीन सूचना से यात्रियों में खलबली मचना ही था. सब सहमें सहमें, डरे डरे. कोई अपने ईष्ट को स्मरण कर प्रार्थना कर रहा है. कोई कोई कमजोर हृदय वाला चीख पुकार मचाने लगा . मगर सभी विचलित और किसी अनहोनी की आशंका में अधीर. परंतु स्थिति के विपरीत उसी विमान में एक दस बारह वर्ष की लड़की निश्चिन्त होकर अपने मोबाईल में हंसते हुए गेम खेल रही थी. उसे इस भांति निश्चिन्त देख साथ वाली सीट पर बैठे एक बुजुर्ग ने लड़की से पूछा- लड़की इन परिस्थितियों में तुम भयभीत नहीं हो. तुम्हें डर नहीं लग रहा. लड़की ने बहुत ही आत्मविश्वास के साथ कहा- नहीं अंकल. मुझे भरोसा है. ! उन सज्जन ने कहा किस बात कि भरोसा है. लड़की बोली -मैं कतई नहीं डर रही. आप देखोगे. यह प्लेन आराम से इस एमरजैंसी से सुरक्षित निकल आएगा. उस व्यक्ति ने आश्चर्य से पूछा- क्यों क्योंकि अंकल वो लड़की कहने लगी-÷आपको पता नहीं है- मेरे पापा पर मुझे पूरा विश्वास है. और मेरे पापा ही इस प्लेन के पायलट हैं. वाकई कुछ देर में विमान सामान्य हो गया. उसने समय पर लैंड भी कर लिया. तो यह थी विश्वास की ताकत.

चलिए संदर्भ के साथ ही थोड़ा रामचरितमानस में भी प्रवेश कर लिया जाय. पंचवटी में स्वर्णमृग को देख सीता जी ने श्रीराम से आग्रह किया- आर्यपुत्र आज से पूर्व इतना सुंदर नयनाभिराम नेत्रों वाला ऐसा मृग मैंने कभी नहीं देखा. लगता है यह मृग आज ही इस ओर आया है. प्रभु मुझे इसकी मृगचर्म ला दीजिए. राम ने सीता जी को समझाने का भरसक प्रयास किया- सीता मुझे लगता है कि यह कोई मृग नहीं कोई छलावा है. मगर स्त्री हठ के आगे? दुनिया में किसकी चली है. भगवान राम भी उनसे सहमत हो गए. लक्ष्मण को सीता जी की सुरक्षा में छोड़ राम अपने धनुष के साथ मृग के पीछे भागे. हिरण बहुत चपल होता है. और वो रावण का भेजा हुआ कपटी मामा मारीच था. तेज कुलांचे भरते हुए यह जा और वह जा. थोड़ी देर में वह बहुत दूर निकल लिया. मगर अंततः राम उस तक पहुंच ही गए. उन्होंने धनुष पर बाण का अनुसंधान कर उसे छोड़ा. जो सीधा निशाने पर लगा जो उसके आरपार हो गया. और वो मृग वहीं ढेर हो गया. मगर मरने से पहले वह आर्तनाद कर रहा था. हा ! भ्राता लक्ष्मण. और राम उसे उठाकर ज्योंही चले. उन्हें थोड़ा ही चलने पर चिंतित मुद्रा में लक्ष्मण मिले. राम आश्चर्यचकित होकर बोले- सौमेत्र ! तुम यहाँ ? मैं तो जानकी को तुम्हारे विश्वास पर तुम्हारे सुरक्षित हाथों में सौंप कर आया था. तुम जानते हो यह दुष्ट राक्षसों का क्षेत्र है. वो भी ऐसे अवसर की तलाश में ही रहते हैं. इधर क्षेत्र में हिंसक पशुओं का भी बाहुल्य है. हालांकि सीता भली प्रकार से अपनी सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित है. मगर कुछ भी हो. वो अंततः हैं तो एक नाजुक स्त्री ही. ऐसे वीहड़ में स्त्री को कभी अकेला नहीं छोड़ा जाता. ऐसी जगह एक स्त्री को सदैव सुरक्षा की आवश्यकता रहती है. और तुम उसे अकेली कुटिया में छोड़ आए. तब लक्ष्मण बहुत कातरता से कहने लगा- भैया, आपका विश्वास तो मुझपर सही है. मगर माता जानकी का विश्वास मुझ पर नहीं था. उन्होंने मुझे कहा- लक्ष्मण, तुम्हारे भैया पर अवश्य ही कोई संकट आया है. तभी वे तुम्हें पुकार रहे हैं. ऐसा कहकर उन्होंने मुझे आपकी सहायता के लिए आने को विवश कर दिया. भैया.. मैंने भाभी माँ को लाख समझाया कि माता मुझे दृढ़ विश्वास है कि इस पृथ्वी पर तो क्या समस्त ब्रह्माण्ड में ऐसा कोई माई का लाल नहीं जन्मा जो मेरे राम के सामने संकट उत्पन्न कर सके और उनका बाल भी बांका कर सके. मगर मुझे उन्होंने उलाहना दिया और मुझे ऐसे शब्द कहे जो एक माँ अपने पुत्र के लिए कभी प्रयोग नहीं कर सकती. तब विवश होकर मुझे आपकी खोज में आना पड़ा. लक्ष्मण के वचन सुनकर राम स्तब्ध रह गए. उनके माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई. उन्होंने कोहनी से ऊपर लक्ष्मण की कलाई जोर से पकड़ी. और नेपथ्य में दृष्टि डालते हुए उनके मुख से निकल गया.. सर्वनाश..!

रानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवसः मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी

डॉ. वंदना सेन

जिन महापुरुषों के मन वीरोचित भाव से भरा होता है, उसका लक्ष्य सामाजिक उत्थान और राष्ट्रीय उत्थान ही होता है। वह एक ऐसे आदर्श चरित्र को जीता है, जो समाज के लिए प्रेरणा बनता है। इसके साथ ही वह अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सदैव आत्मविश्वासी, कर्तव्य परायण, स्वाभिमानी और धर्मनिष्ठ होता है। ऐसी ही थीं महारानी लक्ष्मीबाई। उनका जन्म काशी में 19 नवंबर 1835 को हुआ। इनके पिता मोरोपंत ताम्बे चिकनाजी अप्पा के आश्रित थे। इनकी माता का नाम भागीरथी बाई था। महारानी के पितामह बलवंत राव के बाजीराव पेशवा की सेना में सेनानायक होने के कारण मोरोपंत पर भी पेशवा की कृपा रहने लगी।

भारत में ऐसे कई महान व्यक्तित्व हुए हैं, जिनका जीवन हमको देश के लिए जीना सिखाता है। उनके हर कदम भारत के वीर भाव को ही प्रदर्शित करते थे। यहां यह बताना भी बहुत जरुरी है कि देश याने क्या? देश केवल भूमि नहीं, बल्कि वहां रहने वाली संतति ही है। इसलिए स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि देश के महानायकों ने जिस वीरत्व भाव के साथ जीवन जिया, वह देश की संतति को प्रेरणा देने वाला ही है। लेकिन आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि हम इन महानायकों को कितना अपने जीवन में उतारते हैं? यथार्थ यही है कि आम जन के लिए जीवन का उत्सर्ग करने वाले इन योद्धाओं को हम लगभग विस्मृत ही कर चुके हैं। आज हमको अपने नायकों को पहचानने की आवश्यकता है। रानी लक्ष्मी बाई उन नायकों की शृंखला में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं।

वीरांगना नाम सुनते ही हमारे मन मस्तिष्क में रानी लक्ष्मी बाई की छवि उभरने लगती है। भारतीय वसुंधरा को अपने वीरोचित भाव से गौरवान्वित करने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सच्चे अर्थों में वीरांगना ही थीं। वे भारतीय महिलाओं के समक्ष अपने जीवन काल में ही ऐसा आदर्श स्थापित करके विदा हुईं, जिससे हर कोई प्रेरणा ले सकता है। वे वर्तमान में महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल भी हैं। कहा जाता है कि सच्चे वीर को कोई भी प्रलोभन अपने कर्तव्य से विमुख नहीं कर सकता। ऐसा ही रानी लक्ष्मीबाई का जीवन था। उसे अपने राज्य और राष्ट्र से एकात्म स्थापित करने वाला प्यार था। वीरांगना के मन में हमेशा यह बात कचोटती रही कि देश के दुश्मन अंग्रेजों को सबक सिखाया जाए। इसी कारण उन्होंने यह घोषणा की कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। इतिहास बताता है कि इस घोषणा के बाद रानी ने अंग्रेजों से युद्ध किया। वीरांगना लक्ष्मीबाई के मन में अंग्रेजों के प्रति किस कदर घृणा थी, वह इस बात से पता चल जाता है कि जब रानी का अंतिम समय आया, तब ग्वालियर की भूमि पर स्थित गंगादास की बड़ी शाला में रानी ने संतों से कहा कि कुछ ऐसा करो कि मेरा शरीर अंग्रेज न छू पाएं। इसके बाद रानी स्वर्ग सिधार गईं और बड़ी शाला में स्थित एक झोपड़ी को चिता का रुप देकर रानी का अंतिम संस्कार कर दिया। और अंग्रेज देखते ही रह गए। हालांकि इससे पूर्व रानी के समर्थन में बड़ी शाला के संतों ने अंग्रेजों से भीषण युद्ध किया, जिसमें 745 संतों का बलिदान भी हुआ, पूरी तरह सैनिकों की भांति अंग्रेजों से युद्ध करने वाले संतों ने रानी के शरीर की मरते दम तक रक्षा की।



जिन महापुरुषों के मन वीरोचित भाव से भरा होता है, उसका लक्ष्य सामाजिक उत्थान और राष्ट्रीय उत्थान ही होता है। वह एक ऐसे आदर्श चरित्र को जीता है, जो समाज के लिए प्रेरणा बनता है। इसके साथ ही वह अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सदैव आत्मविश्वासी, कर्तव्य परायण, स्वाभिमानी और धर्मनिष्ठ होता है। ऐसी ही थीं महारानी लक्ष्मीबाई। उनका जन्म काशी में 19 नवंबर 1835 को हुआ। इनके पिता मोरोपंत ताम्बे चिकनाजी अप्पा के आश्रित थे। इनकी माता का नाम भागीरथी बाई था। महारानी के पितामह बलवंत राव के बाजीराव पेशवा की सेना में सेनानायक होने के कारण मोरोपंत पर भी पेशवा की कृपा रहने लगी। लक्ष्मीबाई अपने बाल्यकाल में मनु व मणिकर्णिका के नाम से जानी जाती थीं।

सन् 1850 मात्र 15 वर्ष की आयु में झांसी के महाराजा गंगाधर राव से मणिकर्णिका का विवाह हुआ। एक वर्ष बाद ही उनको पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। लेकिन चार माह पश्चात ही उस बालक का निधन हो गया। राजा गंगाधर राव को तो इतना गहरा धक्का पहुंचा कि वे फिर स्वस्थ न हो सके और 21 नवंबर 1853 को चल बसे। यद्यपि महाराजा का निधन महारानी के लिए असहनीय था, लेकिन फिर भी वे घबराई नहीं, उन्होंने विवेक नहीं खोया। राजा गंगाधर राव ने अपने जीवनकाल में ही अपने परिवार के बालक दामोदर राव को दत्तक पुत्र मानकर अंग्रेज सरकार को सूचना दे दी थी। परंतु ईस्ट इंडिया कंपनी की सरकार ने दत्तक पुत्र को अस्वीकार कर दिया।

27 फरवरी 1854 को लार्ड डलहौजी ने गोद की नीति के अंतर्गत दत्तक पुत्र दामोदर राव की गोद अस्वीकृत कर दी और झांसी को अंग्रेजी राज्य में मिलाने की घोषणा कर दी। यह सूचना पाते ही रानी के मुख से यह वाक्य प्रस्फुटित हो गया, मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। यहीं से भारत की प्रथम स्वाधीनता क्रांति का बीज प्रस्फुटित हुआ। रानी लक्ष्मीबाई ने सात दिन तक वीरतापूर्वक झांसी की सुरक्षा की और अपनी छोटी-सी सशस्त्र सेना से अंग्रेजों का बड़ी बहादुरी से मुकाबला किया। रानी ने खुले रूप से शत्रु का सामना किया और युद्ध में अपनी वीरता का परिचय दिया। वे अकेले ही अपनी पीठ के पीछे दामोदर राव को कसकर घोड़े पर सवार हो, अंग्रेजों से युद्ध करती रहीं। बहुत दिन तक युद्ध का क्रम इस प्रकार चलना असंभव था। सरदारों का आग्रह मानकर रानी ने कालपी प्रस्थान किया। वहां जाकर वे शांत नहीं बैठीं।

उन्होंने नाना साहब और उनके योग्य सेनापति तात्या टोपे से संपर्क स्थापित किया और विचार-विमर्श किया। रानी की वीरता और साहस का लोहा अंग्रेज मान गए, लेकिन उन्होंने रानी का पीछा किया। रानी का घोड़ा बुरी तरह घायल हो गया और अंत में वीरगति को प्राप्त हुआ, लेकिन रानी ने साहस नहीं छोड़ा और शौर्य का प्रदर्शन किया। कालपी में महारानी और तात्या टोपे ने योजना बनाई और अंत में नाना साहब, शाहगढ़ के राजा, बानपुर के राजा मर्दन सिंह आदि सभी ने रानी का साथ दिया। रानी ने ग्वालियर पर आक्रमण किया और वहां के किले पर अधिकार कर लिया। विजयोल्लास का उत्सव कई दिनों तक चलता रहा लेकिन रानी इसके विरुद्ध थीं। यह समय विजय का नहीं था, अपनी शक्ति को सुसंगठित कर अगला कदम बढ़ाने का था।

इधर जनरल स्मिथ और मेजर रूल्स अपनी सेना के साथ संपूर्ण शक्ति से रानी का पीछा करते रहे और आखिरकार वह दिन भी आ गया जब उसने ग्वालियर का किला घमासान युद्ध करके अपने कब्जे में ले लिया। रानी लक्ष्मीबाई इस युद्ध में भी अपनी कुशलता का परिचय देती रहीं। 18 जून 1858 को ग्वालियर का अंतिम युद्ध हुआ और रानी ने अपनी सेना का कुशल नेतृत्व किया। वे घायल हो गईं और अंततः उन्होंने वीरगति प्राप्त की। रानी लक्ष्मीबाई ने स्वातंत्र्य युद्ध में अपने जीवन की अंतिम आहुति देकर जनता जनार्दन को चेतना प्रदान की और राष्ट्रीय रक्षा के लिए बलिदान का संदेश दिया।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

संपादकीय

ईवीएम पर फिर घमासान

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ के दावे और सवाल रविवार को एक बार फिर से उठ खड़े हुए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया में मुंबई की एक खबर-जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुंबई उत्तर पश्चिम लोक सभा सीट से शिवसेना उम्मीदवार के एक रिश्तेदार ने चार जून को मतगणना के दौरान एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था जो ईवीएम से जुड़ा हुआ था-का हवाला देते हुए ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। हालांकि चुनाव आयोग ने मोबाइल से लिंक के दावे को खारिज कर दिया है, और फिर से स्पष्ट किया है कि ईवीएम स्वतंत्र प्रणाली है, और इसमें सुरक्षा के मजबूत उपाय हैं। राहूल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के चेयरमैन एवं टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क के एक पोस्ट का हवाला भी दिया जिसमें मस्क ने दावा किया है कि ईवीएम में छेड़छाड़ का खतरा बहुत अधिक है। उनका कहना है कि ईवीएम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हैक किया जा सकता है, इसलिए इसे हटाया जाना चाहिए। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि ईवीएम एक 'ब्लैक बॉक्स' है, और किसी को भी उसकी जांच की अनुमति नहीं है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की है। बहरहाल, इस प्रकार ईवीएम पर सवाल उठाया जाना कोई नई बात नहीं है। काफी समय तक ईवीएम को लेकर पक्ष-प्रतिपक्ष के बीच तकरार रही। मामला अदालत में भी पहुंचा। अदालत ने स्पष्ट फैसला देकर इस विवाद का अंत कर दिया था। लेकिन नये घटनाक्रम के बाद प्रतिपक्ष ईवीएम को फिर से संदेह के घेरे में लाने को प्रेरित हुआ है। उसे चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंता जतलाने, बल्कि कहें कि चुनाव में धांधली की आशंका जताने का मौका भी मिल गया है। प्रतिपक्ष चुनाव से जुड़ी संस्थाओं की जवाबदेही पर सवाल उठा रहा है, और जवाबदेही के अभाव में लोकतंत्र के दिखावा भर रह जाने की बात कह रहा है। ईवीएम को लेकर एक बार फिर से सियासी घमासान छिड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। जब ईवीएम को लेकर शक-संदेहों का चुनाव आयोग अपने स्तर पर निराकरण कर चुका है, अदालत ने भी व्यवस्था दे दी है, और सबसे बड़ी बात कि विपक्ष ईवीएम के जरिए चुनावी जीत को सहज लेता है, तो भी शक-संदेह जताना उसकी अपरिपक्वता दिखाता है।

चिंतन-मनन

श्रद्धा से मिलता है ज्ञान

एक बार बालक नचिकेता ने अपने पिता से कहा, आप ब्राह्मणों को जर्जर, कृशगात और अनुपयोगी गाय दान में दे रहे हैं। उन्होंने यह नहीं कहा कि ऐसा ठीक नहीं है परंतु पिता समझ गए कि यह मेरी निंदा कर रहा है, मेरा अनादर कर रहा है, मेरे कृत्य की भर्त्सना कर रहा है। नचिकेता ने पिता से कहा- शाछ्ा कहते हैं कि अच्छी वस्तु, अच्छी निधि तथा अच्छी संपदा का दान करना चाहिए। अगर आप दान ही कर रहे हैं तो मुझको किसे दान में देंगे ?

पिता को चुप लग गया लेकिन बालक नचिकेता बार- बार टोकने लगा- पिताजी ! आप मुझे किसे दान में देंगे ? आपने यह भी विचार किया होगा कि मुझे भी किसी को दान में देंगे। इस पर पिता ने प्रोध में कहा-मैं तुझे यमराज को दान में देता हूं। आज से तू यम की वस्तु हुआ। दान की गई वस्तु कभी ली नहीं जाती और कभी लौटाई नहीं जाती। अब तू मेरा नहीं रहा। चूंकि मैं तुझे दान कर चुका हूं इसलिए तू मेरे पास नहीं रहेगा।

बालक नचिकेता को यह बुरा नहीं लगा कि मेरे पिता ने मुझे कुछ कहा है। ऐसी श्रद्धा थी नचिकेता की अपने पिता के प्रति। यही श्रद्धा ज्ञानकारक बनी और नचिकेता को यमराज के द्वार पर लेकर गई। यमराज ने देखा कि यह सामान्य बालक नहीं, श्रद्धावान बालक था। जब हमारे पास श्रद्धा आती है तो वह हमें बाध्य करती है। गुरु के पास जो गुरुत्व है, साधु के पास जो साधुत्व है, संन्यासी के पास जो संन्यस्त है, गंगा के पास जो गंगत्व है,देवताओं के पास जो देवत्व है और भगवान के पास जो भगवत्ता है; उसके हम स्वाभाविक रूप से अधिकारी बन जाते हैं। श्रद्धावान व्यक्ति स्वाभाविक रूप से योग्यता रखता है चूंकि उसके पास तर्प नहीं होते।

नचिकेता संकल्लित मन से यमराज की चौखट पर बैठ गया। यमराज ने कहा-तू तीन दिन से मेरे द्वार पर बैठा है, बड़ा हठी है। मांग क्या मांगना चाहता है ? इस पर बालक नचिकेता ने कहा-मैं मृत्यु का भेद जानने आया हूं। जन्म-मृत्यु क्या है, यह भेद मुझे बता दीजिए।

यह सुनकर यमराज हतप्रभ हो गए। उन्होंने बालक नचिकेता के समक्ष ढेरों प्रलोभन रखते हुए कहा-तुम चप्रवर्ती सम्राट बनने, पृथ्वी पर प्रतिष्ठत और पूजित होने अथवा स्वर्ग की संपूर्ण संपदा प्राप्त करने का वर मांग

भारत में लैंगिक असमानता की बढ़ती खाई

विश्व आर्थिक मंच द्वारा हाल में प्रस्तुत किये गए लैंगिक अंतर के आंकड़ों ने एक ज्वलंत प्रश्न खड़ा किया है कि शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आधी दुनिया को उसका हक क्यों नहीं मिल पा रहा है? निस्संदेह, हमारे सत्ताधीशों को सोचना चाहिए कि लैंगिक अंतर सूचकांक में भारत 146 देशों में 129वें स्थान पर क्यों है? लगातार महिलाओं की दोयम दर्जा की स्थिति का बना रहना नीति-नियंताओं के लिये आत्ममंथन का मौका हैं। निश्चय ही यह स्थिति भारत की तरक्की के दावों से मेल नहीं खाती। इसके बावजूद उम्मीद जगाने वाला तथ्य है कि पिछले वर्ष जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की एक तिहाई हिस्सेदारी को लेकर विधेयक पारित हो चुका है। इसके बावजूद हाल में सामने आए आंकड़े परेशान करने वाले हैं और तरक्की के दावों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाने और कायदे कानूनों में बदलाव के बावजूद लैंगिक असमानता की खाई गहरी क्यों होती जा रही है। ये स्थितियां समाज में इस मुद्दे पर खुले विमर्श की जरूरत को बताती हैं। हालिया लोकसभा चुनाव में सीमित मात्रा में महिलाओं के संसद में पहुंचने ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। निश्चित रूप से तमाम सरकारी घोषणाओं के बावजूद जमीन पर महिला असमानता के दंश विद्यमान रहना बड़ी चुनौती है।

लैंगिक अंतर सूचकांक में पिछले साल भारत 127वें स्थान पर था, जो 2022 में 135वें स्थान से 1.4 प्रतिशत अंक और आठ पायदान ऊपर था। लेकिन इस वर्ष फिर दो पायदान ऊपर चढ़ा है। सूचकांक में भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश को 99वें, चीन को 106वें, नेपाल को 117वें, श्रीलंका को 122वें, भूटान को 124वें और पाकिस्तान को 145वें स्थान पर रखा गया है। आइसलैंड (93.5 फीसदी) फिर से पहले स्थान पर है और डेढ़ दशक से सूचकांक में सबसे आगे है। शीर्ष 10 में शेष नौ अर्थव्यवस्थाओं में से आठ ने अपने अंतर का 80 फीसदी से अधिक हिस्सा पाट लिया है। निश्चित तौर पर किसी भी समाज में पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में लंबा समय लगता है, लेकिन इस दिशा में सत्ताधीशों की तरफ से ईमानदार पहल होनी चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के आंकड़ों की तुलना दक्षिण एशिया के छोटे देशों से नहीं की जा सकती। इसमें दो राय नहीं कि पूरी दुनिया में सरकारों द्वारा लैंगिक समानता के लिये नीतियां बनाने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं निकले हैं। जिसकी एक वजह समाज में पुरुष प्रधानता की सोच भी है। जिसके चलते यह आभास होता है कि आधी दुनिया के कल्याण के लिये बनी योजनाएं महज घोषणाओं तथा फाइलों तक सिमट कर रह जाती हैं।

भारत में महिलाओं की उपेक्षा, भेदभाव, अत्याचार एवं असमानता की स्थितियों का बना रहना विडम्बनापूर्ण हैं। भारत में रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के स्वर तो बहुत सुनने को मिलते हैं, महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार भी पुरुषों के बराबर दिया गया है, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। हमारे सत्ताधीशों के लिये यह तथ्य विचारणीय है कि हमारे समाज में आर्थिक असमानता क्यों बढ़ रही है? हम समान कार्य के बदले महिलाओं को समान वेतन दे पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं? जाहिर है यह अंतर तभी खत्म होगा जब समाज में महिलाओं से भेदभाव की सोच पर विराम लगेगा। यह संतोषजनक है कि माध्यमिक शिक्षा में नामांकन में लैंगिक समानता की स्थिति सुधरी है। फिर भी महिला सशक्तीकरण की दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देर-सवेर महिला आरक्षण कानून का ईमानदार क्रियान्वयन समाज में बदलावकारी भूमिका निभा सकता है। जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक नेतृत्व इस मुद्दे को अपेक्षित गंभीरता के साथ देखे।

महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज भी महिला असमानता की स्थितियां बनी हुई है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे। सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा। क्योंकि भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है। भारत में महिला रोजगार को लेकर चिंताजनक स्थितियां हैं। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है। रोजगार या नौकरी का जो क्षेत्र स्त्रियों के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा जरिया रहा है, उसमें इनकी भागीदारी का अनुपात बेहद चिंताजनक हालात में पहुंच चुका है। यों जब भी किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

दावोस में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में ऑक्सफैम ने अपनी एक रिपोर्ट 'टाइम टू केयर' में घरेलू औरतों की आर्थिक स्थितियों का खुलासा करते हुए दुनिया को चौका दिया था। वे महिलाएं जो अपने घर को संभालती हैं, परिवार का ख्याल रखती हैं, वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदले में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यतः घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता। साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। प्रश्न है कि घरेलू कामकाजी महिलाओं के श्रम का आर्थिक मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता? घरेलू महिलाओं के साथ यह दोगला व्यवहार क्यों?

नरेन्द्र मोदी की पहल पर निश्चित ही महिलाओं पर लगा दोयम दर्जा का लेबल हट रहा है। हिंसा एवं अत्याचार की घटनाओं में भी कमी आ रही है। बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं। सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रही है। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू कर रही हैं। वे विदेशों में पढ़कर नौकरी नहीं, अपने गांव का सुधार करना चाहती हैं। अब सिर्फ अध्यापिका, नर्स, बैंकों की नौकरी, डॉक्टर आदि बनना ही लड़कियों के क्षेत्र नहीं रहे, वे अन्य क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। स्त्री शक्ति के प्रति सम्मान भावना ही नहीं, समानता, सह-अस्तित्व एवं सौहार्द की भावना जागे, तभी उनके प्रति हो रहे अपराधों में कमी आ सकेगी और लैंगिक असमानता को दूर किया जा सकेगा।

- ललित गर्ग

भ्रामक विज्ञापनः झूठ का बाजार-बड़ा कारोबार

बरसों पहले अखबार में छपे एक विज्ञापन को देख कर जुमला कहा गया था 'विज्ञापन कंबल की दर्शनीय टांगें, दुकानदार से जाकर हम क्या मांगें!' आज भी यह बात हर विज्ञापन पर सटीक बैठती है। बाजारवाद के इस दौर में ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जिसका विज्ञापन न किया जाता हो। विज्ञापन बनाने वाली कंपनियां इतनी चालाकी से अपने प्रोडक्ट की नुमाइश करती हैं कि न चाहते हुए भी वो प्रोडक्ट हमारे लिए जरूरी से लगने लगते हैं। यहां तक कि झूठे और भ्रामक विज्ञापनों से भी कोई गुरेज नहीं करतीं, लेकिन बीते दिनों पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रवैया अपनाया।

इसके बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय हरकत में आया और विज्ञापन कंपनियों को स्वप्रमाणन-पत्र जारी करने के निर्देश दिए। ऐसे में अगर कंपनियों के प्रोडक्ट में किए गए दावे गलत निकलते हैं, तो न केवल हजार्ना चुकाना होगा, बल्कि कार्रवाई के लिए भी तैयार रहने की बात कही गई है। मंत्रालय द्वारा ऐसे पोर्टल भी तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें विज्ञापनदाता स्वप्रमाणन-पत्र अपलोड़ करेंगे। भ्रामक विज्ञापनों में शामिल चर्चित हस्तियों को भी झूठ में शामिल माना जाएगा। अदालत के सख्त रुख के बाद देर से ही सही पर संबंधित मंत्रालय और व्यवस्थाएं जाग रही हैं वरना तो भ्रामक विज्ञापनों की ऐसी होड़ सी मची हुई है कि स्वयं कामदेव भी दंडवत हो जाए। गोरापन बढ़ाने वाली क्रीम तो बीते 54 सालों से भ्रामक विज्ञापनों के सहारे ही बिकती आई हैं। इन क्रीमों से गोरापन भले न मिला हो पर कंपनी को 2400 करोड़ रुपये सालाना का रेवेन्यू जरूर मिल रहा है। ऐसा ही हाल पेय पदार्थों को लेकर है जिनका मार्किट 7500 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है जबकि सॉफ्ट ड्रिंक का मार्किट 5700 करोड़ होने का अनुमान है। विडंबना देखिए कि



जिन पेय पदार्थों को स्वास्थ्यवर्धक बता कर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है, वही बीमारियों की वजह बन रहे हैं। जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली कंपनियों को तो सिर्फ अपना मुनाफा कमाना है जबकि आम जनता लुभावने विज्ञापनों के जाल में उलझी है। वैसे भी कहावत है कि अगर एक झूठ को 100 बार बोला जाए तो जनता उसे सच मान ही लेती है। यही वजह है कि सड़क से लेकर दीवार तक ऐसा कोई कोना नहीं है, जहां विज्ञापन न चस्पा हो। सुई से लेकर हवाई जहाज तक हर चीज का विज्ञापन दिखाया जाता है। समाचार चैनलों पर तो खबर से ज्यादा विज्ञापन प्रसारित हो रहे हैं। इन विज्ञापनों में इस हद तक अश्लीलता परोसी जाने लगी है कि परिवार के साथ बैठकर टेलीविजन देखना भी दूभर सा हो गया है। न्यूज चैनलों के बीच कॉन्डम का विज्ञापन देखकर लगता है जैसे कोई पोर्न चैनल देख रहे हों। परफ्यूम के विज्ञापन तो ऐसे होते हैं मानो रेप कल्चर को बढ़ावा दे रहे हों। कुल मिला कर देखा जाए तो महिलाओं को विज्ञापन के केंद्र में रखकर नारी देह को अश्लील तरीके से परोसा जा रहा है। विज्ञापनों में महिलाओं को कामुक दिखाने का चलन इस कदर बढ़ गया है जैसे नारी सिर्फ उपभोग की वस्तु हो!

कहने को तो हमारे देश में अश्लील प्रदर्शन के विरु द्ध कानूनी प्रावधान हैं, फिर भी उनकी खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं। कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों पर तो चाबुक चला दी पर विज्ञापनों के माध्यम से परोसी जा रही अश्लीलता को भी संज्ञान में लिया जाना चाहिए। सच है कि वर्तमान दौर में विज्ञापन हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं, बदलते परिवेश में विज्ञापनों का रंग-रूप भी बदल गया है। एक दूसरे से बेहतर दिखने-दिखाने की चाह में विज्ञापनों में अश्लीलता का ऐसा दौर शुरू हो गया जिसकी कल्पना नहीं की गई थी।

किसी के पास इन सवालों के कोई जवाब नहीं हैं कि ये विज्ञापन ह्यनारी देह' पर ही क्यों केंद्रित होते हैं? आखिर, एक स्त्री किसी पुरुष के अंडरवियर या परफ्यूम पर ही सम्मोहित कैसे हो सकती है? ऐसी क्या वजह है जो उत्पाद की बिक्री बढ़ाने के लिए महिलाओं के अंग प्रदर्शन और झूठ का सहारा लिया जाता है। विज्ञापन कंपनियां महिलाओं को उपभोग की वस्तु दिखाने से क्यों गुरेज नहीं करतीं? ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या जिस स्त्री स्वरूप की हमारी संस्कृति में देवी से तुलना की गई है, वो अब इसी की हकदार बची है? प्रेम और सेक्स कभी भी एक समान नहीं हो सकते और प्रेम और सेक्स को कभी समानांतर आंका भी नहीं जा सकता। लेकिन, विज्ञापनों ने उल्टी गंगा बहाना शुरू कर दिया। उनका एक ही मकसद है, स्त्रियों के कामोत्तेजक हाव-भाव और सम्मोहक अंदाज के जरिए पुरुष दर्शकों को आकर्षित करना। लेकिनङ्क हम पैसे बनाने और किसी ब्रांड को चमकाने के लिए स्त्री की क्या छवि गढ़ रहे हैं? सवाल उस नायिका का भी है, जो ऐसे विज्ञापनों में काम भी सिर्फ पैसे की खातिर कर लेती है। समाज में महिलाओं की स्वच्छ छवि विज्ञापनों के माध्यम से दिखानी होगी। कंपनियों को अपने प्रोडक्ट की गुणवत्ता बढ़ानी होगी ताकि झूठे प्रचार की आवश्यकता ही न पड़े। महिलाओं को भी आगे बढ़कर उन विज्ञापनों का विरोध करना होगा जिनमें महिलाओं की छवि को धूमिल किया जा रहा है। भ्रामक विज्ञापनों के मायाजाल को तोड़ना होगा ताकि इनके सम्मोहन से आम जनता को बचाया जा सके। **- सोनम लववंशी**

उ.कोरिया के सैनिकों की हिमाकत.... दक्षिण कोरिया की सीमा में घुसे

सियोल । देश के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के अनुसार, उत्तर कोरिया के सैनिकों द्वारा सीमा के पास सैन्य सीमांकन रेखा पार करने के बाद दक्षिण कोरिया की सेना ने चेतावनी के तौर पर गोलियाँ चलाईं। जेसीएस अधिकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 20 से 30 सैनिक असैन्यीकृत क्षेत्र के अंदर तक रेखा का उल्लंघन कर गए और दक्षिण कोरिया द्वारा चेतावनी के तौर पर गोलियाँ चलाने के बाद उत्तर की ओर वापस चले गए। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि जेसीएस को नहीं लगता कि उल्लंघन जानबूझकर किया गया था। जेसीएस अधिकारी ने बताया कि असैन्यीकृत क्षेत्र में बारूदी सुरंगों के विस्फोट के कारण काम करते समय उत्तर कोरियाई सैनिकों को भी कई हताहतों का सामना करना पड़ा। जेसीएस अधिकारी ने कहा कि उत्तर कोरिया की सेना अग्रिम पंक्ति में सैनिकों की तैनाती और बारूदी सुरंगें लगाने सहित कई गतिविधियाँ कर रही है। अधिकारी ने कहा, दक्षिण कोरियाई सेना ...सीमावर्ती क्षेत्र में उत्तर कोरियाई सेना की गतिविधियों पर बारीकी से नज़र रख रही है और साथ ही संयुक्त राष्ट्र कमांड के साथ मिलकर काम कर रही है। यह घटना तब हुई है, जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 24 साल में पहली बार बुधवार को उत्तर कोरिया का दौरा करने वाले है। सियोल के अधिकारियों ने बताया कि पिछले हफ़्ते, दक्षिण कोरिया की सेना ने लगभग 20 उत्तर कोरियाई सैनिकों के सीमा पार करने के बाद चेतावनी के तौर पर गोलियाँ चलाईं।

जब मूर्ति की आंखों से बहने लगा खून, लोगों ने माना दैवीय चमत्कार

-चर्च के अधिकारी बोले-ऐसे मुद्दे पर सावधानी बरतने की जरूरत

मेक्सिको सिटी । भारत ही नहीं दुनिया में धार्मिक मूर्तियों को लेकर चमत्कार चर्चा का विषय बन जाते हैं। कभी कोई मूर्ति दूध पीती है, तो कभी किसी मूर्ति से खून बहने लगता है। हाल ही में मैक्सिको में वर्जिन मैरी की मूति की आंखों से खून बहने की खबर ने शहर में सनसनी फैला दी है। कई लोग इसे दैवीय चमत्कार के साथ एक संदेश मान रहे हैं। इस पूरे मामले में चर्च का रवैया भी रोचक है। चर्च के अधिकारी इस मूर्ति के खून के आंसू रोने की घटना की जांच कर रहे हैं। मूर्ति में मैरी को लेडी ऑफ ग्वाडालूप के रूप में दिखाया गया है, जो उनके पांच दर्शनों में से एक है, जो 1500 के दशक में जुआन डिएगो नामक एक किसान और उसके चाचा जुआन बर्नार्डिनो को दिखाई दिया था। मेक्सिको के ओब्रेरा शहर के मोरेलिया में एक परिवार ने कैथोलिक अधिकारियों से संपर्क किया जब दो जून को मूर्ति की आंखों से लाल आंसू बहने लगे। मूर्ति का सटीक स्थान अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है, ऐसा इसमें शामिल परिवार की सुरक्षा के लिए किया गया है। मूर्ति की तस्वीरों में ऐसा लग रहा है कि उसके गालों पर काली धारियां हैं, जैसे कि वह खून के आंसू रो रही हो। इसमें यकीन रखने वालों का मानना है कि यह संकेत एक दिव्य संदेश है, लेकिन अक्सर इसकी व्यापक जांच की जाती है, क्योंकि स्थानीय चर्च अधिकारियों ने अब भक्तों से बहकने से बचने का आग्रह किया है। आर्च डायोसिस ने एक बयान में कहा कि यह कथित चमत्कार जैसे नाजुक मुद्दे पर विचार करते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच करने के लिए जरूरी उपाय किए जा रहे हैं। इसलिए, इस मामले पर कोई निश्चित स्थिति जारी करना जल्दबाजी होगी लेकिन चर्च ने इसे पारिवारिक प्रार्थना का अवसर जरूर माना और इसके लिए लोगों को आमंत्रित भी किया।

पंजाब से अमेरिका पहुंचा गौरव....दिन दहाड़े गोलियों की बौछार कर महिला को मार डाला

न्यू जर्सी । अमेरिका के नेवार्क शहर में तब भय का माहौल बन गया जब एक 19 साल के लड़के ने एक महिला पर गोलियों की बौछार कर दी। भारत के पंजाब का रहने वाले गौरव गिल को अमेरिकी पुलिस ने 29 साल के जसवीर कौर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने 20 वर्षीय गगनदीप कौर को भी हमले में घायल कर दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी हाल ही में अमेरिका पहुंचा था। वह वाशिंगटन राज्य के केंट शहर में रह रहा था। घटना सुबह न्यू जर्सी के कार्टरेट में एक रेसिडेंशियल बिल्डिंग के बाहर हुई। पुलिस ने हमलावर को कुछ घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया। एक रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी गिल और गगनदीप कौर, पहले से एक-दूसरे को जानते थे। दोनों पंजाब के कोचिंग सेंटर में तैयारी करते थे। गिल की गोली मरने वाली महिला जसवीर कौर, गगनदीप की चचेरी बहन है। गगनदीप हाल ही में स्टडी वीजा पर अमेरिका पहुंची थी और जसवीर के घर पर रुकी हुई थी। जसवीर पंजाब की रहने वाली हैं। वह न्यू जर्सी के कार्टरेट में अमेजन कंपनी में काम करती थी और उसका पति कैब ड्राइवर है, जो घटना के समय शहर से कहीं बाहर था। मृतका के पिता केवल सिंह ने बताया, 'हमारी बेटी ने उन्हें अपने साथ रखा और हर तरह से उनकी मदद की। घटना के समय जसवीर सो रही थी। गगनदीप का घर के बाहर आरोपी से झगड़ा हुआ और उन्होंने जसवीर को मदद के लिए बुलाया। जब जसवीर ने बीच-बचाव किया, तब आरोपी ने उनके चेहरे पर सात गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौत हो गई। केवल सिंह ने कहा कि उनकी बेटी और दामाद दोनों ही गगनदीप का बहुत साथ देते थे। गगनदीप और गौरव गिल हाल ही में और लगभग एक ही समय पर अमेरिका पहुंचे थे। उनकी मां ने कहा कि वह गौरव को नहीं जानती हैं और उन्हें नहीं पता कि उनके बीच कोई विवाद था या नहीं।

राफा की सड़कों पर इजराइली सेना और हमास के लड़कों के बीच खूनी संघर्ष जारी

तेलअवीव । इजरायल और हमास की जंग अब तेजी से इंसानों की बलि ले रही है। राफा के ताल अस-सुल्तान क्षेत्र में सड़कों पर लड़ाई जारी है। हमास के लड़ाके इजरायली सेना पर रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड और मोर्टार से हमला कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले इसतरह एक घातक हमले में आठ इजरायली सैनिक मारे गए थे। वहीं इजरायल की सेना ने दावा किया है कि उसने राफा शहर के लगभग 60 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया है। सात हफ्ते से राफा में चले जमीनी हमले में 550 फिलिस्तीनी लड़ाके मारे गए और इजरायल के 22 सैनिक मारे गए। इजरायल की सेना ने बहुत जरूरी मानवीय राहत पहुंचाने के लिए अपने सैन्य अभियान को रोकने की बात कही है। इसके एक दिन बाद राफा में व्यापारियों और राहत कर्मियों द्वारा सहायता ले जाने वाले ट्रकों का इंतजार करने के दौरान इजरायली गोलीबारी में करीब नौ फिलिस्तीनी मारे गए और कई गंभीर रूप से घायल। गाजा पर इजरायल के हमले पूरे फिलिस्तीनी परिवारों को खत्म कर रहे हैं। कुछ हमलों में एक ही परिवार की चार पीढ़ियां मर गई हैं। वहीं बंधकों की रिहाई नहीं होने से नाराज लोग देश के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। राफा पर इजरायली हमले के बाद गाजा में मानवीय सहायता पहुंचना करीब-करीब बंद हो गई है। रिफ्यूजीज इंटरनेशनल के प्रमुख ने कहा कि इजरायल का राफा पर हमला गाजा की अधिकांश आबादी के लिए विनाशकारी साबित हुआ है, जो मध्य और दक्षिणी इलाकों में फंसी हुई है।

स्टेज से गिरे हॉलीवुड स्टार इयान, अस्पताल में भर्ती

लंदन । दिग्गज हॉलीवुड स्टार इयान मैकेलेन नोएल कावर्ड थिएटर में परफॉर्मेंस दे रहे थे। तभी वे स्टेज से गिर गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एक बैटल सीन के दौरान मैकेलेन का पैर फिसल गया, जिसके चलते वह गिर पड़े। शो को रद्द कर दर्शकों को थिएटर से बाहर निकालना पड़ा। थिएटर के प्रतिनिधि ने बताया कि मैकेलेन जल्दी और पूरी तरह से ठीक हो जाएंगे। प्रोडक्शन ने मंगलवार, 18 जून को होने वाले परफॉर्मेंस को रद्द करने का फैसला लिया है, ताकि इयान आराम कर सकें। डॉक्टर रेचल और ली, जो दर्शकों में शामिल थे, और वेन्यू स्टाफ के सभी कर्मचारियों को सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। बताया जा रहा है कि मैकेलन प्लेयर किंग्स में जॉन फालस्टाफ का किरदार निभा रहे थे। दो अन्य किरदारों से जुड़े फाइट सीन के दौरान मैकेलन स्टेज से गिर गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता के चिल्लाने पर कर्मचारी मदद के लिए दौड़ पड़े। मैकेलन ने शेक्सपियर के नाटकों में रोल प्ले किया है। उन्होंने मैकबेथ, किंग लियर, रिचर्ड 2, इयागो और रिचर्ड 3 जैसे स्टेज रोल्स निभाए हैं।



जेरुसलम में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए लोग। ये लोग बंधकों की रिहाई की मांग कर रहे थे।

भगोड़े विजय माल्या के बेटे की लंदन में शादी

लंदन। भारत की बैंकों के हजारों करोड़ लेकर भागे उद्योगपति विजय माल्या के बेटे सिद्धार्थ माल्या की शादी होने वाली है। सिद्धार्थ ने खुद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। वह अपनी गर्लफ्रेंड जैस्मीन से शादी करने वाले हैं। सिद्धार्थ माल्या ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी है। सिद्धार्थ अमेरिका के लॉस एंजिलिस में पैदा हुए हैं और अपने पिता के साथ ही लंदन में रह रहे हैं। उन्होंने लंदन के ही वेलिंगटन कॉलेज और क्वीन मेरी यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। इसके अलावा वह रॉयल सेंट्रल स्कूल ऑफ स्पीच एंड ड्रामा में भी पढ़ चुके हैं। इसके बाद उन्होंने मॉडलिंग और ऐक्टिंग के करियर की शुरुआत की। सिद्धार्थ ने जैस्मीन के साथ तस्वीर शेयर की है और कैप्शन में लिखा है, वेडिंग वीक की शुरुआत हो चुकी है। उनकी इस पोस्ट पर मित्र और रिश्तेदारों ने शुभकामनाएं दी हैं। सिद्धार्थ ने जो तस्वीर शेयर की है, उसमें वह क्रीम कलर की शर्ट और हल्की गुलाबी पैंट में दिख रहे हैं। वहीं जैस्मीन ने भी सफेद कलर की ड्रेस पहन रखी है। इससे पहले बीते साल नवंबर में सिद्धार्थ माल्या ने बताया था कि उन्होंने जैस्मीन को प्रपोज किया है। इसके साथ ही दो तस्वीरें भी शेयर की थीं। इनमें से एक तस्वीर में वह घुटनों पर बैठकर जैस्मीन को प्रपोज कर रहे थे। वहीं दूसरी में जैस्मीन एंगेजमेंट रिंग दिखाती नजर आती हैं। सिद्धार्थ माल्या पेशे से ऐक्टर और मॉडल हैं। वहीं उनके पिता यूबी ग्रुप के चेयरमैन रहे हैं, जो शराब कंपनी थी। विजय माल्य पर करीब 10 हजार करोड़ रुपये भारतीय बैंकों के बकाया हैं। वह कई सालों से विदेश में हैं और भारतीय एजेंसियां उनके प्रत्यर्पण के प्रयास कर रही हैं।

अजीत डोभाल से मिले अमेरिका के एनएसए जेक सुलिवन, दोनों देशों ने उद्योग और शिक्षा जगत पर दिया जोर

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। भारत और अमेरिका ने सोमवार को अपनी रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी में अगले कदमों पर सहमति जताई और रक्षा, अंतरिक्ष और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में प्रमुख पहलों के साथ आगे बढ़ते हुए रणनीतिक व्यापार में लंबे समय से चली आ रही बाधाओं को दूर करने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन की सह-अध्यक्षता में महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी (iCET) पर भारत-अमेरिका पहल की दूसरी बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा हुई। मामले से परिचित लोगों ने बताया कि iCET उन्नत सैन्य हार्डवेयर विकसित करने, उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के लिए मानक निर्धारित करने और अगली पीढ़ी के चिप्स और दूरसंचार विकसित करने के लिए सहयोग को बढ़ावा देने के संयुक्त प्रयासों का शिखर है।

इस साल सुलिवन ने दो बार भारत की यात्रा टाली क्योंकि बाइडेन प्रशासन इजरायल-हमास संघर्ष में व्यस्त था, और लोगों ने बताया कि भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच उनकी यात्रा भारत में नई गठबंधन सरकार के गठन के बाद निरंतरता बनाए रखने की अमेरिका की इच्छा को दर्शाती है।

अजीत डोभाल और जेक सुलिवन की मुलाकात

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के साथ विस्तृत चर्चा की और इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से महत्वाकांक्षी 'महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर भारत-अमेरिका पहल' (आईसीईटी) के क्रियान्वयन, द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया।

सुलिवन 17 से 18 जून तक दिल्ली की यात्रा पर हैं, जो मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आने के बाद अमेरिका के जो बाइडन प्रशासन के किसी वरिष्ठ अधिकारी की पहली भारत यात्रा है।

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) सुलिवन के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिसमें अमेरिका के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और उद्योग जगत के दिग्गज शामिल हैं। ऐसी जानकारी मिली है कि दोनों देशों के एनएसए ने प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) पर भी विचार-विमर्श किया, जिसकी शुरुआत में पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति के मद्देनजर देरी हो रही है। सुलिवन की भारत यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच इटली के अपुलिया क्षेत्र में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई संक्षिप्त बातचीत के तीन दिन बाद हुई है।

बाइडन प्रशासन के शीर्ष अधिकारी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात की। उनके प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलने की उम्मीद है। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, आज सुबह नयी दिल्ली में अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन का स्वागत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर व्यापक चर्चा हुई।

उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी हमारे नए कार्यकाल में मजबूती से आगे बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मई 2022 में तोक्यो में क्वाड सम्मेलन से इतर 'आईसीईटी' की शुरुआत की थी।

उसके बाद दोनों एनएसए ने सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कम्प्यूटिंग, रक्षा नवाचार, अंतरिक्ष और आधुनिक दूरसंचार समेत नयी एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के विविध पहलुओं पर साझेदारी के क्षेत्रों को चिह्नित करने के लिए समन्वित प्रयास किए हैं। दोनों पक्षों ने आईसीईटी के अंतर्गत नये क्षेत्रों को शामिल किया है, जिसमें जैव प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज और दुर्लभ मृदा प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, डिजिटल कनेक्टिविटी, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और उन्नत सामग्री शामिल हैं।

डोभाल-सुलिवन वार्ता

डोभाल-सुलिवन वार्ता से परिचित लोगों ने बताया कि इस यात्रा से दोनों एनएसए को प्रगति की समीक्षा करने और आईसीईटी के लिए नयी प्राथमिकताएं निर्धारित करने का अवसर देती है। दोनों दोनों के एनएसए ने द्विपक्षीय मुद्दों पर भी चर्चा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भारत-अमेरिका साझेदारी की समीक्षा की। वे दोनों देशों के अंतर-विभागीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आईसीईटी की पहली वार्षिक समीक्षा की अध्यक्षता भी करने वाले थे। मंगलवार को, दोनों एनएसए भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित उद्योग सीईओ के साथ भारत-अमेरिका आईसीईटी गोलमेज में प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे।

जापान में जानलेवा 'मांस खाने वाले बैक्टीरिया' का प्रकोप... जानें कितना है इसके दुनिया भर में फैलने का खतरा

। कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील के बाद, जापान में एक दुर्लभ और घातक मांस खाने वाले जीवाणु संक्रमण के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। स्ट्रेप्टोकोकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम (स्ञ्जस्-) के रूप में जाना जाने वाला यह भयानक रोग संक्रमण के सिर्फ़ 48 घंटों के भीतर जानलेवा हो सकता है। जापान के राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान के आंकड़ों के अनुसार, देश में इस वर्ष लगभग 1,000 मामले सामने आ चुके हैं, जो पिछले वर्ष की संख्या से अधिक है। एसटीएसएस ग्रुप ए स्ट्रेप्टोकोकस (जीएएस) बैक्टीरिया के कारण होने वाला एक गंभीर संक्रमण है। ये जीवाणु विषाक्त पदार्थ उत्पन्न करते हैं जो शरीर में अति-सूजन प्रतिक्रिया को सक्रिय कर देते हैं, जिससे तेजी से ऊतक परिगलन, अत्यधिक दर्द और सदमा उत्पन्न होता है। बैक्टीरिया तेजी से रक्तप्रवाह और अंगों में प्रवेश कर सकता है, जिससे कुछ ही समय में कई अंग काम करना बंद कर सकते हैं। एसटीएसएस के प्रारंभिक लक्षणों में बुखार, मांसपेशियों में दर्द और उल्टी शामिल हैं, लेकिन यह स्थिति जल्दी ही जीवन के लिए खतरा बन सकती है, क्योंकि शरीर सदमे में चला जाता है और निम्न रक्तचाप, सूजन और कई अंगों की विफलता हो सकती है। यू.एस. सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सी.डी.सी.) के अनुसार, 'उपचार के बावजूद, एस.टी.एस.एस. जानलेवा हो सकता है। एस.टी.एस.एस. से पीड़ित 10 लोगों में से तीन लोग संक्रमण से मर जाते हैं।' जानकारी के मुताबिक दो जून तक, जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एसटीएसएस के 977 मामले दर्ज किए थे, जिसकी मृत्यु दर 30 प्रतिशत तक है। जनवरी से मार्च के बीच, संक्रमण से 77 लोगों की मौत हो गई। जापान में चल रहा यह प्रकोप पहले ही पिछले साल के 941 प्रारंभिक संक्रमणों के पिछले रिकॉर्ड को पार कर चुका है - जो 1999 में सांख्यिकी शुरू होने के बाद से सबसे अधिक है। पिछले वर्ष, एस.टी.एस.एस. के कारण 97 मौतें हुईं, जो पिछले छह वर्षों में मृत्यु की दूसरी सबसे बड़ी संख्या थी। टोक्यो महिला चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर केन किकुची ने बीमारी के तेजी से बढ़ने पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'अधिकांश मौतें शुरुआती लक्षण दिखने के 48 घंटों के भीतर हो जाती हैं।' मामलों में वृद्धि कोविड-19 के बाद लोगों की कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण हो सकती है। किकुची ने एनएचके को बताया, ÷अगर हम लगातार बैक्टीरिया के संपर्क में रहते हैं तो हम अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते हैं।

निखिल गुप्ता ने कहा- मैं बेकसूर हूं, पन्नू की हत्या की साजिश से मेरा कोई लेना देना नहीं

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप झेल रहे भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को अमेरिकी अदालत में पेश किया गया। जहां उन्होंने अपनी बात रखते साफकहा कि पन्नू की हत्या की साजिश रचने में मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं पूरी तरह बेकसूर हूं। अभियोजन पक्ष ने गुप्ता पर खालिस्तानी नेता की हत्या के लिए एक व्यक्ति को सुपारी देने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। निखिल गुप्ता पर भारत सरकार द्वारा आतंकवादी घोषित खालिस्तान के लिए अभियान चलाने वाले गुरपतवंत सिंह पन्नून को मारने की साजिश रचने का आरोप है। चेक गणराज्य से प्रत्यर्पण के बाद गुप्ता को ब्रुकलिन में एक जेल में रखा गया है। 52 वर्षीय गुप्ता को पिछले साल 30 जून को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद अमेरिका ने उनके प्रत्यर्पण की मांग की थी। सदर्न न्यूयॉर्क के संघीय अदालत में मजिस्ट्रेट जज जेम्स कॉट ने 28 जून को होने वाली सुनवाई तक निखिल गुप्ता को हिरासत में रखने का आदेश दिया। निखिल गुप्ता के वकील जेफ्री चैब्रो ने जमानत के लिए आवेदन नहीं किया। अदालत कक्ष के बाहर जेफ्री चैब्रो ने कहा कि यह भारत

और अमेरिका के लिए एक जटिल मामला है और निर्णय के लिए जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। इस साल की शुरुआत में चेक संवैधानिक न्यायालय में उनके प्रत्यर्पण के खिलाफ उनकी अपील के कारण उनका प्रत्यर्पण रुका हुआ था। पिछले महीने उनकी अपील खारिज होने पर उन्हें अमेरिका भेजे जाने का रास्ता साफ हो गया। जनवरी में न्यूयॉर्क की अदालत में एक याचिका दाखिल कर गुप्ता के वकील ने कहा था कि उन्हें प्राग में हिरासत में रहने के दौरान बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित रखा गया। वकील ने जनवरी में अदालत से अनुरोध किया था कि अभियोजन पक्ष को मामले के बारे में बचाव पक्ष को अधिक जानकारी प्रदान करने का आदेश दिया जाए, ताकि वह गुप्ता का बचाव किया जा सके। उन्होंने मजिस्ट्रेट को यह भी बताया कि निखिल गुप्ता शाकाहारी हैं। इसलिए उन्हें जेल में शाकाहारी खाना उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

वजह आई सामने... क्यों ऑस्ट्रेलिया से निकले गए थे चार भारतीय खुफिया अधिकारी

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी) की जांच के अनुसार, करीब चार भारतीय खुफिया अधिकारियों को 2020 में ऑस्ट्रेलिया छोड़ने को कहा गया था, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर संवेदनशील रक्षा प्रौद्योगिकी और हवाई अड्डे की सुरक्षा प्रोटोकॉल तक पहुँचने का प्रयास किया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चार अधिकारी चुपचाप ऑस्ट्रेलिया छोड़ गए और यह मुद्दा द्विपक्षीय रूप से नहीं बढ़ा।

अधिकारियों के निष्कासन ने भारत को रूस और चीन जैसे देशों के बराबर खड़ा कर दिया है, जो विदेशों में प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के लिए कुख्यात हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया, वे पूर्व और वर्तमान राजनेताओं के साथ-साथ राज्य पुलिस सेवा को भी निशाना बना रहे थे। महत्वपूर्ण बात यह है कि उन पर ऑस्ट्रेलियाई भारतीय समुदाय की निगरानी करने का भी आरोप लगाया गया था।

रिपोर्ट ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन के प्रमुख माइक बर्गेस द्वारा 2021 में खुलासा किए जाने के वर्षों बाद आई है कि संगठन ने ऑस्ट्रेलिया में जासूसों के एक घोंसले को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया था। बर्गेस ने कहा था, हमने विदेशी जासूसों का सामना किया और चुपचाप और पेशेवर तरीके से उन्हें हटा दिया। इससे पहले अप्रैल 2024 में, एक मीडिया रिपोर्ट में बताया कि भारत की विदेशी खुफिया सेवा, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के दो अधिकारियों को 2020 में ऑस्ट्रेलिया से निकाला गया था। इसके बाद, स्कॉट मॉरिसन सरकार द्वारा कई भारतीय अधिकारियों को ऑस्ट्रेलिया से हटाया जा रहा था। मई 2022 में मॉरिसन के बाद एंथनी अल्बानीज प्रधानमंत्री बने। इन रिपोर्टों में भारतीय प्रवासियों के सदस्यों की निगरानी और उन्हें डराने-धमकाने में भारतीय खुफिया एजेंसियों की कथित गतिविधियों की ओर भी इशारा किया गया। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने तब 2020 की घटना की पुष्टि करने से इंकार किया था, लेकिन उन्होंने हमारे [ऑस्ट्रेलियाई] लोकतंत्र की लचीलापन सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया, जिसमें विदेशी हस्तक्षेप के किसी भी सुझाव का सामना करना भी शामिल है।

समुद्र में डूबे दो जहाज, 11 की मौत, 66 से ज्यादा लापता, पहले भी हुए हैं हादसे

रोम। प्रवासी नावों में कुछ खराबी आने के कुछ घंटों बाद इटली के तट के पास सोमवार को समुद्र में दो जहाज डूब गए, जिसमें कम से कम 11 प्रवासियों की मौत हो गई, जबकि 66 अन्य लापता हैं। इससे भी इस तरह की घटनाएं सामने आई हैं। संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार, इस वर्ष अब तक भूमध्य सागर को पार करते हुए लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं या लापता हो गए हैं। 2023 में 3,155 लोग लापता हो गए थे। दक्षिणी इटली में कैलाब्रिया के तट से लगभग 120 मील (193 किमी) दूर संकट में फंसी नाव को देखकर एक मर्चेंट शिप ने सबसे पहले एसओएस कॉल किया, जिसके बाद बचाव अभियान चलाया गया। मर्चेंट शिप ने 12 लोगों को बचाया और इटली के कोस्ट गार्ड जहाज के आने तक उनकी सहायता की। कोस्ट गार्ड के अनुसार, एक महिला की जहाज से उतरने के तुरंत बाद मौत हो गई, वो बहुत बीमार थी। कोस्ट गार्ड ने एक बयान में कहा, नाव के डूबने के बाद बचे लोगों की तलाश जारी है। कोस्ट गार्ड ने बताया कि दो इतालवी गश्ती नौकाएं और एक एटीआर42 विमान खोज में शामिल हैं और जल्द ही मेडिकल टीमों के साथ एक और गश्ती जहाज खोज अभियान में शामिल हो जाएगा। सोमवार देर शाम तक कोई और जीवित नहीं मिला।जिन 66 लोगों के मरने की आशंका है, उनमें 26 नाबालिग हैं। जीवित बचे लोगों के बयान के अनुसार, यह नाव पिछले सप्ताह तुर्की से रवाना हुई थी, जिसमें इराक, सीरिया, ईरान और अफगानिस्तान से प्रवासी और शरणार्थी सवार थे। इतालवी अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। नाव भूमध्य सागर के रास्ते यूरोप पहुंचने की कोशिश कर रही थी।

अब गायब हुए विमान का पता लगाएगी हाइड्रोफोन रिकॉर्डिंग

-239 लोगों के साथ लापता हुआ विमान आज भी बना हुआ रहस्य

लंदन (एजेंसी)। आज भी दुनिया में कई हवाई जहाज हादसे रहस्य बने हुए हैं। कुछ की जांच पड़ताल अभी भी चल रही है। 2014 में लापता हुए बोइंग 777 की एक दशक से भी ज्यादा समय से चल रही खोज में रडार, उपग्रह, वायु और सोनार अनुसंधान शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एक रिसर्च का मनना है गायब हुए एमएच370 विमान के रहस्य को जल्द सुलझा लिया जाएगा। इसकी वजह एक ऐसी ध्वनि है जो दुनिया को जवाब दे सकती है जिसकी सभी को उम्मीद थी लेकिन अब ऐसा कहा जा रहा है कि कुछ सरल चीज उस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की सच्चाई को उजागर कर सकती है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक कार्डिफ विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं का कहना है कि उनके हाइड्रोफोन रिकॉर्डिंग है जिसकी बदौलत विमान में सवार 239 लोगों के साथ क्या हुआ, इसका पता चल सकता है। हाइड्रोफोन रिकॉर्डिंग का उपयोग परमाणु विस्फोटों का पता लगाने और समुद्र में दबाव में बदलाव की निगरानी के लिए किया जाता है। फ्लाइट 370 मलेशिया एयरलाइंस द्वारा संचालित एक अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ान थी जो 8 मार्च, 2014 को रडार से गायब हो गई थी। उस समय विमान में 227 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे और इसके लापता होने के बाद हिंद महासागर, ऑस्ट्रेलिया के पश्चिम से लेकर मध्य एशिया तक खोज अभियान चलाया गया था। मलबे के कुछ हिस्से बहकर आ चुके हैं, लेकिन विमान के लापता होने का स्थान या उसमें क्या गलत हुआ, इसका पता आज तक नहीं चल पाया। विश्वविद्यालय में गणितज्ञ और इंजीनियर डॉ. उसामा कादरी कहते हैं कि विमान के लापता होने के समय पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के केप लीउविन और डिएगो गार्सिया में संयुक्त राज्य अमेरिका के हिंद महासागर नौसैनिक अड्डे पर हाइड्रोफोन काम कर रहे थे। वे कई सवालों का जवाब दे सकते हैं। उनका कहना है कि 200 टन के विमान की दुर्घटना से एक छोटा सा भूकंप आया होगा जिससे हजारों किलोमीटर दूर से भी हाइड्रोफोन को रिकॉर्ड कर सकते हैं।

दक्षिण अफ्रीका पर अजेय बढ़त बनाने उतरेगी भारतीय महिला टीम

बेंगलुरु (एजेंसी)। पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर चिंतित होगी।

भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में हालांकि उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में लगातार खराब प्रदर्शन है। उन्होंने वनडे में अपना आखिरी अर्धशतक 2022 में लगाया था। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। उन्हें टीम ने अपनी जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलने की जरूरत है।

कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल पा रहा है। पिछले 5 मैच में उन्होंने 14, 9, 5, 3 और 10 रन बनाए। चोट से उबर कर वापसी करने वाली शीर्ष क्रम की एक अन्य बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स भी प्रभावित करने में नाकाम रही। इन सभी को मंधाना से सीख लेने की जरूरत है जिन्होंने वनडे में छठा शतक लगाया। यह बाएं हाथ की बल्लेबाज अच्छी लय में है। उन्होंने फरवरी 2022 के बाद वनडे में सात अर्धशतक और दो शतक लगाए हैं। भारतीय टीम को उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

गेंदबाजों में अपना पहला मैच खेल रही लेग स्पिनर आशा शोभना ने 21 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन टीम प्रबंधन तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की फिटनेस को लेकर चिंतित होगा जो दक्षिण अफ्रीका की पारी के दौरान 18वें ओवर में मैदान छोड़कर चली गई थी। उनके नहीं खेलने पर अरुंधति रेड्डी को टीम में लिया जा सकता है। जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो अगर उसे श्रृंखला जीवंत रखती है तो उसके बल्लेबाजों को भारतीय स्पिनरों का डटकर सामना करना होगा। पिछले मैच में भारतीय स्पिनरों आशा, दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने मिलकर सात विकेट लिए थे।

टीम

भारत = हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), दयालन हेमलता, राधा यादव, आशा शोभना, श्रेयंका पाटिल, साइका इशाक, पूजा वस्त्रकार, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, प्रिया पुनिया।

दक्षिण अफ्रीका = लॉरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मिके डी रिडर, सिनालो जाफ्ता, मारिजाने काप, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, एलिज-मारी मार्ज, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुकुने, नोंडुमिसो शंगासे, डेलमी टकर।

सुपर आठ मुकाबलों से पहले तरोताजा होने वॉलीबाल खेलते दिखे भारतीय खिलाड़ी

बारबडोस (एजेंसी)। भारतीय टीम अब टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर आठ मुकाबलों में उतरने के लिए तैयार है। भारतीय टीम ने लीग मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया था जिससे वह उत्साहित है। भारतीय टीम को सुपर आठ में अपना पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस?तान से खेलना है। इससे पहले भारतीय टीम के खिलाफ तरोताजा होने के लिए बीच पर वॉलीबाल खेलते हुए दिखे। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो भी डाला है।

टीम इंडिया को अफगानिस?तान के खिलाफ पहले सुपर-8 मैच के बाद 22 जून को बांग?लादेश के खिलाफ खेलना है। इसके बाद उसे अपने अंतिम मैच में 24 जून को ऑस?ट्रेलिया से खेलना होगा। सुपर-8 में चार-चार टीमों के दो ग्रुप बनाए गए हैं। कम से कम तीन में से दो मैच जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। हर ग्रुप से दो टीमें अगले दौर में पहुंचेंगी।

भारतीय टीम सुपर-8 के लिए पहले अपनी अंतिम ग्यारह में कोई बदलाव करना नहीं चाहेंगी हालांकि विराट कोहली की फॉर्म को लेकर चिंता बनी हुई है। विराट लीग स्तर में विफल रहे थे। वहीं बल्लेबाजी कोच विक्रम राठोड़ का कहना है कि नेट्स में विराट पूरी तरह से फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उनके बल?ले से रन नहीं आना फिलहाल कोई चिंता की बात नहीं है। अब तक भारतीय टीम इस विश्वकप में बड़ा स्कोर नहीं बना पायी है। ऐसे में उसका लक्ष्य सुपर-आठ में बड़े स्कोर बनाना रहेगा।

कीवी गेंदबाज फर्ग्यूसन ने रचा इतिहास, चार ओवर में बिना कोई रन दिये चार विकेट लिए

फ्लोरिडा (एजेंसी)। आईसीसी टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ने पापुआ न्यूगिनी के खिलाफ एक ऐसा रिकार्ड बनाया है। जिससे तोड़ना किसी भी गेंदबाज के लिए संभव नजर नहीं आता है। इस मैच पापुआ न्यूगिनी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 78 रनों पर ही सिमट गयी थी। इस मैच में फर्ग्यूसन ने अपने चार ओवर में एक भी रन नहीं देते हुए तीन विकेट लिए। पारी के 4.1 ओवर में फुर्ग्युसन ने पीएनजी के कप्तान असद वाला को डेरेल मिचेल के हाथों कैच करवाया। इसके बाद 11.2 ओवर में चार्ल्स अमिनी को एलबीडब्लयू किया और 13.2 ओवर में चाद सोफर को बोल्ड कर तीसरा विकेट लिया। यह टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन है। इससे पहले टी20 क्रिकेट में सिर्फ एक बार ऐसा हुआ है जब किसी गेंदबाज ने 4 ओवर मेडन डाले हैं। साल 2021 में पनामा के खिलाफ कनाडा के साद बिन जफर ने 4 ओवर मेडन डालकर 2 विकेट लिए थे।

आईसीसी रैंकिंग : स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंची

दुबई (एजेंसी)। भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज मंधाना ने घरेलू मैदान पर अपना पहला शतक जड़ते हुए 117 रन की मैच विजयी पारी खेली और तीन मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की 143 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। मंधना के 715 अंक हैं और वह श्रीलंका की चामरी अटापट्टू से पीछे हैं जिन्होंने इंग्लैंड की नताली स्काइवर-ब्रंट को अपनी नंबर एक रैंकिंग गंवा दी थी। इंग्लैंड की ऑलराउंडर स्काइवर-ब्रंट ने पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 124 रन की शानदार पारी खेलकर अपना नंबर एक स्थान फिर हासिल किया। भारत की सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तीन पायदान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गई है जबकि पूजा वस्त्राकर तीन पायदान ऊपर 38वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में वस्त्राकर ने सबसे लंबी छलांग लगाई है। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी चार पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी खिलाड़ी मारिजाने कैप एकदिवसीय ऑलराउंडर की रैंकिंग में नंबर एक पर बनी हुई हैं। एकदिवसीय गेंदबाजी सूची में दीप्ति ने श्रृंखला के पहले मैच में 10 रन पर दो विकेट चटकाकर एक स्थान का सुधार करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने शीर्ष पर अपनी मजबूत बढ़त बनाए रखी है।

चावला ने कहा, अभी का भारतीय गेंदबाजी आक्रमण है सर्वश्रेष्ठ

नई दिल्ली ।टी20 विश्वकप में इस बार भारतीय टीम के गेंदबाजों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। जसप्रीत बुमराह से लेकर अर्शदीप सिंह तक सभी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। पाकिस्तान के खिलाफ इसी कारण टीम 119 रनों के स्कोर का बचाव करने में सफल रही। इसी को लेकर पूर्व स्पिनर पीयूष चावला ने कहा है कि ये भारत का सर्वकालिक महानतम गेंदबाजी आक्रमण है। उन्होंने कहा कि कि हाल के कुछ साल में भारत का गेंदबाजी आक्रमण विश्व में शीर्ष पर पहुंच गया है। चावल के अनुसार जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या जैसे तेज गेंदबाजों के अलावा टीम के पास स्पिनर कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल और अक्षर पटेल हैं। टी20 विश्व कप इसी कारण भारतीय गेंदबाजों ने कम स्कोर वाले मुकाबलों में भी जीत हासिल की है। चावला ने कहा, पिछले कुछ सालों से भारत का गेंदबाजी आक्रमण वास्तव में बदल गया है। अब हमारे पास दुनिया की सबसे पूर्ण और घातक गेंदबाजी इकाइयों में से एक है, जिसने टीम को संतुलन मिलता है इससे बल्लेबाजों को अपना स्वाभाविक खेल खेलने की अधिक आजादी मिली है।

विंबलडन चैंपियन वोंद्रोसोवा ने जीत के साथ की ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत

बर्लिन - विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने अपने ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर रेबेका मसारोवा के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ की। पांचवीं वरीय वोंद्रोसोवा ने रेबेका को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वोंद्रोसोवा ने तीन बार रेबेका की सर्विस तोड़ी और फोरहैंड विनर लगाकर जीत हासिल की। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में भी स्पेन की इस खिलाड़ी को हराया था। वोंद्रोसोवा दूसरे दौर में अन्ना केलिन्सकाया से भिड़ेंगी। पिछले साल वोंद्रोसोवा विंबलडन खिताब जीतने वाली पहली गैरवरीय महिला खिलाड़ी बनीं थी। उन्होंने फाइनल में 2022 की उप विजेता ओन्स जेब्युर को 6-4, 6-4 से हराया था।

रोहित, विराट सुपर आठ और आगे बेहतर प्रदर्शन करेंगे तो पिछला खराब प्रदर्शन प्रशंसक भूल जाएंगे : मांजरेकर

मुम्बई ।पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि अगर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली सुपर आठ और आगे के मैचों में बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो लीग चरण में इनके खराब प्रदर्शन को लोग भूल जाएंगे। मांजरेकर के अनुसार रोहित टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल जैसे बड़े मैचों में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण में उनका प्रदर्शन अधिक मायने नहीं रखेगा। विराट ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह पांच रन ही बना पाये हैं। रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया पर पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ वह रन नहीं बना पाये। मांजरेकर ने कहा, 'अगर आपने रोहित और विराट जैसे खिलाड़ियों का चयन किया है, तो आपने अनुभव को प्राथमिकता दी है। आप अपने अनुभवी खिलाड़ियों को विश्व कप में ले जाना चाहते हैं, जिससे वे तब अच्छा प्रदर्शन करें, जब वास्तव में इसकी सबसे अधिक जरूरत हो। उन्होंने कहा, 'इसलिए मुझे इसको लेकर कोई परेशानी नहीं है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी लय में नहीं हैं। अगर यह खिलाड़ी सेमीफाइनल या फाइनल में निर्णायक पारी खेलकर टीम को विजेता बनाते हैं तो आपके सीनियर खिलाड़ियों से इसी तरह के प्रदर्शन की अपेक्षा की जाती है। साथ ही कहा, 'अगर आपका कोई युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आपके लिए बोनस है हालांकि सीनियर खिलाड़ियों को अधिक योगदान देना चाहिए और मुझे लगता है कि यही वजह है कि चयन समिति ने टी20 विश्व कप के लिए अनुभव को प्राथमिकता दी। वहीं युवा शिवम दुबे ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मांजरेकर को अब भी शिवम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'हमें इसके लिए इंतजार करना होगा कि शिवम ने आईपीएल में जिस तरह से स्पिनरों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। वह उस प्रदर्शन को दोहरा पाते हैं या नहीं।

भारतीय टीम को सुपर आठ में बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिजुर से रहना होगा सतर्क

एंटीगा (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम अभी टी20 विश्वकप के सुपर आठ की तैयारियों में लगी है। इसमें भारतीय टीम का पहला मुकाबल 20 जून को अफगानिस्तान और 22 जून को बांग्लादेश और 24 जून को ऑस्ट्रेलिया से होना है। सुपर आठ में भारतीय टीम के सभी मुकाबले वेस?टइंडीज में खेले जाएंगे। इसमें भारतीय टीम को रोहित शर्मा एंड कंपनी के मुकाबले अफगानिस?तान, बांग?लादेश और ऑस?ट्रेलिया से है। सुपर आठ में सभी टीमों से उसे सावधान रहना होगा क्योंकि यहां तक पहुंची अफगानिस्तान भी कमजोर नहीं मानी जा सकती है। भी

भारतीय टीम को विशेष रुप से बांग?लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान से सतर्क रहना होगा। रहमान आजकर जबरदस्त फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वह विरोधी टीमों के बल्लेबाजों के लिए मुसीबत बनते नजर आ रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम के बल्लेबाजों को रहमान के खिलाफ अलग रणनीति बनानी होगी। रहमान ने श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान अपने चार ओवरों में महज 17 रन दिए थे और तीन अहम बल्लेबाजों को आउट किया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुस?ताफिजुर ने अपने चार ओवरों में महज 18 रन ही दिए हालांकि वो विकेट नहीं ले पाये थे। फिर नीदरलैंड्स के खिलाफ मुस?ताफिजुर ने चार ओवरों में एक विकेट लेकर महज 12 रन दिए।

वैसे आंकड़ों पर नजर डालें तो मुस?ताफिजुर का टी20 में भारत के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। उन?होंने कुल 9 मैचों में भारत से खेला है और इस दौरान वो केवल चार विकेट ही ले पाये हैं। . मुस?ताफिजुर की इकोनॉमी भी खास अच?छा नहीं रहा है. उन?होंने इस दौरान करीब नौ की इकोनॉमी से रन दिये हालांकि टी20 में नौ की इकनोमी को औसत माना जाता है हालांकि अभी टी20 विश्वक कप में वह चार मैचों में सात विकेट ले चुके हैं।

विश्वकप खेलने से पहले नेत्रवलकर ने देर रात जागकर पूरे किये थे प्रोजेक्ट

फ्लोरिडा। भारतीय मूल के अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने इस विश्वकप में अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया है। नेत्रवलकर के शानदार प्रदर्शन के कारण ही पहली बार टी20 विश्व कप खेल रही अमेरिकी टीम सुपर आठ में पहुंची है। नेत्रवलकर की गेंदबाजी के आगे विराट , रोहित के अलावा कई दिग्गज बल्लेबाज विफल रहे हैं। सौरव के लिए हालांकि विश्वकप में खेलना आसान नहीं रहा। इसका करण है कि वह एक साफ्टवेयर इंजीनियर भी हैं। ऐसे में उन्हें विश्वकप से पहले देर रात तक काम करना पड़ा। इसके बाद ही उन्हें विश्वकप खेलने के लिए छुट्टी मिल पायी। इस क्रिकेटर ने कहा, हर प्रोजेक्ट की एक डेडलाइन होती है, इसलिए वहां भी काम का दबाव रहता है, कई बार ऐसा हुआ है जब मैंने देर रात में काम किया है। मुझे अपना क्रिकेट कार्यक्रम पता है, इसलिए मैं अपने मैनेजर के साथ मिलकर उसी हिसाब से योजना बनाता हूं। मैंने विश्व कप के लिए टीम में आने से पहले अपना काम पूरा कर लिया था। जब हमनें सुपर 8 के लिए क्वालीफाई किया तो मैंने अपने ऑफिस में बताया कि मैं कुछ दिन छुट्टियों पर ही रहूंगा। अब मेरा पूरा ऑफिस मेरा खेल देख रहा है और मेरा सहयोग कर रहा है। नेत्रवलकर का 2024 में नेटवर्थ लगभग 1-2 मिलियन डॉलर के आसपास है। इसमें उनका वेतन , विज्ञापन, अनुबंध और निवेश शामिल है।

गौतम गंभीर भारतीय टीम के हेड कोच बनने के करीब, इंटरव्यू का पहला राउंड किया पार

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद के लिए अपना इंटरव्यू दिया। वहीं ताजा रिपोर्ट्के अनुसार क्रिकेट सलाहकार समिती ने गंभीर का इंटरव्यू लिया। जिसका अगला राउंड अब बुधवार को होगा।

बता दें कि, ये इंटरव्यू साक्षात्कार 'जूम कॉल' पर हुआ जिसमें गंभीर और अशोक मल्होत्रा दोनों ऑनलाइन शामिल हुए। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि, हां, गंभीर सीएसी के साथ इंटरव्यू के लिए उपस्थित हुए। आज एक दौर की चर्चा हुई। कल एक और दौर होने की उम्मीद है।'' माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है।

हालांकि, सीएसी के अध्यक्ष मल्होत्रा और उनके सहयोगियों जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक के साथ गंभीर की बातचीत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। परांजपे और सुलक्षणा दोनों मुंबई में रहते हैं। माना जा रहा है कि चर्चा अगले तीन वर्षों के लिए गंभीर की रणनीति पर केंद्रित थी जिस दौरान विभिन्न प्रारूपों में तीन आईसीसी टूर्नामेंट होने हैं। मंगलवार शाम को शीर्ष परिषद की बैठक है और समझा जाता है कि सचिव जय शाह अंतिम घोषणा से पहले कोच चयन प्रक्रिया के बारे में सदस्यों को अवगत कराएंगे।

सीएसी उत्तर क्षेत्र से चयनकर्ता पद के लिए कुछ इच्छुक उम्मीदवारों का साक्षात्कार भी ले रही है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज 42 वर्षीय गंभीर ने हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स को टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में आईपीएल ट्रॉफी दिलाई थी। मौजूदा भारतीय कोच राहुल द्रविड़ अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे मौजूदा टी20 विश्व कप में टीम का अभियान खत्म होने के बाद पद छोड़ देंगे। ग्रुप लीग चरण में अजेय रहने के बाद टीम फिलहाल सुपर आठ मुकाबले के लिए बारबडोस में है। टीम 20 जून को अफगानिस्तान से खेलेगी।



टीम से बाहर रहने पर शर्मिला ने कहा, वह मुश्किल समय था लेकिन मैं मानसिक रूप मजबूत रही

नई दिल्ली। युवा फारवर्ड शर्मिला देवी का मानना ??है कि खुद को बेहतर बनाने की चाहत ने उन्हें भारतीय महिला हॉकी टीम में वापसी करने में मदद की और वह अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगी। हरियाणा की इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल फरवरी में चीन के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैच के साथ करीब नौ महीने बाद भारतीय टीम में वापसी की। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में शर्मिला के हवाले से कहा गया, ''यह आसान नहीं था। मुझे करीब नौ महीने तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का मौका नहीं मिला।'' उन्होंने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला (मई 2023) के बाद मुझे फरवरी 2024 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का मौका मिला लेकिन मैं एशियाई खेलों और ओलंपिक क्वालीफायर से चूक गई। वह मुश्किल समय था लेकिन मैं मानसिक रूप से मजबूत रही और कड़ी ट्रेनिंग करते हुए धैर्यपूर्वक अपने मौके का इंतजार किया।'' शर्मिला ने कहा ''मैने दिन-रात अपने खेल पर काम किया। मैं इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थी कि वापसी का यही एकमात्र रास्ता है और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। फारवर्ड के रूप में अपने कौशल पर काम करने के अलावा मैंने रक्षात्मक पहलुओं पर भी काम किया।'' जब भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के अपने पहले मैच में चीन का सामना किया तो शर्मिला को आखिरकार मैदान पर उतरने का मौका मिला। उन्होंने कहा, ''मैं एक बार फिर भारतीय जर्सी पहनकर बहुत उत्साहित थी। यह मेरे द्वारा की गई मेहनत का इनाम था। अगर हम वह मैच जीत जाते तो मुझे बहुत खुशी होती लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो सका।

फ्लेमिंग बोले- सुपर 8 में भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं कुलदीप

नई दिल्ली (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि टी20 विश्व कप के सुपर 8 के चरण में वेस्टइंडीज की पिचों से टर्न मिलने की संभावना है और ऐसे में विकेट लेने की अपनी क्षमता के कारण बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। भारत अभी तक टूर्नामेंट में तीन तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह तथा दो स्पिनरों रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल के साथ मैदान में उतरा है।

फ्लेमिंग ने कहा, 'अगर विकेटों से टर्न मिलता है जैसा कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ उम्मीद की जा रही है, तो फिर कुलदीप इसमें विकेट लेने की अतिरिक्त क्षमता जोड़ सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'उनके पास अभी दोनों तरह के संयोजन आजमाने का मौका है जो कि अच्छा है लेकिन खेल में आप लकीर का फकीर बनकर नहीं रह सकते जिससे कि आप परिस्थितियों का फायदा उठाने से चूक जाओ।'

भारत को सुपर 8 में अपना पहला मैच गुरुवार को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। भारत अभी तक बाएं हाथ के दो स्पिनर के साथ उतरा है। इनमें अक्षर को सफलता मिली लेकिन जडेजा तीन मैच में केवल तीन ओवर ही कर पाए। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लंबे समय से कोच रहे फ्लेमिंग को एक ही विधा के दो खिलाड़ियों को टीम में रखने में कोई आपत्ति नहीं है।

उन्होंने कहा, 'मिशेल सेंटनर और जडेजा चेन्नई के लिए इसी तरह की भूमिका निभाते हैं और कुछ अवसरों पर हमारे लिए एक ही तरह के गेंदबाजों से आठ ओवर करवाना मुश्किल काम हो जाता है। वे एक ही तरह के कौशल वाले गेंदबाज हैं लेकिन उनमें भिन्नता भी है और अगर परिस्थितियों अनुकूल हों तो दोनों खतरनाक साबित हो सकते हैं।' फ्लेमिंग ने कहा, 'इसलिए भारत उनके ऑलराउंड कौशल और गेंदबाजी कौशल के कारण उन्हें मौका दे रहा है। जडेजा परिस्थितियां अनुकूल होने पर बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं जैसा कि हम वर्षों से देख रहे हैं। जहां तक अक्षर का सवाल है तो वह न्यूयॉर्क जैसी कुछ अलग तरह की परिस्थितियों में आक्रमण को मजबूत बनाते हैं।'

बच्चों को मोबाइल और इंटरनेट नहीं अच्छे बाल साहित्य की है आवश्यकता: डॉ. गर्ग

बाल वाटिका अंक का विमोचन समारोह आयोजित

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

वरिष्ठ साहित्यकार एवं सम्पादक डॉ. भैरुलाल गर्ग (भीलवाड़ा) ने कहा है कि जब तक नींव मजबूत नहीं होगी, तब तक इमारत के बुलंद होने की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। बच्चों के भविष्य को लेकर भी यही बात लागू होती है।वे सोमवार शाम को सृजन सेवा संस्थान की ओर से जवाहरनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्या मंदिर में आयोजित संगरिया के साहित्यकार गोविंद शर्मा पर प्रकाशित 'बालवाटिका' के अंक के विमोचन समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चों को आज जो कुछ पढ़ने और खेलने को दिया जा रहा है, वह उनकी नींव को कमजोर ही करेगा। आज बच्चों को अच्छे बाल साहित्य की आवश्यकता है, जबकि हम बच्चों को मोबाइल और इंटरनेट की ओर मोड़ रहे हैं। डॉ. गर्ग ने माना कि गोविंद शर्मा ने राजस्थान में बाल साहित्य के क्षेत्र में जो काम किया है, वह उल्लेखनीय है। भीलवाड़ा से ही आई वरिष्ठ साहित्यकार रेखा लोढ़ा स्मित ने गोविन्द शर्मा के साहित्य की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने बाल कथा साहित्य के साथ एकांकी लेखन में भी महत्वपूर्ण कार्य किया है। उनकी रचनाओं की चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होती है। कार्यक्रम अध्यक्ष यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष (राज्यमंत्री) प्रहलादराय टाक के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद आनंद टाक ने माना कि आज के माता-पिता के पास अपने बच्चों को सुनाने के लिए कहानियां भी नहीं है। इसका कारण यह है कि हमने बाल साहित्य पढ़ना छोड़ दिया। हमें इस दिशा में गंभीर चिंतन करना होगा। उन्होंने बाल साहित्य को सोशल मीडिया और इंटरनेट से जोड़कर उपलब्ध करवाने की सलाह भी दी।गोविंद शर्मा ने माना कि यूं तो अनेक विधाओं में उनका लेखन रहा है लेकिन बाल साहित्य में जो सुकून उन्हें मिलता है, वह अन्य किसी विधा में नहीं।इससे पहले, गोविंद शर्मा पर केंद्रित 'बालवाटिका' के अंक पर पत्रवाचन करते हुए शोधार्थी मेघा बंसल ने कहा कि गोविंद जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व से परिचित करवाने वाला यह अंक बहुत महत्वपूर्ण है और इससे उन पर शोध करने वाले विद्यार्थियों को बहुत लाभ मिलेगा।सृजन के सचिव कृष्णकुमार 'आशु' ने सभी अतिथियों का परिचय दिया और कहा कि क्षेत्र के साहित्य और यहां के साहित्यकारों के लिए सृजन सदैव तत्पर रहेगा। अध्यक्ष डॉ. अरुण शहैरिया 'ताइर' ने सभी का स्वागत किया। मंच संचालन डॉ. संदेश त्यागी ने किया।अतिथियों ने 'बालवाटिका' के गोविंद शर्मा केंद्रित अंक का विमोचन किया। सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर और सम्मान प्रतीक भेंट करके अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी मौजूद थे।

रेल यात्री शिकायतों के लिए वार रूम की बेहतर कार्यप्रणाली पर चर्चा

जयपुर। अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में उत्तर पश्चिम रेलवे की संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। चारों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक वीडियों कॉन्फ्रेस के माध्यम से जुडे हुये थे। बैठक में 17 जून को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में हुई दुर्घटना के मद्देनजर संरक्षित रेल संचालन पर व्यापक चर्चा की गई। इसके साथ ही यात्री षिकायतों के त्वरित निवारण के लिए मण्डलों व मुख्यालय पर बनाए गए वार-रूम की निगरानी पर भी चर्चा की गई। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार बैठक में श्री अमिताभ, महाप्रबंधक ने कहा कि दिनांक 17.06.2024 को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के रंगापानी स्टेशन पर रेल दुर्घटना को देखते हुए हमें संरक्षा को लेकर और बेहतर कार्य करना है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर स्थापित इंटरमीडियट ब्लॉक सिगनलिंग की कार्यप्रणाली को गहनता के साथ मॉनिटरिंग किया जाना चाहिए तथा सभी सिगनलिंग प्रणालियों का समयानुसार अनुरक्षण व नियमित मॉनिटरिंग होनी चाहिए। बैठक में आगामी मानसून के मौसम के दौरान रेलवे ट्रैक की मॉनिटरिंग और कटाव वाले क्षेत्रों के बारे में भी चर्चा की गई। मानसून के समय ट्रेनों में भी लिकेज के कारण पानी आ जाता है और यार्ड में कई स्थानों पर पानी भर जाता है इसको लेकर अभी से पर्याप्त व उचित समाधान किए जाने पर महाप्रबंधक से दिशा-निर्देश प्रदान किए। यात्रा के दौरान यात्रियों की षिकायतों पर त्वरित कार्यवाही के लिए चारों मण्डलों और मुख्यालय पर वार रूम स्थापित किए गए है। इन वार रूम को वाणिज्य, आरपीएफ, यांत्रिक और परिचालन विभाग के अधिकारी लगातार मॉनिटर कर रहें है तथा इनकी बेहतर कार्यप्रणाली के लिए भी दिशा-निर्देश प्रदान किए। श्री अमिताभ ने बैठक में संरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए संरक्षा मदों की आपूर्ति समयानुसार करने पर बल दिया। ट्रैकमेनों को पेट्रोलिंग करने में सुविधा हो इसके लिए बेहतर गुणवत्ता के सेफ्टी शूज उपलब्ध करवाने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही वीएचएफ सैट की समयानुसार आपूर्ति हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में महाप्रबंधक महोदय श्री अमिताभ ने सभी लम्बित प्रोजेक्ट के बारे में भी अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और कहा कि हमें लक्ष्यानुसार परियोजनाओं को पूरा करना है ताकि रेल उपयोगकर्ताओं को इनका लाभ मिल सके।

उप चुनाव में कांग्रेस से मिलकर नहीं लड़ेगी आरएलपी

विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद बोले सांसद हनुमान बेनीवाल

कहा-आरएलपी से गठबंधन नहीं होता तो कांग्रेस का खाता नहीं खुलता

जयपुर। सांसद हनुमान बेनीवाल ने आज विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। बेनीवाल ने विधानसभा पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को अपना इस्तीफा सौंपा। इस मौके पर उन्होंने कहा-राजस्थान में होने वाले उप चुनाव में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) खींवसर में अकेले चुनाव लड़ेगी। बेनीवाल ने कहा-खींवसर के अलावा जिन-जिन क्षेत्रों में आरएलपी का प्रभाव है। सभी जगह अगर मौका मिलेगा तो आरएलपी चुनाव लड़ेगी। बेनीवाल ने साफ किया कि उनका गठबंधन केंद्र में है, राज्य में अभी कोई गठबंधन नहीं है। वह इंडिया अलायंस से इस बारे में चर्चा होने के बाद ही कुछ कह पाएंगे। उन्होंने खींवसर को लेकर साफकर दिया है कि आरएलपी ही उपचुनाव लड़ेगी। नागौर से भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा को लेकर हनुमान बेनीवाल ने कहा-उनके परिवार ने हमेशा अन्य पार्टियों का झंडा उठाया है। उन्होंने कभी अपनी पार्टी नहीं बनाई। वे अपनी पार्टी बनाकर चुनाव लड़े। उन्हें अपनी औकात पता लग जाएगी। ज्योति मिर्धा 5 हजार से ज्यादा वोट नहीं ला पाएगी। हनुमान बेनीवाल ने कहा-ज्योति मिर्धा चार बार चुनाव हार चुकी हैं। उन्हें और कितने चुनाव हराओगे। खींवसर से मैंने वसुंधरा राजे के विरोध के बाद 2013 में निर्दलीय चुनाव लड़कर जीता। उससे पहले और उसके बाद में लगातार खींवसर से चुनाव जीत रहा हूं। सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा-पहले में एनडीए गठबंधन के साथ था। लेकिन इस बार मुझे बीजेपी को सबक सिखाना था। इसलिए मैंने इंडिया गठबंधन से अलायंस किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अगर कांग्रेस का आरएलपी के साथ गठबंधन नहीं होता तो कांग्रेस का राजस्थान में खाता ही नहीं खुलता। आरएलपी के सहयोग की वजह से आज कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में इतनी सीटें जीती है।

तिलक ब्रिज एक्सप्रेस ट्रेन में बुजुर्ग की लाश मिली

श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन पर पहुंची तिलक ब्रिज एक्सप्रेस ट्रेन के एक डिब्बे में लगभग 65 वर्ष के एक बुजुर्ग व्यक्ति की लाश मिली है।जीआरपी पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह श्रीगंगानगर पहुंची तिलक ब्रिज एक्सप्रेस को सवारी के उतर जाने पर वॉशिंग यार्ड में सफाई के लिए ले जाया गया। इसी दौरान दोपहर को सफाई कर्मचारियों को एक डिब्बे में यह बुजुर्ग मृत अवस्था में मिला।बुजुर्ग देखने में भिखारी अथवा नशेड़ी प्रतीत हो रहा है। मौके की कार्यवाही के बाद लाश को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवाया गया है। मृतक की पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं।

प्रथम पेज का शेष...

समृद्ध समाज के...

में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने बजट पूर्व संवाद में उन्हें आमंत्रित करने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया।

इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, विभागीय अधिकारी एवं आईएलबीएस हॉस्पिटल, महावीर कैंसर हॉस्पिटल, एसएमएस मेडिकल कॉलेज, नारायणा हॉस्पिटल, मारवाड मेडिकल कॉलेज, आरयूएचएस, आईएमए राजस्थान ब्रांच, राजस्थान डेंटल काउंसिल के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

एकात्म मानववाद की अवधारणा पर चले विभाग मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा दी गई एकात्म मानववाद की अवधारणा चिकित्सा क्षेत्र में बहुत कारगर साबित हो सकती है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जन सेवा और जनभावनाओं से जुड़ा विभाग है, ऐसे में 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना से कार्य करते हुए प्रत्येक जरूरतमंद तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा के क्षेत्र में राज्य को देश में अग्रणी बनाने तथा अंतिम छोर पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है।

बजट में परिकल्पना 2047 तक की

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी परिवर्तित बजट में 5 साल के रोडमैप के साथ विकसित राजस्थान-2047 की परिकल्पना को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कार्ययोजना भविष्य की मांग को ध्यान में रखकर बनाई जाएगी तो संसाधनों का भी उचित आवंटन होगा तथा विजन को भी पूरा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में आए प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं तथा इनके द्वारा दिए गए सुझाव आमजन के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधियों के द्वारा दिए गए सुझावों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा तथा इन सुझावों को शामिल कर प्रदेशवासियों के लिए लोक कल्याणकारी बजट लाया जाएगा।

एक दिन में...

आदेशों के मुताबिक हर राशन डीलर को अब लाभार्थी परिवार के किसी भी एक सदस्य का बायोमेट्रिक सत्यापन (अंगूठा लगाकर) करने के बाद ही गेहूं देना होगा। अगर किसी लाभार्थी परिवार का बायोमेट्रिक सत्यापन होने में तकनीकी समस्या आती है तो उसे ओटीपी के जरिए राशन दिया जाएगा। एक राशन डीलर एक दिन में अधिकतम 3 ही लाभार्थी को ओटीपी के जरिए राशन दे सकेगा। हर एक लाभार्थी को ओटीपी के जरिए राशन देने के 30 मिनट बाद दूसरे लाभार्थी को राशन दिया जा सकेगा।

वाराणसी में...

के लोगों ने हमें लगातार अपना प्रतिनिधि चुनकर धन्य कर दिया है। अब तो मां गंगा ने भी मुझे गोद ले लिया है। मैं यहीं का हो गया हूं। मैं चाहता हूं दुनिया के हर घर में डायनिंग टेबल पर भारतीय खाना हो। इससे पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा-किसानों के लिए पीएम की तड़प देखी है। मैं उनकी इस तड़प को प्रणाम करता हूं। बीजेपी के लिए किसान भगवान हैं। पीएम ने शाम को 8 किमी लंबा रोड-शो किया। इसके बाद कालभैरव और बाबा विश्वनाथ का षोडशोपचार कर विशेष पूजन किया। घाट पर मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर पूजन भी किया। फिर गंगा आरती में शामिल हुए। यह पीएम का 51वां वाराणसी दौरा है।

प्राइवेट हॉस्पिटल...

संचालक मुनाफा कमाने के लिए बाजार से सस्ती दरों पर दवाइयां और इम्प्लांट लाकर मरीज को देते हैं। बिल में उनकी कीमत ज्यादा लगाकर अधिक पैसा उठाते हैं। ये नियम हेल्थ बेनिफिट एम्पावर्ड कमेटी की सिफारिश के बाद जारी किए हैं। ओपीडी में दिखाने आने वाले मरीजों के लिए भी नियम बदले हैं।

ओपीडी में एक महीने में छह बार से ज्यादा नहीं दिखा सकेंगे

इस स्कीम के तहत मरीजों को ओपीडी में दिखाने की संख्या को भी सीमित कर दिया है। इस स्कीम के तहत एक लाभार्थी एक महीने में अधिकतम 6 बार ही ओपीडी में जाकर दिखा सकता है। फिर वह चाहे एक ही दिन में दिखाए या अलग-अलग दिन। हालांकि इस बीच जो जांच एक बार मरीज से करवा ली, उसे 15 दिन के अंदर दूसरी बार रिपीट नहीं करवा सकेंगे। अगर कोई प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक किसी मरीज को 5 दिन से ज्यादा समय तक भर्ती रखता है तो उसे स्वीकृति लेनी होगी। इसके तहत अगर मरीज आईसीयू या वेंटिलेटर पर भर्ती है तो उसे जिले के सरकारी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल या कॉलेज के बनाए मेडिकल बोर्ड से अनुमति लेनी होगी। अनुमति लेकर अधिकतम 12 दिन तक और भर्ती करके इलाज किया जा सकता है। जहां मेडिकल कॉलेज संचालित नहीं है, वहां के प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर (पीएमओ) से अनुमति लेनी होगी।

निर्माण स्वीकृति...

व्यवस्था कायम नहीं हो सकती, जब तक वार्डवासी अपने स्तर पर सहयोग न करें। सभापति सुमित रणवां ने बताया कि भविष्य में नगर परिषद से निर्माण स्वीकृति लेने वाले भूखण्ड मालिक को अपने घर के नजदीक कम से कम दो पौधे अवश्य लगाने होंगे ताकि पर्यावरण का संरक्षण हो सके। इसी तरह कॉलोनी काटने वाले कॉलोनाइजर को भी प्रति बीघा में 45 पौधे लगाने अनिवार्य होंगे। उन्होंने कहा कि यह एक छोटी सी पहल होगी। इससे हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा। इस मौके पर पार्षद सुनील अमलानी, निरंजन नायक, बबलू सोनी, एक्सईएन कर्मचन्द अरोड़ा, नोडल अधिकारी देवेन्द्र कौशिक, स्वच्छता निरीक्षक जगदीश सिराव, जेईएन आनंद, कमल, लाइनमैन संजय आदि मौजूद थे।

पौधारोपण अभियान...

लाख से कम नहीं रहनी चाहिए। पौधारोपण के कार्य में कोई कोताही ना बरते तथा पोधरोपन के साथ साथ पौधों कि सुरक्षा के उपाय को भी सुनिश्चित करें। पौधारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए प्रधान, सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जाए। कार्यक्रम केवल सरकारी कार्यक्रम न बनकर जन आंदोलन बने, इसलिए आमजन की हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाए। बारिश से पहले मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के स्वीकृत कार्य पूर्ण करवा लें, ताकि वाटर हार्वेस्टिंग करने का मूल मकसद पूरा हो सके। जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक पंचायत समिति एक-एक ग्राम पंचायत में ग्राम उद्यान तथा नर्सरी तैयार करवायेंगे। 21 जून को योग दिवस के अवसर पर सभी ग्राम पंचायत तथा ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करवाए जाए, इसके लिए उचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने मनरेगा श्रमिकों को समयबद्ध भुगतान, आधार सीडिंग और एरिया ऑफिसर एप सहित पंचायती राज से संबंधित विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की।

आमजन से अपील: पौधारोपण हम सभी की जिम्मेदारी

जिला कलक्टर ने कहा कि 5 जून को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा राज्य स्तरीय सघन पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया है। हम सभी को मिलकर उनके संकल्प को पूर्ण जिम्मेदारी से पूरा करना है। इस मुहिम में प्रत्येक जिलेवासी को जोड़िए। सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही पौधारोपण होना चाहिए। इस बार 15 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इसलिए लोगों को जागरूक करें। स्कूल, खेल मैदान, राजकीय कार्यालय, खेत सहित अन्य सुरक्षित स्थानों पर पौधारोपण कराए।

धोखाधड़ी से बना...

चाहिए। इस बात के सबूत हैं कि परीक्षा में इलेक्ट्रानिक डिवाइसेज का इस्तेमाल हुआ है, लेकिन कितने स्टूडेंट्स ने इसका इस्तेमाल किया, ये नहीं कहा जा सकता। ऐसे में परीक्षा रद्द करना जरूरी है।'

समर्थकों ने विजयी...

यहां पर काफी देर तक उत्साही समर्थक पार्षदों के साथ नारेबाजी करते रहे। इस दौरान पूर्व विधायक मोची ने कहा कि यह जीत आपकी भावना एवं आपकी एकता की है। अब हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शहर हित में विकास कार्यों को अंजाम देना है। इस हेतु एक विशेष कार्य योजना बनाकर सभी वार्डों में विकास के नए आयाम स्थापित करना हमारा प्रथम लक्ष्य होना चाहिए। मोची ने कहा कि शहर के विकास के लिए धन की कोई कमी आड़े आने नहीं दी जाएगी। इसके लिए हम सभी को एकजुटता का परिचय देना होगा। इसके उपरांत पार्षदों ने रंग गुलाल उड़ाते हुए डीजे की धुन पर अपनी जीत का जश्न बनाया।

- इन पार्षदों ने किया अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान

मंगलवार को पालिकाध्यक्ष सुखचैन सिंह रमाणा के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने वाले पार्षदों में वार्ड नं.-1 के तोजेन्द्र बनावत, वार्ड नं.-2 के रविंद मांझू, वार्ड नं.-3 की किरणदीप, वार्ड नं.-4 के लक्ष्मण गोयल, वार्ड नं.-5 के मदन गोदारा, वार्ड नं.-6 के हरजिंद्र सिंह, वार्ड नं.-7 के प्यारेलाल मांवर, वार्ड नं.-9 के जगदीश सोनी, वार्ड नं.-10 के चीकू बाजीगर, वार्ड नं.-11 की ममता सोनी, वार्ड नं.-12 के माणक धानका, वार्ड नं.-13 के युसुफ पंवार, वार्ड नं.-14 की सुधा बिहाणी, वार्ड नं.-15 की सिम्पल मरेजा, वार्ड नं.-16 के विक्रम सिंह, वार्ड नं.-18 की सुमन, वार्ड नं.-19 के रविंद्र, वार्ड नं.-21 के प्यारेलाल, वार्ड नं.-22 के श्रवण सिंह, वार्ड नं.-23 के गंगाराम खटीक, वार्ड नं.-24 के रणवीर डेलू, वार्ड नं.-25 की आकांक्षा कंवर, वार्ड नं.-28 की शारदा देवी, वार्ड नं.-31 के राजाराम, वार्ड नं.-32 के कृष्णा कुमारी, वार्ड नं.-33 के जगतार सिंह, वार्ड नं.-34 की शारदा पूनियां व वार्ड नं.-35 की पूनम महंत ने अपने मत का प्रयोग किया।

अविश्वास प्रस्ताव...

भ्रष्टाचार आदि मुद्दों को लेकर एसडीएम के समक्ष अपना रोष व्यक्त किया। इसके उपरांत एसडीएम ने सदन में उपस्थित पार्षदों से हाथ खड़े करवाकर अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में समर्थन मांगा। जिस पर सभी पार्षदों ने हाथ खड़े करते हुए मेजे थपथपाकर पुरजोर ढंग से अश्विास प्रस्ताव के पक्ष में अपना समर्थन होने की बात कहीं। इसके उपरांत सभी पार्षदों ने एसडीएम से प्रस्ताव को चर्चा के दौरान ही पास करने की मांग की परंतु एसडीएम ने नियमों का हवाला देते हुए गुप्त मतदान प्रक्रिया के द्वारा ही प्रस्ताव का निर्णय करने का अपना फैसला सुनाया। इसके उपरांत ठीक 12 बजे गुप्त मतदान प्रक्रिया से वोटिंग करवाई गई। करीब एक घंटे तक चली वोटिंग में सदन में उपस्थित 28 पार्षदों ने ही अश्विास प्रस्ताव पर अपने-अपने मत का प्रयोग किया। ठीक 1.15 बजे शुरू हुई मतगणना के बाद निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अमिता बिश्नोई ने बताया कि सभी 28 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने के चलते अविश्वास पारित होने की घोषणा की।

नव विवाहित युवती घर से सामान लेकर गायब

श्रीगंगानगर। स्थानीय सदर थाना अंतर्गत चक 8-ए में नवविवाहित युवती के घर से कुछ सामान लेकर गायब हो जाने का मामला सामने आया है।सदर थाना पुलिस के अनुसार चक 8- ए निवासी पवन ने रिपोर्ट देते हुए बताया है कि उसकी शादी विगत मार्च महीने में ऊषा से हुई है। परसों सुबह में खेत में काम करने के लिए चला गया। इसके बाद उसकी मां भी एक खेत में घास लेने के लिए चली गई। जब उसकी मां 10:30 बजे वापस आई तो उषा घर पर नहीं मिली।घर में काफी सामान भी बिखरा हुआ था। कुछ सामान गायब भी था। एक कीपैड वाला फोन भी नहीं मिला। पुलिस ने फिलहाल गुमशुदगी दर्ज की है।इस बीच जवाहरनगर थाना में मीरा विहार निवासी आरती नामक एक महिला ने अपने बेटे करण (26) के लापता हो जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उधर, सादुलशहर थाना में गांव सुंदरपुरा के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसकी 23 वर्षीय बेटी कल सोमवार से लापता है।

मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने से युवक की मौत

श्रीगंगानगर। अनूपगढ़ जिले में जैतसर थाना क्षेत्र में एक युवक की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान साहिल नायक (19) निवासी वार्ड नंबर 12 श्रीकरणपुर हाल जैतसर के रूप में हुई है। पुलिस को रिपोर्ट देते हुए रवि नायक (35) निवासी वार्ड नंबर 12 श्रीकरणपुर ने बताया कि उसका भतीजा साहिल 16 जून की रात लगभग 8 बजे मोटरसाइकिल पर जैतसर में टीवीएस एजेंसी के पास से जा रहा था। अचानक मोटरसाइकिल असंतुलित हो गया। बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल बिजली के एक खंभे से टकरा गया था। इस कारण साहिल के काफी गंभीर चोट लगी। उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

बस स्टैण्ड पर शीतल शरबत की छबली लगाई

भादरा। स्थानीय राजस्थान ओटो यूनियन क़ी तरफ से निर्जला एकादशी के पर्व पर केंद्रीय बस स्टेंड पर शीतल शरबत की छबील लगा कर राहगीरों व आमजन को शीतल पेय पदार्थ मनुहार कर पिलाए। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष राकेश कुमार सैनी, दारा सिंह डोबी, रामा स्वामी, राजेश पटवा, सावरमल सैनी, वक़ील मलखेडा, सदीप भाटी, राकेश शर्मा सभी सदसस्य मोजूद रहे। दूसरी ओर गणेश युवा क्लब भादरा व महारानी ग्रुप के सदस्यों ने मूर्ति चौक पर ठंडे दूध की ठंडाई की छबिल लगाई। इस मौके पर गणेश युवा क्लब अध्यक्ष राकेश राजपूत, राजकुमार शर्मा, कन्हैयालाल स्वामी, गिरधारी लाल सैनी, रामप्रताप स्वामी, संदीप चौधरी, राजकुमार सारडीवाल, अरुण जांगिड़ (हाथी), राहुल राजपूत, किशन सैनी, भेरु सोनगरा, राजकुमार शर्मा, रामानंद सैनी, महारानी ग्रुप से लक्ष्मी स्वामी, उषा भंडारी, नीतू भंडारी, साक्षी भंडारी, ज्योति सोनगरा, लविषा चौहान, दीपिका चाचान आदि ने अपना सेवा दी। विशेष सहयोग के रूप में चतुर्भुज सैनी (हलवाई) अपना विशेष सहयोग दिया।

वकीलों ने किया एसडीएम का स्वागत

हनुमानगढ़। ऑपरेशन करवाने के पश्चात कार्य पर लौटी उपखण्ड अधिकारी दिव्या चौधरी का मंगलवार राजस्व अधिवक्ताओं द्वारा बुके भेंट कर स्वागत किया गया। राजस्व अधिवक्ताओं ने उपखण्ड अधिकारी से भेंट कर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए एसडीएम न्यायालय में इनके द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यों की सराहना की ओर भविष्य में भी इसी तरह से आमजन को त्वरित राहत दिलवाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान एडवोकेट रामकुमार बिश्नोई, बार संघ उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार, रामकुमार कस्वां, सुरेंद्र सिहाग, अनिल बिश्नोई, शमशेर सिंह सिद्धू, नूर आलम, देवीलाल भाम्भू, भोजराज भार्गव, मदनलाल मुंड, जितेंद्र सिंह आदि राजस्व अधिवक्ता मौजूद थे। भवानी सिंह निर्वाण, रघुवीर वर्मा, सुरेंद्र सहारण, मनोज अरोड़ा, संजयपाल गोदारा, संतोष भाटी आदि राजस्व अधिवक्ता मौजूद थे।

एक व्यक्ति को मिलेगी एक ही थाली

अन्नपूर्णा रसोई के नियमों में बदलाव, स्वायतशासन निदेशालय ने जारी किया आदेश

जयपुर. अन्नपूर्णा रसोई (राजस्थान में आमजन को उपलब्ध होने वाला भोजन) में अब एक व्यक्ति को एक ही थाली मिलेगी। अब तक एक व्यक्ति एक समय में 2 थाली ले सकता था। सरकार ने जनवरी में ही भोजन की मात्रा बढ़ा दी थी। अब सरकार का मानना है कि एक व्यक्ति के लिए एक ही थाली पर्याप्त है। स्वायत्त शासन निदेशालय से जारी आदेशों के मुताबिक, वर्तमान में एक थाली में 600 ग्राम भोजन उपलब्ध होता है। यह एक व्यक्ति के एक समय के भोजन के लिए पर्याप्त है। सरकार ने इसके चलते अब एक व्यक्ति को एक से ज्यादा भोजन की थाली देने का सिस्टम बदल दिया है। भजनलाल सरकार ने सत्ता में आने के बाद इस योजना का नाम इंदिरा रसोई से हटाकर अन्नपूर्णा रसोई योजना किया था। इसके साथ ही इस योजना के तहत दी जाने वाली एक थाली में भोजन की मात्रा को 450 ग्राम से बढ़ाकर 600 ग्राम किया था। इसमें 300 ग्राम चपाती, 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्जियां, 100 ग्राम चावल के साथ-साथ अचार, बाजरा और खिचड़ी शामिल है। खाने की मात्रा बढ़ने के बाद इस योजना में भोजन की एक थाली की लागत 30 रुपए हो गई थी। इसमें 8 रुपए भोजन करने वाला व्यक्ति देता है, जबकि 22 रुपए की राशि सरकार अनुदान या सब्सिडी के तौर पर रसोई संचालक को देती है। गहलोत सरकार के समय शुरू हुई इस योजना में पहले एक व्यक्ति को एक समय भोजन करने पर अधिकतम 2 थाली देने का प्रावधान था। इसमें 2 थाली सुबह और 2 थाली शाम को ले सकते थे। सरकार ने अब इसे खत्म करके एक व्यक्ति को केवल एक ही कूपन जारी करके एक ही थाली उपलब्ध करवाने का निर्णय किया है। इससे अब 1 थाली सुबह और 1 थाली शाम को ले सकेंगे। दोपहर का खाना सामान्यतः सुबह 8.30 बजे से 1 बजे तक और रात का खाना शाम 5 बजे से 8 बजे तक मिलता है। भोजन करने के लिए किसी भी प्रकार के दस्तावेज की कोई आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी व्यक्ति 8 रुपए में भोजन की थाली प्राप्त कर सकता है।

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने आमजन आ रहा आगे

तेज. रिपोर्टर | श्रीगंगानगर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में जहां राज्य सरकार और स्थानीय चिकित्सा महकमा जी जान से जुटा हुआ है, वहीं आमजन भी इसमें योगदान देने आगे आ रहा है। ऐसे ही मंगलवार को सेवा भारती समिति ने सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला की प्रेरणा से जिले के स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 50 आरोग्य किट स्वास्थ्य विभाग को सौंपी। समिति के पदाधिकारियों ने ये किटें सीएमएचओ डॉ. सिंगला को सौंपते हुए कहा कि भविष्य में यदि किसी अन्य तरह की आवश्यकता होगी, तो उसमें भी योगदान देंगे। इन किट में डिजिटल थर्मामीटर, पल्स ऑक्सिमिटर, पीपीई किट व ग्लव्स आदि शामिल है। ये किट अब प्रसव केंद्रों पर भेजी जाएंगी ताकि जिले के लोगों को इनका लाभ मिल सके। इस मौके पर समिति के नरेंद्र यादव, शैलेंद्र पारीक, तरुण दाधीच व डॉ. संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

गांव मक्कासर से किशोर लापता, मुकदमा दर्ज

हनुमानगढ़। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव मक्कासर से एक किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोर के पिता की रिपोर्ट के आधार पर जंक्शन पुलिस थाना में अज्ञात जने के खिलाफ अपहरण करने के आरोप संबंधी धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार साहबराम पुत्र मनीराम नायक निवासी वार्ड 12, गांव मक्कासर ने बताया कि उसका नाबालिग पुत्र घर से बिना बताए कहीं चला गया। रिश्तेदारी सहित अन्य जगह तलाश करने पर भी उसके पुत्र का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई जयसिंह को सौंपी है।

कार्यालय मदनगोपाल मेहरड़ा, एडवोकेट
चैम्बर नं. 31, एसडीएम न्यायालय परिसर पीलीबंगा
आम सूचना बेदखली बाबत

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या रोशनी पत्नी स्व. प्रेम जाति मेघवाल निवासी मानकथेडी तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़ राजस्थान द्वारा यह सूचना देने के लिए मुझे अधिकृत किया है कि मेरी अभिभाष्या का पुत्र श्रीचन्द व पुत्रवधु निर्मला पत्नी श्रीचन्द जो कि मेरी अभिभाष्या से शादी के बाद से ही अलग निवास करते है व मेरी अभिभाष्या के कहने सुनने में नहीं है जो मेरी अभिभाष्या व उसके परिवार के साथ आये दिन लड़ाई झगड़ा करते रहते हैं व झुठे मुकदमें में फसाने की धमकी देते हैं तथा मेरी अभिभाष्या पर व मेरी पुत्रियों व दामादों पर झूठे मुकदमे दर्ज भी करवा चुके है व मेरी अभिभाष्या की सम्पति हड़पने की धमकी देते रहते हैं इसलिए मेरी अभिभाष्या अपने पुत्र श्रीचन्द व पुत्रवधु निर्मला को अपनी तमाम चल व अचल सम्पति से बेदखल करती है व मेरी अभिभाष्या का आज के बाद इन दोनों से कोई सम्बन्ध नहीं रहा है। मेरी अभिभाष्या का पुत्र व पुत्रवधु के साथ मेरी सम्पति बाबत् कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का लेन-देन, कार्य व्यवहार आदि करता है तो उसकी तमाम जिम्मेदारी लेन-देन व कार्य व्यवहार करने वाले की स्वयं की होगी मेरी अभिभाष्या व मेरी दोनो पुत्रियों व दोनो दामादो की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मेरी अभिभाष्या का पुत्र व पुत्रवधु किसी अन्य व्यक्तियों के साथ लड़ाई झगड़ा इत्यादि करते हैं या उनके खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज होता है या उनके साथ कोई अनहोनी घटना कारित होती है तो उसकी तमाम जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। मेरे अभिभाष्य व उसके परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। लिहाजा यह सूचना आमजन के लिए प्रकाशित कर दी गई है।
दिनांकः 18.06.2024

मदनगोपाल मेहरड़ा,एडवोकेट

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड हनुमानगढ़
क्रमांकः 301-304 दिनांक 14.06.2024
विज्ञप्ति संख्या 01 / 2024-25

इस कार्यालय को वर्ष 2024-25 हेतु एक वाहन किराये पर मय टेक्सी परमिट वाहन 6 वर्षो से ज्यादा पुराना नहीं हो एवं GST /PF/ ESI/PAN एवं Labour ACT (सभी) में पंजीकृत फर्म से कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन एवं एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी खण्डीय कार्यालय हनुमानगढ़ में अनुबन्ध पर उपलब्ध करवाने के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आवेदनकर्त्ता दिनांक 25.06.2024 को सांय 6:00 बजे तक निविदा शुल्क 200 /- रूपये जमा करवाकर आवेदन प्राप्त कर सकते हैं तथा अपना आवेदन कार्यालय में दिनांक 26.06.2024 दोपहर 1 बजे तक बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त निविदाऐं उसी दिवस सांय 3:00 बजे खोली जावेगी। (UBN: AGM2425SSOB00035 to 37).

अधिशाषी अभियन्ता

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सभी विभागों की हो भागीदारी: बिजेन्द्र सिंह

» चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने की अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम तैयारियों की समीक्षा

तेज | जगदीश सोनी. चूरू

चूरू। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार मंगलवार को चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने एसडीएम कार्यालय में चूरू ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को साप्ताहिक विभागीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिए। एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सभी विभागों की हो भागीदारी हो तथा सभी विभागों के कर्मचारी, अधिकारी निर्धारित समय पर पुलिस लाइन मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। इसी के साथ सभी विभाग के अधिकारी अपने विभाग से संबंधित कार्यों की पूर्व तैयारी रखें। आयुर्वेद विभाग के डॉ संजय तंवर ने योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी दी। इस दौरान विभागीय समीक्षा करते हुए एसडीएम बिजेंद्र ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी अपने विभागों की गतिविधियों की नियमित तौर पर मॉनीटरिंग करें। बिजली, पानी व चिकित्सा सेवा सहित आवश्यक सेवाओं की समुचित सुनिश्चितता हो। आंधी -अंधड़ के कारण गिरे बिजली के खंभों के शीघ्र ही ठीक किया जाए तथा प्रयास करें कि आमजन को बिजली आपूर्ति व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की शिकायत न रहे। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड धारकों की केवाईसी व पेंशन सत्यापन के लंबित प्रकरणों को यथाशीघ्र पूरा करें तथा सभी विभागों के आपसी समन्वय से वृक्षारोपण अभियान के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया जाए। इस दौरान तहसीलदार सुरेन्द्र पाल, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, रतननगर ईओ डॉ अशोक कुमार, सीबीईओ ओमदत्त सहारण, बीसीएमओ डॉ जगदीश भाटी, डॉ संजय तंवर, प्रवर्तन अधिकारी संपत कुमार, महिला सुपरवाइजर कृष्णा, पुष्पा, शशिकला, सहायक कृषि अधिकारी शंकुतला, दिव्या चौधरी, गुगनराम तेतरवाल, दीपचंद, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह, निजी सहायक सुरेश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

जांच को जान-बूझकर लंबित करने का आरोप

» रेसला के सदस्य शिक्षकों ने दी बेमियादी धरना लगाने की चेतावनी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए जांच को जान-बूझकर लंबित करने का आरोप लगाते हुए राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ रेसला के सदस्य शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक कार्यालय के समक्ष बेमियादी धरना लगाने की चेतावनी दी है। इस संबंध में मंगलवार को संघ सदस्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी को जिलाध्यक्ष लोकेश सहारण के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष लोकेश सहारण ने बताया कि वरिष्ठ व्याख्याता की ओर से डाइट हनुमानगढ़ में कार्यरत व्याख्याता के साथ अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौच के संबंध में 24 फरवरी से जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक के अधीन जांच विचाराधीन है। जांच को जानबूझ कर लंबित किए जाने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। इस संबंध में संगठन की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी से बार-बार आग्रह करने के पश्चात भी न तो संगठन को वार्ता के लिए समय दिया जा रहा है न ही जांच को पूर्ण किया जा रहा है। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वे जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक के पक्षपातपूर्ण रवैये के खिलाफ बेमियादी धरना शुरू करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर सुभाष चन्द्र, ओमप्रकाश, हंसराज मोठसरा, गुरमीत सिंह, राजेश गर्ग, राजकुमार बवेजा, पृथ्वीसिंह, संदीप सहारण, धीरज कुमार, निर्मल कुमार, पवन कुमार, राजेश सहारण, राकेश कुमार, सुरेंद्र गोदारा, अतरसिंह, विष्णु बेदी, सुनील कुमार, राजीव गोदारा आदि मौजूद थे।

राजगढ़ नगरपालिका के वार्ड संख्या 38 के उप चुनाव आगामी आदेश तक स्थगित

चूरू. जगदीश सोनी। राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा जारी आदेशानुसार जिले की राजगढ़ नगरपालिका के वार्ड संख्या 38 के उप चुनाव माह जून को आगामी आदेश तक स्थगित किया जाकर नगरपालिका राजगढ़ के वार्ड 38 के सदस्य हेतु प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों को सुरक्षित अभिरक्षा में रखने हेतु निर्देशित किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी (नगरपालिका) सुशील कुमार सैनी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पालना मे नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) के वार्ड 38 सदस्य पद के लिए 14 जून को जारी की गई निर्वाचन की लोकसूचना को तुरन्त प्रभाव से प्रत्याहरित किया जाता है तथा 18 जून तक प्राप्त कुल 5 नाम निर्देशन पत्रों को सीलबंद कर उपकोषाधिकारी राजगढ़ को उपकोष कार्यालय राजगढ़ के डबल लॉक में सुरक्षित रखे जाने के निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड सदस्य के लिए उप चुनाव हेतु 14 जून को लोकसूचना जारी की जाकर मंगलवार, 18 जून तक वार्ड सदस्य पद के लिए नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने संबंधी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। राजगढ़ नगरपालिका के वार्ड संख्या 38 के सदस्य पद के लिए उपचुनाव हेतु कुल 5 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

जिले में 7 मेडिकल स्टोर के अनुज्ञा पत्र निलम्बित

श्रीगंगानगर। जिले में नशे के औषधियों की अवैध क्रय-विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला कलक्टर के आदेशों पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग की औषधि विंग के अधिकारियों द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोर की जांच व निरीक्षण किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार की कमियां व अनियमितता पाये जाने पर 7 मेडिकल स्टोर के अनुज्ञा पत्र निलम्बित किये गये हैं। सहायक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि मारूति मैडिकोज एण्ड जनरल स्टोर श्रीगंगानगर का 9 जुलाई से 11 जुलाई, बाबा रामदेव मैडिकोज जोरावरसिंहपुरा का 18 जून से 20 जून, बालाजी मेडिकल स्टोर न्यू मण्डी घडसाना का 1 जुलाई से 10 जुलाई, न्यू जय भवानी मेडिकल स्टोर महियांवाली का 1 से 15 जुलाई, राजस्थान मेडिकल स्टोर श्रीगंगानगर का 1 व 2 जुलाई, मैडिरेड फार्मा श्रीगंगानगर का 1 से 3 जुलाई तथा अजीत मेडिकल स्टोर चक 15 एमएल कुण्डावाली का 1 से 3 जुलाई तक के लिये अनुज्ञापत्र निलम्बित किये गये हैं।

कबीर जयंती की पूर्व तैयारियों को लेकर हुई बैठक

चूरू. जगदीश सोनी । मंगलवार सुबह 10 बजे चूरू डाबला रोड़ स्थित लुगरिया निवास पर आगामी 22 जून को कबीर जयंती लिए आयोजन को लेकर तैयारी बैठक रखी गई। बैठक में शामिल संत कबीर शिक्षा समिति के समस्त पदाधिकारियों ने 22 जून को सुबह 10 बजे, लुगरिया निवास, चूरू पर कबीर जयंती मनाने का निर्णय किया। पदाधिकारीयों की सर्व सहमति से कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर संरक्षक सीताराम लुगरिया ने कहा की संत शिरोमणि कबीर साहेब की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी, संत कबीर के प्रति आस्था रखने वाले सभी नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह बावलिया सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी। संत कबीर शिक्षा समिति के मुख्य सचिव गुरु धानका ने कहा की संत कबीर साहेब की जयंती मनाने का मुख्य उद्देश्य यहीं है की हम संत कबीर के बारे में जान पाएं, कबीर को समझ पाएं। संत कबीर किसी शरीर का नाम नहीं बल्कि कबीर एक विचार है जो अजर है, अमर है। इस बैठक में शामिल अन्य सभी पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर पूर्ण होटला, अनीश लुगरिया, मुकेश खुंडिया छापर, पवन बागड़ी, डॉ. मुंशीराम पूनरास, अंकुश, संदीप लुगरिया, रमेश लुगरिया, सुशील भांडिया, सुमेरमल धानका, सुरेश धानका, मंगलाराम पूनरास, दरियासिंह धानक आदि मौजूद रहें।

विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई आज

श्रीगंगानगर। जोधपुर विद्युत वितरण निगम द्वारा श्रीगंगानगर जिले में विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं, शिकायतों एवं परिवेदनाओं के निस्तारण हेतु कार्यालय अधीक्षण अभियंता जोधपुर डिस्कॉम श्रीगंगानगर के मीटिंग हॉल में 19 जून को प्रातः 11 से 3 बजे तक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। अधीक्षण अभियंता जोधपुर डिस्कॉम एल.एस मान ने बताया कि जन सुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों, परिवेदनाओं का निस्तारण शीघ्रता से किया जायेगा। आमजन एवं जनप्रतिनिधियों से अपील है कि वे अपने-अपने क्षेत्र की विद्युत समस्याओं के समाधान हेतु उपस्थित होवें।

खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास कार्यों में लाएं तेजी: सत्यानी

डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट मैनेजिंग कमेटी की बैठक में जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

तेज | जगदीश सोनी. चूरू

जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने अधिकारियों से कहा है कि डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट के माध्यम से होने वाले विकास कार्यों में तेजी लाएं ताकि खनन प्रभावित क्षेत्रों के बाशिंदों को इसका समुचित लाभ मिले। जिला कलक्टर मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट की मैनेजिंग कमेटी की बैठक में ट्रस्ट के माध्यम से चल रहे कार्यों एवं नवीन प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर रही थीं। उन्होंने कहा कि स्वीकृत कार्यों को तत्काल कर उनमें तेजी लाएं और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि खनन प्रभावित लोगों की आवश्यकता के अनुसार विकास कार्यों के नए प्रस्ताव समयबद्ध ढंग से तैयार कर शामिल करें। उन्होंने कहा कि नए प्रस्तावों में भारत सरकार की गाइडलाइन की पालना करते हुए इस प्रकार के कार्यों को शामिल करें, जिनसे अधिकाधिक लाभ प्रभावित क्षेत्रों को मिले। उन्होंने दिशा-निर्देश अनुसार एकवर्षीय तथा पंचवर्षीय योजनाएं तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। सहायक खनि अभियंता नौरंग लाल मेघवाल ने बताया कि डीएमएफटी द्वारा अब तक जिले में 2458.35 लाख रुपए विभिन्न कार्यों पर खर्च किए जा चुके हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति के बारे में बताया। इस दौरान एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, सीईओ मोहन लाल खटनावलिया, कमिश्नर अभिलाषा सिंह, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, डीईओ माध्यमिक गोविंद सिंह राठौड़, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, डीएफओ भवानी सिंह, पीएचईडी एसई रमेश राठी, डिस्कॉम एसई वीआई परिहार, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

खेत मालिक ने विवाहिता से की छेड़छाड़ विरोध करने पर दम्पती के साथ मारपीट

» शिकायत करने पुलिस थाना गए तो पीछे से परिवार के तीन सदस्यों का किया अपहरण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

सदर थाना क्षेत्र में पांचवें हिस्से पर जमीन लेकर काश्त करने वाले व्यक्ति की पत्नी के साथ खेत मालिक ने घर में घुसकर बलात्कार करने का प्रयास किया। विरोध करने पर खेत मालिक व उसके परिवार के सदस्यों ने दम्पती के साथ मारपीट की। पति-पत्नी मुकदमा दर्ज करने महिला पुलिस थाना गए तो पीछे से खेत मालिक व उसके परिवार के सदस्यों ने पांचवें हिस्से पर काश्त करने वाले व्यक्ति के परिवार के तीन सदस्यों का अपहरण कर लिया। शिकायत करने पर तीनों को नहर में फेंकने की धमकी दी। इस संबंध में सदर पुलिस थाना में खेत मालिक सहित पांच जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। इससे पहले पांचवें हिस्से पर काश्त करने वाले व्यक्ति की पत्नी की ओर से खेत मालिक सहित उक्त पांचों जनों के खिलाफ महिला पुलिस थाना में मारपीट-छेड़छाड़ व जातिसूचक गालियां निकालने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। पुलिस के अनुसार श्रीगंगानगर जिले की श्रीकरणपुर तहसील के एक व्यक्ति ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उन्होंने राजेन्द्र सिंह उर्फ जिन्दू पुत्र कालासिंह निवासी पांच जेडीडब्ल्यू, जंडावाली की जमीन पांचवें हिस्से पर काश्त करने के लिए ली है। वह अपने परिवार सहित करीब दो माह से राजेन्द्र सिंह उर्फ जिन्दू के खेत में बनी ढाणी में ही रह रहा है। वह रविवार दोपहर को डॉक्टर के पास दवाई लेने के लिए गया हुआ था। जब वह वापस आया तो देखा कि राजेन्द्र सिंह उर्फ जिन्दू उसकी पत्नी के साथ जबरदस्ती बलात्कार करने की कोशिश कर रहा था। इस पर उसने शोर मचाया तो पड़ोस में रहने वाली एक महिला भी वहां आ गई। वे उसकी पत्नी को राजेन्द्र सिंह उर्फ जिन्दू के चंगुल से छुड़वाने लगे। तभी शोर-शराबा सुनकर पड़ोस की ढाणी में रहने वाले राजेन्द्र सिंह उर्फ जिन्दू के परिवार के कालासिंह पुत्र अर्जन सिंह, जगसीर सिंह उर्फ जग्गा पुत्र कालासिंह, अमृतपाल सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, नवदीप सिंह पुत्र जगसीर सिंह लाठी-डण्डा व कापा लेकर आए और ढाणी में घुस गए। इन्होंने उसे व उसकी पत्नी को जातिसूचक गालियां निकालते हुए मारपीट शुरू कर दी। राजेन्द्र सिंह उर्फ जिन्दू ने उस पर व उसकी पत्नी पर कापा से वार किया। इससे उसकी पत्नी के बाएं कान के पास चोट आई और कान कट गया जबकि उसका खुद का कान भी कट गया। इसके बाद इन लोगों ने धमकी दी कि अगर उन्होंने कहीं शिकायत की तो बर्बाद कर देंगे और झूठे मुकदमे में ऐसा फंसाएंगे कि सारी उम्र जेल में सड़कर मर जाओगे। जब वह व उसकी पत्नी महिला पुलिस थाना में शिकायत करने गए तो पता चला कि राजेन्द्र सिंह उर्फ जिन्दू वगैरा उसके परिवार के दो नाबालिग बच्चों सहित तीन सदस्यों को घर में जबरदस्ती घुसकर हथियारों की नोक पर अगवा कर ले गए हैं और उनको बंधक बनाकर रखा हुआ है। शिकायत करने पर उन्हें जान से मारकर नहर में डालने की धमकी दी है। पुलिस ने अपहरण व जातिसूचक गालियां निकालने के आरोप संबंधी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जांच एससीएसटी सैल सीओ रणवीर साईं कर रहे हैं।

फेसबुक पर बनिया समाज को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर

भाजपा के एक नेता मनीष गर्ग ने फेसबुक पर बनिया समाज को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए श्यामसुंदर अरोड़ा नामक व्यक्ति के खिलाफ सामाजिक वैमनस्य खराब करने का मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार रामदेव कॉलोनी निवासी मनीष द्वारा कल शाम दी गई रिपोर्ट के आधार पर श्यामसुंदर अरोड़ा नामक व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई धौलाराम के सुपुर्द की गई है। पुलिस के मुताबिक मनीष गर्ग ने रिपोर्ट में बताया है कि श्याम सुंदर अरोड़ा नामक व्यक्ति ने विगत दिवस सतयुग की नींव नाम से बनी एक आईडी से उसे एक मैसेज टैग किया। मैसेज में श्यामसुंदर अरोड़ा ने न केवल बनिया समाज के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की है बल्कि और भी काफी कुछ लिखा है। हाल ही भाजपा के एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि के जन्मदिन पर शहर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। मनीष गर्ग को टैग किए गए मैसेज में इस निर्वाचित जनप्रतिनिधि का नाम तो नहीं लिखा है लेकिन परोक्ष रूप से उसके बारे में काफी तल्ख शब्दों का इस्तेमाल करते हुए टिप्पणी लिखी गई है। मनीष गर्ग ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया है कि इस व्यक्ति द्वारा की गई टिप्पणी से उसे काफी मानसिक ठेस पहुंची है। जब उसने अपने स्तर पर पता लगाकर श्याम सुंदर अरोड़ा से बात की तो उसने कहा कि वह तो ऐसे ही करेगा। पुलिस ने मामला धारा 153-ए 501, 505 और 506 के तहत दर्ज किया है।

भागवत कथा में सुंदर प्रसंगों का वर्णन

तेज | जगदीश सोनी. चूरू

कालोनी वार्ड नं 31 शिवाजी पार्क में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आज चतुर्थ दिवस सुंदर प्रसंगों का वर्णन किया गया व्यास पीठ पर आसीन भगवतभास्कर नवीन कृष्ण जी महाराज जी ने प्रवचन देते हुए कहा कि मन को भगवान के चरणों में लगाना चाहिए, कर्म-सत्कर्म करना और वाणी को मधुर रखना चाहिए तभी हमारा जीवन सार्थक होगा। इसके पश्चात अनेक विद्वानों ने भी अपने अपने विचार रखे। इसके पश्चात भगवान मत्स्य अवतार का वर्णन किया गया। राजा शरियाती की पुत्री सुकन्या और चमन का सुंदर संवाद वर्णन किया गया। चक्रवर्ती सम्राट राजा अंबरीश की भक्ति का वर्णन भी हुआ कि वे कैसे राजा होने पर भी स्वयं भगवान की सेवा में सदा तन्मय रहते थे। कैसे महर्षि दुर्वासा ने अंबरीश जी की परीक्षा ली। कब महर्षि दुर्वासा ने क्रोध को ही बुरी वासना कहा और कैसे अंत में महर्षि दुर्वासा को भी एक भक्त के सामने झुकना पड़ा। भगवान हमेशा अपने भक्तों की स्वयं रक्षा किया करते हैं वाले प्रसंग से सभी भक्त बहुत आनंदित हुए। राजा सगर के साठ हजार पुत्रों का कपिल मुनि द्वारा भस्म होना, गंगा द्वारा उनका उद्धार, भगवान भोले की कृपा से गंगा जी पृथ्वी पर,भगीरथ के पीछे-पीछे सागर के सभी पुत्रों का उद्धार, गंगा जी द्वारा जीव को पवित्र करना, भागवत रूपी गंगा द्वारा मानव को पवित्र किया जाना,राम जी के सुंदर चरित्रों का वर्णन तथा उसके बाद भगवान राम और कृष्ण के जन्म की कथा,ओर समस्त भक्तगण द्वारा पूजन किया गया और वसुदेव और बालकृष्ण की बहुत सुंदर झांकी के साथ वर्णित की गई।

नेशनल स्पोटर्स डवलेपमेंट कोड की पालना नहीं करने पर मान्यता होगी समाप्त

श्रीगंगानगर। राजस्थान में जिला एवं राज्य खेल संघों द्वारा नेशनल स्पोटर्स डवलेपमेंट कोड 2011 की पालना सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं। जिला खेल अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण भारत में नेशनल स्पोटर्स डवलेपमेंट कोड 2011 को 31 जनवरी 2011 से प्रभावी किया गया है। देश भर में यह कोड प्रचलित एवं लागू है। यह कोड देश भर में नेशनल स्पोटर्स फैडरेशन राज्य एवं जिला खेल संघ की समस्त गतिविधियों को सुव्यवस्थित, पारदर्शी, खेल हितैषी बनाने, खेलों को बढ़ावा देने, खेल संघों के चुनाव, सदस्यों का निर्वाचन, सदस्यता अवधि, एंटी डोपिंग नियम, खेल संघों का प्रबंधन, खेल संघों की गतिविधियों में पारदर्शिता, खेल संघों की वित्तीय मदद, खेलों का आयोजन आदि समस्त खेल गतिविधियों के संबंध में विस्तृत प्रावधान, सुझाव राज्य की गाईडलाईन को समायोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि नेशनल स्पोटर्स डवलेपमेंट कोड 2011 को गूगल से डाउनलोड कर सकते हैं। सभी खेल संघों से अपेक्षा है कि उक्त कोड का गंभीरता से अध्ययन कर पालना सुनिश्चित की जाये। समस्त जिला खेल संघों को दो महीने में नेशनल स्पोटर्स डवलेपमेंट कोड 2011 की पालना सुनिश्चित करनी होगी। इसकी पालना नहीं करने वाले खेल संघ की मान्यता, सम्बद्धता समाप्त कर दी जायेगी।

21 जून को योग दिवस, तैयारियों को लेकर बैठक आज

श्रीगंगानगर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिये 19 जून को प्रातः 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता जिला कलक्टर श्रीगंगानगर करेंगे। प्रतिवर्ष की भांति जिला प्रशासन व आयुर्वेद विभाग द्वारा 21 जून को प्रातः 7 से 8 बजे तक नेहरू पार्क श्रीगंगानगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जायेगा।

कपड़ा व्यापारी ने 5 लाख की धोखाधड़ी का लगाया आरोप, मामला दर्ज

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर

स्थानीय प्रताप मार्केट में एक कपड़ा व्यापारी ने गजसिंहपुर में कपड़ों का व्यापार करने वाले पिता-पुत्र पर 5 लाख से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार प्रताप मार्केट में फर्म सतीश कुमार विजय कुमार के प्रोपराइटर विजय कुमार अरोड़ा (54)निवासी एफ ब्लॉक द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर गजसिंहपुर में लवली एंपोरियम के संचालक प्रेमसिंह मक्कड़ और उसके बेटे प्रिंस मक्कड़ पर षडयंत्रपूर्वक धोखाधड़ी तथा अमानत में खयानत की धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है।पुलिस को दी रिपोर्ट में विजय अरोड़ा ने बताया है कि प्रेम सिंह और प्रिंस उसकी दुकान से माल मंगवाते थे और पेमेंट कर देते थे। विगत 27 मार्च को हिसाब किया गया तो उनकी तरफ 5 लाख 21 हजार 522 रुपए बकाया थे। उस दिन इन्होंने 6522 रुपए जमा करवाए। बाकी 5 लाख 15 हजार रुपए रह गए थे। विगत 27 मार्च के बाद प्रेमसिंह और प्रिंस ने राशि का भुगतान नहीं किया। उनसे बार-बार बकाया राशि का तकाजा किया, लेकिन उन्होंने राशि अदा नहीं की। विजय अरोड़ा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में आशंका व्यक्त की है कि उक्त दोनों आरोपी गजसिंहपुर छोड़कर भाग जाने की फिराक में हैं। प्रिंस मक्कड़ के विदेश भाग जाने की भी आशंका है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक आज

श्रीगंगानगर। जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक 19 जून को प्रातः 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाहॉल में जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। बैठक में पेयजल, विद्युत, मौसमी बीमारियों, सम्पर्क पोर्टल, ई-फाईलिंग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भौतिक सत्यापन सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा होगी।

आमजन के लिए वरदान सिद्ध हो रहे समाधान शिविर

- प्रॉपर्टी के पोजेशन के लिए चक्कर काट रहे दंपति को उपायुक्त ने मौके पर ही सौंपा पोजेशन लेटर

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

ऐलनाबाद। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर प्रशासन द्वारा प्रतिदिन समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ये समाधान शिविर आमजन मानस के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं। प्रतिदिन सैंकड़ों समस्याएं उपायुक्त आर.के. सिंह के समक्ष आ रही है जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। मंगलवार को उपायुक्त आर.के. सिंह के समक्ष सिरसा निवासी रानी जैन प्रॉपर्टी के कब्जे को लेकर अपनी समस्या लेकर पहुंची जिस पर उपायुक्त ने तुरंत संबंधित अधिकारी को बुलाकर मौके पर ही समाधान करवाया। इसके उपरांत रानी जैन ने बताया कि उन्होंने इंडिया बुल फाइनेंस से प्रॉपर्टी ली थी, जिसका उन्हें पोजेशन लेटर नहीं मिला था, आज उन्होंने अपनी समस्या जब उपायुक्त के समक्ष रखी तो, उन्होंने अविलंब हमारी समस्या का समाधान करवाया है। उन्होंने बताया कि पोजेशन लेटर न होने के कारण उन्हें प्रॉपर्टी का कब्जा नहीं मिल पा रहा था, क्योंकि उनके पास कोई भी वैध दस्तावेज नहीं था। समाधान शिविर में पोजेशन लेटर मिलने के बाद दंपति ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई समाधान शिविर की पहल की सराहना है और उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एक स्थान पर बैठकर आमजन की समस्याओं का निवारण मौके पर ही करवा रहे हैं, यह बहुत ही सराहनीय कदम है। अब आमजन को अलग-अलग कार्यालयों में आने की जरूरत नहीं है, सीधे उपायुक्त से मिलकर ही समस्याओं का निवारण हो रहा है, यह बहुत राहत भरा कदम है।

मंगलवार को आई 128 समस्याएं

उपायुक्त आर.के. सिंह द्वारा मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में लगाए गए समाधान शिविर में 128 समस्याएं आई, इनमें से 31 समस्याएं परिवार पहचान पत्र, 16 समस्याएं पुलिस अधीक्षक, 13 समस्याएं जिला नगर आयुक्त, 10 समस्याएं डीडीपीओ कार्यालय, 7 समस्याएं काडा विभाग से संबंधित थी। उन्होंने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार आमजन की समस्याओं का निवारण करने को तरजीह दे रही है, जिसके तहत जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रत्येक कार्यालय दिवस में सुबह 9 से 11 बजे तक लगाए जा रहे हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, एडीसी डा. विवेक भारती सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मिशन ग्रीन संस्था की कार्यकारणी घोषित राघव अध्यक्ष एवं नितेश गर्ग सचिव बने

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

पर्यावरण संरक्षण एवम संवर्द्धन की दिशा में कार्य करने वाली सामाजिक संस्था मिशन ग्रीन की एक बैठक मंगलवार को औम औषधि भंडार पर मनोहर लाल बंसल की अध्यक्षता में हुई।बैठक में संस्था कार्यकारिणी विस्तार एवं आगामी मानसून को देखते हुए कस्बे को हरा भरा बनाने, पौधारोपण महाभियान शुरू करने, संगठन मजबूती सहित अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श कर निर्णय लिए गए। बैठक में मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से कार्यकारिणी विस्तार करते हुए वैध ओमवीर सिंह राघव को अध्यक्ष,जितेंद्र बंसल एवं कमल कामरा उपाध्यक्ष, नितेश गर्ग सचिव, प्रिंस गर्ग कोषाध्यक्ष, प्रिंस गर्ग उपसचिव, अर्पित गर्ग मीडिया प्रभारी, अफरोज खान, जयदेव सिंह मूंढ, जतिन सिंह राघव, जेपी लूगरिया, मोनू सोनी, गौरव अरोड़ा, अनमोल गर्ग को कार्यकारी सदस्यों में शामिल किया गया। संरक्षक मंडल सदस्य मनोहर लाल बंसल, जितेंद्र गुप्ता, एड. मनीष आहूजा को बनाया गया। अध्यक्ष वैध ओमवीर सिंह राघव ने कार्यकारिणी एवं वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए क्षेत्र में अधिकाधिक पौधारोपण कर उसकी सार संभाल करने के अपने दायित्व का निर्वहन करने और अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का भरोसा दिलाया।बता दे कि मिशन ग्रीन संस्था भीषण गर्मी में पिछले एक माह से लगातार कस्बे में डिवाइडर्स एवं सार्वजनिक जगहों में पूर्व में लगे पौधों की संभाल कर रही है जिसमें उनको टैंकरो द्वारा रोज हजारों लीटर पानी दिया जा रहा है ताकि पौधो का भेष गर्मी से बचाव हो।

पंचायत 6 एसजीआर भागसर में कृषि विभाग ने किए बीज वितरित

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

ग्राम पंचायत 6 एसजीआर भागसर में मंगलवार को कृषि विभाग ने बीज वितरण हुआ। कृषि पयर्वेक्षक रिंकू कुमारी ने बताया कि इस मौके पर कृषकों को मूंग, बाजरा, ढेंचा आदि के बीज किस्मों का निशुल्क वितरण पंचायत घर में किया गया। बीज का वितरण सरपंच रामकुमार, संबंधित पंचायत के प्रतिनिधि व कृषक मित्रों की मौजूदगी में लॉटरी के माध्यम से किया गया। कृषि पर्यवेक्षक ने इससे संबंधित उपयोगी जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ की फसल के लिए एक गहरी जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से करना चाहिए एंव वर्षा प्रराम्भ होते ही 2-3 बार देशी हल या कल्टीवेटर से जुताई कर खरपतवार रहित करने के उपरान्त खेत में पाटा चलाकर समतल करें। वही फसल को दीमक से बचाव के उपाय भी बताए। ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती के लिये रबी फसलों के कटने के तुरन्त बाद खेत की तुरन्त जुताई कर 4-5 दिन छोड कर पलेवा करना चाहिए। पलेवा के बाद 2-3 जुताइयाँ देशी हल या कल्टीवेटर से कर पाटा लगाकर खेत को समतल एवं भुरभुरा बनावे। इससे उसमें नमी संरक्षित हो जाती है व बीजों से अच्छा अंकुरण मिलता हैं।

ईद ऊल-अजहा का त्यौहार ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास से मनाया

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। ईद ऊल-अजहा का त्योहार बीते सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया।मदीना मस्जिद चक लबाना के ईमाम मौलाना जुल्फिकार अहमद अशरफी ने बताया की चक लबाना की मदीना मस्जिद में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई जिसमें काफी गांव के लोग ईद उल अजहा की नमाज अदा करने मस्जिद में पहुंचे। इस मौके पर अमन चैन, भाईचारा को कायम रखते हुए लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद पेश की और दिनभर इस त्यौहार की चहल पहल रही। बच्चों, बुजुर्गों नोजवानों में काफी उत्साह देखने को मिला। आए हुऐ नमाजियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई।अशरफी शिक्षा सोसायटी के अध्यक्ष अल्लादीता व सोसायटी सचिव अल्लादीता व तमाम इंतजामिया कमेटी ने त्यौहार की मुबारकबाद पेश की। दिन भर बधाई का दौर जारी रहा।

मौजूदा समय में परिवार नियोजन ही कारगरः सर्जन डा.मनोज अरोड़ा

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। मौजूदा समय में परिवार नियोजन ही कारगर उपाय है,जिससे बच्चों की परवरिश बेहतर होती है एवम घर के बजट का भी संतुलन बना रहता है। यह बात मंगलवार को नसबंदी कैंप में बीसीएमओ एवम सर्जन डॉ. मनोज अरोड़ा ने कहीं। सीएचसी कैनल कॉलोनी में आयोजित नसबंदी कैंप में डॉ.अरोड़ा ने एलएस पद्धति से 13 महिलाओं एवं एनएसवी पद्धति से एक पुरुष नसबंदी सहित कुल 14 ऑपरेशन किए। डॉ.इंदरसैन झाझडिया ने ऑपरेशन कराने वाले महिलाओं एवं पुरुषों के स्वास्थ्य का नियमित जांच की।कैंप में स्टाफ नर्स सरिता रानी, सीमा रानी, ममता रानी, सरोज देवी, नरेश कुमार, सुखचैन सिंह आदि मौजूद रहे।

निशुल्क शिक्षा अभियान में योगदान देने वाले प्रभुदयाल वर्मा का किया सम्मान

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। पूनम फाउंडेशन ट्रस्ट से जुड़े ब्रांड एम्बेसडर प्रभु दयाल वर्मा(रोजडी) को सामाजिक कार्यों और निशुल्क शिक्षा अभियान में योगदान देने पर राष्ट्रीय रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया। यह अवॉर्ड बाल युवा नारी जागृति मंच दिल्ली द्वारा घोषित था। राजस्थान प्रभारी डॉ पूनम प्रजापति भारतीय और पूनम फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष रामकरण प्रजापति ने शॉल ओढ़ाकर एवम अवॉर्ड सर्टिफिकेट देकर उनका सम्मान किया।इससे पहले भी वे पूनम फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा सम्मानित हो चुके हैं।उनके सहयोगी रामकुमार लुहानिवाल का भी पूनम फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान हुआ।

ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। चक 35 एसटीजी बस स्टैंड पर मंगलवार दोपहर को ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। प्रवक्ता राजकुमार ने बताया कि इस दौरान फोर लाइन मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों सहित ग्रामीण क्षेत्र के आमजन को ठंडा मीठा जल, जलजीरा व शरबत पिलाया और क्षेत्र में अमन चैन और खुशहाली की मंगल कामना करते हुए गोवंश की हितार्थ कार्य करने का सभी को आग्रह किया गया। दिनभर 35 एसटीजी के ग्रामीणों एवम सेवादारों ने सेवा कार्य करते हुए पुण्य कमाया।

जंक्शन सिटी डिस्पेंसरी पर कार्मिकों ने निर्जला एकादशी पर लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील

तेज. रिपोर्टर| हनुमानगढ़

जंक्शन बस स्टेण्ड के नजदीक स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत कार्मिकों द्वारा मंगलवार निर्जला एकादशी पर हर वर्ष की भांति मीठे पानी की छबीली लगाई गई और मरीजों व आमजन को शरबत पिलाकर प्यास बुझाई। इस मौके पर डॉ. ऋषभ गुप्ता, डॉ. सुमित कुक्कड़, पूर्णसिंह रौतेला, पवन शर्मा, सीताराम सैन, लखविन्द्र सिंह, जयप्रकाश, ओम सिंह, जगजीत सिंह व राजेश कुमार आदि कार्मिक मौजूद रहे। दिनभर कार्मिकों ने सेवा कार्य करते हुए पुण्य कमाया।

देईदास में अघोषित बिजली कटौती से मचा हाहाकार, उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

तेज. रिपोर्टर | थालड़का

ग्राम पंचायत देईदास में इन दोनों भारी बिजली कटौती को लेकर के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 33 केवी सब स्टेशन होने के बावजूद भी पूरी बिजली नहीं मिल रही है। बिजली कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं है दिन में भी बिजली के लंबे-लंबे कट लगते है। रात्रि को बिजली गुल रहती है। इस भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल है। बताया कि दिन में तो लोग पेड़ों की छांव में बैठकर भी अपना टाइम पास कर लेती है मगर रात्रि को कहां जाएं। बिजली कटौती की समस्या को लेकर के ग्राम पंचायत के लोगों ने मंगलवार को उपखंडअधिकारी नोहर को ज्ञापन देकर के समस्या से अवगत करवाया ज्ञापन में बताया कि बिजली की समस्या को लेकर के बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया गया मगर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीण खेतेंद्र सिंह बैनीवाल, अभिषेक सुथार, शीशपाल शर्मा, योगेश राहड़, विकास ईशराम,आदि ने बताया कि 33 केवी सबस्टेशन पर प्राइवेट कर्मचारी रख रखे हैं। जो सही काम नहीं करते हैं और लोगों के साथ में इनका व्यवहार भी सही नहीं है बिजली कटौती के संबंध में ग्रामीण इनको पूछते हैं तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं इसको लेकर के ग्रामीणों में भारी आक्रोश नजर आ रहा है ग्रामीणों ने जल्द ही बिजली कटौती में सुधार करने की मांग की है समय रहते अगर बिजली कटौती में सुधार नहीं किया गया तो 33 केवी सब स्टेशन पर ग्रामीणों द्वारा धरना दिया जाएगा।

गरीबी उन्मूलन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विधिक उपचार पर अवेयरनेस कैंप लगाया

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

तालुका विधिक सेवा समिति ने मंगलवार को विधिक जागरूकता शिविर लगाया।समिति सचिव अरमान सोनी ने बताया कि एमजेएम के निर्देशन में आमजन को गरीबी उन्मूलन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उपलब्ध विधिक सेवा योजना के बारे में जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता मनीष आहूजा ने बताया कि किसी भी नागरिक को उसकी आर्थिक या अन्य मदों के कारण न्याय प्राप्त करने के अवसर से वंचित नहीं रखा जा सकता है,अधिकांश रूप से गरीब उन्मूलन एवं सामाजिक सुरक्षा उपायों के लाभार्थी व्यक्ति, सामाजिक संरचना के अभाव एवं आर्थिक पिछड़ेपन, शोषण, सामाजिक मूल्य एवं सामाजिक पद्धतियों के पक्षपात के कारण इसका लाभ नहीं ले पाते, ऐसे में विधिक सेवा प्राधिकरण ऐसे गरीब व्यक्ति तक इसके उन्मूलन उपाय तक पहुंच को सरल बनाने में प्राधिकरण की भूमिका रही है। उन्होने कहा कि शासन की ऐसी कई कल्याणकारी योजनाएं हैं जो गरीबों के हित में हैं, समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए नालसा योजना बनाई है। साथ ही विशेष कर सभी बच्चों के प्रति संवेदनशील होने, शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान कर शिक्षा का अधिकार अधिनियम के बारे में भी बताया। इस मौके पर रामकुमार, चेतराम, नौरंगी लाल, हंसराज, जगदीश कुमार, राकेश कुमार, रवि कुमार, हिमताराम, कौशल्या, मंजू देवी, राधे श्याम, हेमलता आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

राजस्थान शिक्षक संघ ने की शिक्षकों की लम्बित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जिला शाखा ने शिक्षकों की लंबित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग राज्य सरकार व शिक्षा विभाग से की है। जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल ने बताया कि संगठन लम्बे समय से इन मांगों के निस्तारण के लिए संघर्षरत है, जिनमें शिक्षकों को सभी प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने, सभी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में हिंदी व अंग्रेजी के व्याख्याताओं के पद सृजित करने, नीतिनुसार तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने, विगत18 माह के लंबित डीए का भुगतान शीघ्र करने, सभी विद्यालयों में शिक्षकों के सभी रिक्त पद भरने, पोषाहार व पोषाहार राशि समय पर विद्यालय तक पहुंचाने, क्रमोन्नत विद्यालयों में अधिशेष शिक्षकों को काउंसलिंग के माध्यम से निकटतम विद्यालयों में समायोजित करने, विद्यालयों में कार्यरत कुक कम हेल्पर का मानदेय न्यूनतम 10 हजार रुपये करने, पाऊडर दूध पिलाने की व्यवस्था संभालने वाले कुक को भी अन्य कुक के समान ही मानदेय देने, दूध गर्म करने में देय ईंधन राशि बढ़ाने, सेवानिवृति के सभी परिलाभ समय पर कर्मचारियो को देने आदि मांगे शामिल है। बंसल ने बताया कि लोक सभा चुनाव सम्पन होने के बाद आचार संहिता भी समाप्त हो चुकी है ऐसे में संगठन में उम्मीद है कि राज्य सरकार शिक्षकों और कर्मचारियों की लम्बित मांगों पर ध्यान देखकर शीघ्र कार्रवाई करेगी।

व्यक्तिगत श्रेणी के कृषि यंत्रों का पुनः भौतिक सत्यापन कल

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सीआरएम स्कीम वर्ष 2022-23 व 2023-24 व्यक्तिगत श्रेणी के कृषि यंत्र स्ट्रा बेलर व स्ट्रा रेक का पुन- भौतिक सत्यापन 20 जून को अनाज मंडी डबवाली व अनाज मंडी सिरसा में किया जाना है। उप कृषि निदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया जिला के सभी खंड डबवाली, औढां, बडागुढा, रानियां, ऐलनाबाद, नाथुसरी चौपटा व सिरसा के लाभार्थी किसान निश्चित समय व स्थान पर पहुंचकर अपने कृषि यंत्रो का भौतिक सत्यापन करवाए। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रों का सत्यापन न करवाने वाले व्यक्ति की अनुदान राशि पर रोक लगा दी जाएगी।

संत निरंकारी मिशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा कार्यक्रमों का आयोजन

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

संत निरंकारी मिशन द्वारा 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर शुक्रवार, 21 जून को देशभर में स्थापित संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में प्रातः6बजे से स्थानीय योग प्रशिक्षकों के निर्देशन द्वारा खुले स्थानों एवं पार्कों में योग दिवस मनाया जायेगा। ब्लॉक मीडिया सह प्रभारी प्रशांत आहूजा ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' का विषय 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' दिया गया है जो निसंदेह आज के समय की मांग है। संत निरंकारी मिशन भी समय-समय पर महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित कर उन्हें सक्षम बनाने में प्रयासरत है जिसमें मुख्यतः सिलाई एवं कढ़ाई सेंटर, ब्यूटीशियन कोर्स, टयूशन सेंटर इत्यादि प्रमुख है।संत निरंकारी मण्डल के समाज कल्याण प्रभारी आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी दी कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउन्डेशन द्वारा 'योग दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। इसी श्रृंखला के अंतर्गत इस वर्ष भी 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' कार्यक्रम का विशाल रूप में आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग हर प्रांत के शहरों में उत्साहपूर्वक किया जायेगा।योग भारत की एक ऐसी प्राचीन पद्धति है जिसके द्वारा आध्यात्मिक, शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को संतुलित किया जाता है। योग के नियमित अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन जीया जा सकता है।महिलाओं के सशक्तिकरण में योग का विशेष महत्व है। वर्तमान समय में जहां महिलाएं गृहस्थ जीवन और कार्यक्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही हैं; ऐसे में योग, उनकी व्यस्तता से भरी हुई जिंदगी की एक ऐसी आवश्यक गतिविधि है जो उनको अपनी सभी जिम्मेदारियों को पूर्णता से निभाने में सहायता करती है।सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने भी अपने विचारों में 'स्वस्थ मन सहज जीवन' अपनाने का दिव्य मार्गदर्शन देते हुए यही समझाया है कि हमें अपने शरीर को निरंकार प्रभु की अमोलक देन समझते हुए उसे स्वस्थ एवं सेहतमंद बनाए रखना है।अतः ऐसे स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल यही है कि इस भागदौड़ भरी जिदंगी में अपनी सेहत पर और ध्यान देते हुए उसे बेहतर एवं उत्तम बनाते हुए एक स्वस्थ जीवन जीना है।

शिक्षा व खेलकूद में मां-बाप के सपनों को करें साकारः एसपी

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

गांव मिर्जापुर थेहड़ में क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। एसपी विक्रांत भूषण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर एसपी विक्रांत भूषण ने कहा कि युवा राष्ट्र की धरोहर है। वे नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर मां-बाप के सपनों को साकार करें तथा अपने इलाके का नाम रोशन करें। एसपी ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए वॉलीबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल तथा कबड्डी की टीमों का गठन किया है। पुलिस जवान गांव-गांव जाकर युवाओं के साथ खेल गतिविधियों में शामिल होकर उन्हें नशा मुक्ति का संदेश दे रहे हैं। जिसके काफी सार्थक प्रणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने इस दौरान क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन पर उपस्थित खिलाड़ियों तथा ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। एसपी ने कहा कि अगर किसी गलत संगत का शिकार होकर कोई युवा नशे के दलदल में फंस गया है, तो इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें, ताकि स्थानीय प्रशासन से उसका इलाज करवा कर उसे फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। समाज को पूरी तरह से नशा एवं अपराध मुक्त किया जा सके इसके लिए यूथ क्लब व ग्रामीण क्षेत्र की संस्थाएं भी आगे आएं। इस अवसर पर डीएसपी ऐलनाबाद संजीव बल्हारा, ऐलनाबाद थाना प्रभारी संदीप कुमार तथा आसपास के गांवों से आए हुए ग्रामीण तथा युवा मौजूद रहे।

निर्जला एकादशी के उपलक्ष पर छबील लगाई

तेज रिपोर्टर. थालड़का। स्थानीय गांव के मुख्य बस स्टैंड पर, महर्षि दयानंद गौशाला सेवा समिति, मिस्त्री मार्केट, और भुरानपुरा तिरोहे पर मंगलवार निर्जला एकादशी मीठे पानी की छबीली लगाई गई। और राहगीरों को शरबत पिलाकर के प्यास बुझाई गई। और लोगों ने गौशाला में निर्जला एकादशी दान पुण्य किया। महिलाओं ने निर्जला एकादशी का व्रत करके विशेष पूजा अर्चना की सुख समृद्धि की कामना की गई। गांव के मुख्य बस स्टैंड पर मीठे पानी की छबीली दुकानदारों के सहयोग से लगाई गई और दुकानदारों ने सुबह से ही छबीली शुरू करें लोगों की सेवा में पूरे दिन भर हाजिर रहे। इस मौके पर दीपक टेलर, महेंद्र स्टूडियो, पवन वर्मा, दुलीचंद गोदारा, राज, विनोद छापोला, कृष्ण लाल सिहाग, लालचंद वर्मा, सहित कापी संख्या दुकानदार एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

हनीट्रैप मामले में मास्टर माइंड प्रेम बलिहारा गिरफ्तार

» जंक्शन पुलिस थाना की टीम ने जोधपुर से किया दस्तयाब

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर दो लाख रुपए ऐंठने व स्कॉर्पियो गाड़ी अपने नाम करवाने से जुड़े हनीट्रैप के मामले में कार्रवाई करते हुए जंक्शन थाना पुलिस ने मंगलवार को मास्टर माइंड को भी धर दबोचा। गिरफ्तार इस प्रकरण का मास्टर माइंड प्रेम बलिहारा (48) पुत्र चेतनराम बलिहारा निवासी वार्ड तीन, सतीपुरा गिरफ्तारी से बचने के लिए जोधपुर में छिपा हुआ था तथा अपने बचाव के लिए परिवादी पक्ष पर दबाव बना रहा था। जांच अधिकारी एएसआई कृष्णलाल बिश्नोई ने बताया कि 10 जून को मांगीलाल पुत्र रामधन जाट निवासी चक 11 एसएसडब्लू, ग्राम पंचायत 2 केएसपी, टिब्बी ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि 7 जून को कोमल नाम की महिला ने फोन कर प्लाट/मकान बेचने को कहा। अगले दिन 8 जून को कोमल ने पुनः फोन कर हनुमानगढ़ जंक्शन बुलाया। वह महिला उसके साथ स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठकर डीटीओ कार्यालय के पीछे बनी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में ले गई। जहां पर गुरसेवक व नीलम नाम की महिला को बुला लिया। तीनों फ्लैट में ले गए। कोमल ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया और अपने जानकार राजेश जांदू तथा प्रेम बलिहारा को बुला लिया। सभी ने बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने के नाम पर 10 लाख रुपयों की मांग की। जबरदस्ती स्कॉर्पियो गाड़ी अपने नाम लिखवा ली व 2 लाख रुपए ले लिए। जांच अधिकारी के अनुसार प्रकरण दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। तफ्तीश के दौरान गत दिनों राजेश कुमार उर्फ पिन्टू (37) पुत्र सुनील जांदू निवासी वार्ड 7, धींगतानिया तहसील सादुलशहर, जिला श्रीगंगानगर, गुरसेवक सिंह उर्फ सेवक (52) पुत्र बख्तौर सिंह जटसिख निवासी गली नम्बर 12, वरियाम नगर, अबोहर जिला फाजिल्का पंजाब हाल नई आबादी, बड़ी पौड़ी, गली नम्बर 14, खेत्रपाल मंदिर के नजदीक, अबोहर, पंजाब, सुमित्रा उर्फ सपना (40) पत्नी मंगतराम शेखावत निवासी वार्ड 20, सादुलशहर जिला श्रीगंगानगर, कोमल अरोड़ा (30) पत्नी मनिन्द्र कौर निवासी गली नम्बर 2, वार्ड 7, वरियाम नगर, तहसील अबोहर जिला फाजिल्का पंजाब हाल किराएदार गली नम्बर 7, अबोहर, पंजाब व गुरमीत कौर उर्फ नीलम (45) पत्नी अवतार सिंह जटसिख निवासी पांच पीर नगर, 132 केवी बिजली घर के पीछे, अबोहर सिटी नम्बर 1, जिला फाजिल्का पंजाब को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर स्कॉर्पियो गाड़ी, स्टाम्प व गाड़ी की आरसी, परिवादी का ड्राइविंग लाइसेंस आदि की बरामदगी की गई। बरामदगी के बाद तीनों महिलाओं सहित पांचों आरोपियों को मजिस्ट्रेट के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया। प्रकरण का मास्टरमाइंड प्रेम बलिहारा मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में टीम गठित की गई। टीम ने आसूचना एकत्रित कर हनीट्रैप मामले के सरगना प्रेम बलिहारा को स्थानीय पुलिस के सहयोग से जोधपुर से दस्तयाब किया। हनुमानगढ़ लाकर पूछताछ में जुर्म प्रमाणित पाए जाने पर प्रेम बलिहारा को गिरफ्तार कर लिया। उसे मंगलवार को न्यायालय में पेश कर तीन दिन का पीसी रिमांड मंजूर करवाया गया है। रिमांड अवधि के दौरान रुपयों आदि की बरामदगी की जाएगी। प्रेम बलिहारा की गिरफ्तार में हैड कांस्टेबल राजकुमार सिहाग व कांस्टेबल बलदेव सिंह की विशेष भूमिका रही। जांच अधिकारी कृष्णलाल बिश्नोई ने बताया कि प्रेम बलिहारा सहित इस गैंग के खिलाफ 14 जून को एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। उसमें भी इन आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया जाएगा।

'विधि विरूद्ध संचालित हो रहा है भविष्य सुधार सेवा संस्थान'

सीडब्ल्यूसी हनुमानगढ़ ने प्रेस वार्ता कर मीडिया को दी जानकारी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

हनुमानगढ़ जंक्शन सामुदायिक भवन के पास सेक्टर नंबर 6 पीली चक्की के पीछे भविष्य सुधार सेवा संस्थान नामक एक संस्था का संचालन श्रीमती मोनिका जांगिड़ द्वारा विधि विरुद्ध किया जा रहा है। इस संबंध में एक शिकायत प्राप्त होने के पश्चात जिला कलक्टर व बाल अधिकारिता विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार बाल कल्याण समिति, बाल अधिकारिता विभाग, समाज कल्याण विभाग द्वार संयुक्त रूप से संस्थान का निरीक्षण करने पर वहा पर मंदबुद्धि के लड़के व लड़कियां एक ही परिसर एक कमरे में पाए गए जो विधि विरुद्ध था तथा मोनिका जांगिड़ से संस्थान के संबंध में किसी भी विभाग से रजिस्ट्रेशन / पंजीकरण होने के संबंध में पूछताछ की गई तथा पंजीकरण की मांग की गई तो उसने किसी प्रकार का रजिस्ट्रेशन नहीं दिया ओर यह संस्था बिना पंजीकरण संचालन की जा रही जिस पर बाल कल्याण समिति द्वारा मौका रिपोर्ट जिला कलक्टर को भी प्रेषित कर दी तथा वहा पर एक सामान्य श्रेणी की बालिका भी पाई गई जिसके बारे में पूछताछ करने पर श्रीमती जांगिड़ द्वारा किसी प्रकार का संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, अपनी नौकरानी की बच्ची बताया। जब कागजात मांगे गए तो उसको आनन-फानन में एडीएम के पेश कर दिया जहां से बालिका को बाल कल्याण समिति के संरक्षण में सुपुर्द कर दिया तथा यह बताया की यह सामान्य श्रेणी की लड़की एक हफ्ता पहले उसको नवां के पास झाड़ियों में मिली है जबकी बालिका का कहना है की वह पिछले दो तीन वर्षो से उसी संस्थान में रह रही है अभी क्योंकी प्रश्न यह उठता है की उक्त सामान्य श्रेणी की बालिका को मोनिका जांगिड़ द्वारा अवैध रूप से अपने पास निरुद्ध कर क्यों रखा गया है। इस संबंध में भी प्रकरण दर्ज कर कानूनी करवाई की जायेगी। बिना रजिस्ट्रेशन संस्था संचालन का पुलिस अधीक्षक को कानूनी कार्यवाही करते हुए प्रकरण दर्ज करने बाबत जिला कलक्टर के निर्देशानुसार निरीक्षण करने के उपरांत पत्र लिखा जा चुका है जिस पर करवाई जारी है।

इस प्रकार के तथ्य भी सामने आये की यह संस्थान लड़कियों को अवैध रूप से अपने पास रखती है तथा उनका बाद में गलत गतिविधियों में उपयोग करती है। खरीद फरोख्त के मामले भी जांच में सामने आ सकते है सयुंक्त जांच के उपरांत संस्था संचालिका द्वारा आनन फानन में सोशल मीडिया पर जांच टीम के खिलाफ मनघड़ंत गलत बयान बाज़ी ओर धमकियां दी जा रही है जिसके संबंध में आज पुनः सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष और सदस्यगण पुलिस अधीक्षक ओर जिला कलक्टर से मिलकर उंन्हे अवगत करवाते हुए संस्था संचालिका के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की बात रखी है ओर इस संस्था को तुरन्त बंद करवाने को कहा।

जन सेवा हॉस्पिटल में घुटने का हुआ जटिल ऑप्रेशन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हुए एक रोगी के घुटने का हनुमानगढ़ रोड पर टांटिया यूनिवर्सिटी कैम्पस में स्थित डॉ. एसएस टांटिया मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (जन सेवा हॉस्पिटल) में एक जटिल ऑप्रेशन किया गया है। हॉस्पिटल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रो. बलजीतसिंह कुलड़िया ने बताया कि निकटवर्ती एक गांव में रहने वाला 26 वर्षीय पालाराम गिर जाने के कारण घायल हो गया था। उसके घुटने के चार में से तीन लिगामेंट टूट गए थे और दोनों हड्डियां अलग हो गई थीं। इस रोगी को जन सेवा हॉस्पिटल में हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग के एचओडी डॉ. विक्रम अरोड़ा ने देखा और ऑप्रेशन किया। डॉ. विक्रम अरोड़ा ने बताया कि रोगी का दो स्टेज पर ऑप्रेशन किया गया और उसके लिगामेंट का दूरबीन (ऑर्थोस्कोपी) से पुनर्निर्माण किया गया। ऑप्रेशन के बाद रोगी के घुटने की निर्धारित समय पर फिजियोथैरेपी करवाई गई। यह सफल ऑप्रेशन होने के बाद वर्तमान में रोगी अपना काम-काज करने में पूर्णतः सक्षम हो गया है। उन्होंने बताया कि आज के समय में हाइस्पीड एक्सीडेंट और स्पोर्टस इंजरी होने से लिगामेंट में चोट की समस्याएं बढ़ने लगी हैं। चलते-चलते घुटने का एक तरफ निकल जाना लिगामेंट की चोट के लक्षण हैं। सही समय पर इलाज नहीं होने से घुटने में घिसावट की समस्या आ जाती है। डॉ. विक्रम ने बताया कि जन सेवा हॉस्पिटल में घुटने के लिगामेंट की सर्जरी दूरबीन से बिना चीरा-फाड़ के की जाती है और रोगी जल्दी ही सामान्य जीवन जीने लगता है।

उल्लेखनीय है कि डॉ. विक्रम ने पूना के प्रसिद्ध संचेती हॉस्पिटल से जोड़ प्रत्यारोपण एवं ऑर्थोस्कोपी में फैलोशिप करने के बाद मैक्स दिल्ली एवं मेदांता हॉस्पिटल, गुड़गांव में अपनी सेवाएं दी हैं और अब लंबे समय से जन सेवा हॉस्पिटल में हड्डी जोड़ विभागाध्यक्ष के पद पर कार्य कर रहे हैं। बता दें कि जन सेवा हॉस्पिटल के ऑर्थो विभाग में प्रतिदिन हड्डी एवं जोड़ों की हर नई एवं पुरानी बीमारी का इलाज सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इनमें जोड़ प्रत्यारोपण, दूरबीन पद्धति से लिगामेंट सर्जरी (ऑर्थोस्कोपी), एक्सीडेंट व पोली ट्रोमा तथा बच्चों की हड्डियों संबंधी बीमारियों का इलाज शामिल है। जन सेवा हॉस्पिटल के हड्डी जोड़ विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम के साथ डॉ. सुधीरसिंह, डॉ. प्रदीप जांगिड़ एवं डॉ. मनोज गोदारा शामिल होने से एक सुदृढ़ टीम का निर्माण हुआ है। जन सेवा हॉस्पिटल का आर्थो विभाग लंबे समय से अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहा है। इसका लाभ श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़-अनूपगढ़ जिलों के अलावा पड़ोसी राज्यों पंजाब एवं हरियाणा के नजदीकी जिलों के रोगियों को मिल रहा है।

प्रौढ़ के कब्जे से आठ ग्राम स्मैक बरामद

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

तलवाड़ा झील थाना पुलिस ने मादक व नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए आठ ग्राम स्मैक (चिट्टा) बरामद कर प्रौढ़ को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई को सोमवार देर रात गश्त के दौरान अंजाम दिया गया। जानकारी के अनुसार तलवाड़ा झील पुलिस थाना प्रभारी एसआई रजनदीप कौर के नेतृत्व में टीम सोमवार देर रात्रि को गश्त कर रही थी। गश्त करते हुए पुलिस टीम रोही तलवाड़ा झील में पहुंची तो एक व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं। शक के आधार पर पुलिस ने उक्त व्यक्ति को रुकवा कर तलाशी ली तो उसके पास पॉलिथीन की पारदर्शी थैली में आठ ग्राम चिट्टा (स्मैक) मिला। पुलिस ने चिट्टा बरामद कर मौके से राजेशसिंह (41) पुत्र खजानसिंह सिकलीगर निवासी वार्ड तीन, तलवाड़ा झील को गिरफ्तार कर लिया। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार अनुसंधान टिब्बी पुलिस थाना प्रभारी एसआई जगदीश पाण्डर के सुपुर्द किया। पुलिस टीम में थाना प्रभारी एसआई रजनदीप कौर, एएसआई हंसराज, राजेन्द्र कुमार, कांस्टेबल संदीप, बलजीत सिंह, राजपाल, तरसेम सिंह व राजकुमार शामिल रहे। इस कार्रवाई में कांस्टेबल तरसेम सिंह व संदीप की विशेष भूमिका रही।

आक्रोशित किसानों ने विद्युत निगम के एईएन कार्यालय पर की तालाबंदी

» बार-बार लग रहे विद्युत कटों की समस्या दूर करने की मांग

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

बिजली की कटौती से परेशान किसानों ने मंगलवार को टाउन स्थित जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता कार्यालय पर तालाबंदी करते हुए सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। टाउन शहरी क्षेत्र के आसपास के गांवों के किसानों ने निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर किसान बलविन्द्र सिंह बराड़ ने बताया कि एग्रीकल्चर क्षेत्र में बिजली की भारी कटौती की जा रही है। इससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। बिजाई के लिए खेतों में सिंचाई की जानी है लेकिन बिजली के कट बार-बार लग रहे हैं। दो-दो दिन तक बिजली गुल रहती है। इससे किसान की खेती प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में जहां लोड ज्यादा रहता है और वोल्टेज की समस्या आती है वहां नया ट्रांसफर लगाकर व्यवस्था करना विभाग की जिम्मेदारी है। लेकिन विभागीय अधिकारी बार-बार आश्वासन देकर की इतिश्री कर रहे हैं। कुछ लाइनमैन मीटर लगाने, तार जोड़ने, फाल्ट दूर करने के एवज में उपभोक्ता से रिश्वत की मांग करते हैं। काम में देरी करना उनकी आदत बन चुकी है। व्यवस्था बनाने में विभागीय अधिकारी पूरी तरह से विफल रहे हैं। जब कोई फोन कर समस्या से अवगत करवाना चाहता है तो अधिकारी कॉल रिसीव नहीं करते। किसानों ने एग्रीकल्चर क्षेत्र में 6 घंटे लगातार विद्युत आपूर्ति देने व बार-बार लगने वाले विद्युत कटों से निजात दिलाने की मांग की। सरपंच प्रतिनिधि हरदीप सिंह, रेशम सिंह मानुका, नवल सिंह, कुलदीप मान आदि ने कहा कि अगर व्यवस्था में सुधार नहीं होता है तो चक्काजाम सहित अन्य आंदोलनात्मक कदम उठाने को किसान मजबूर होंगे। इस मौके पर हैप्पी बराड़, पृथ्वीराज, गुरलाल सिंह, अंग्रेज सिंह, काशीराम, बलजिन्द्र सिंह, संदीप कुमार, महेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, भजन सिंह, सुरजीत सिंह, गगनदीप सिंह, सेवासिंह, जगीर सिंह, सुखविन्द्र सिंह, सुखमैल सिंह, संदीप सिंह, सुरेंद्र कुमार, लखवीर सिंह, बलदेव सिंह, देवीलाल, हरभजन सिंह, मंगल सिंह आदि मौजूद थे।

बीएसएफ के शहीद जवान के घर से लाखों के जेवरात और नगदी चोरी

तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़। जिले में भिरानी थाना क्षेत्र में दूरवर्ती गांव लाखनवास निवासी बीएसएफ के एक शहीद जवान के एक सूने मकान से लाख रुपए के जेवरात और नगद राशि चोरी हो गई। पुलिस के मुताबिक लाखनवास निवासी सुनीता मेघवाल (40) पत्नी स्व. सुरेश कुमार ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि वह कुछ दिन पहले अपने मायके परलीका गई हुई थी। पीछे से कोई अज्ञात व्यक्ति घर से काफी गहने तथा नगद राशि चोरी कर ले गया। उसने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया है कि 1लाख 57 हजार 500 रुपए नगद, एक तोला सोने का कड़ा, अंगूठी, पाजेब जोड़ी, मंगलसूत्र, पांच पत्ती लॉकेट,पांच सोने के लॉकेट, दो तोला चांदी का कड़ा और 4 तोला चांदी की चूड़ियां चोरी हुई हैं। पुलिस को दी रिपोर्ट में सुनीता ने बताया है कि उसके पति सुरेश कुमार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में कार्यरत थे,जो 1 नवंबर 2021 को शहीद हो गए थे। तब से उसका परिवार अकेला है। सुनीता ने कहा है कि उसे सुरक्षा की अत्यंत आवश्यकता है। पुलिस ने धारा 457 और 380 में मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच एएसआई विजेंद्रसिंह के सुपुर्द की है।

कोहला फार्म में गड्ढे खुदवाकर गौवंश के लिए भरवाया पानी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व मुख्यमंत्री के निर्देश पर की पानी की व्यवस्था

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाउन के भाजपा नगर मण्डल कार्यकर्ताओं की ओर से मंगलवार को निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में गांव कोहला के पास फार्म में निराश्रित गौवंश के लिए पानी की व्यवस्था की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र पारीक व नगर मण्डल अध्यक्ष विकास शर्मा ने फार्म में टैंकर से पानी छोड़कर इस कार्य की शुरुआत की। साथ ही निराश्रित गोवंश को हरा चारा खिलाया। मण्डल अध्यक्ष विकास शर्मा ने कहा कि तपती गर्मी व लूट से आमजन तो बेहाल है ही, पशु-पक्षी भी गर्मी की मार झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य तो किसी तरह खुद का बचाव गर्मी से कर रहा है लेकिन असहाय-निराश्रित गोवंश ऐसा करने में सक्षम नहीं है। इसी के मद्देनजर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के सभी मण्डल, मोर्चों को असहाय, बेसहारा पशु-पक्षियों के संरक्षण के निर्देश दिए हैं। उन्हीं निर्देशों की पालना में निर्जला एकादशी के मौके पर कोहला फार्म में असहाय गोवंश के लिए गड्ढे खुदवाकर उनमें कुल 11 टैंकर पानी भरवाया गया है ताकि इस भीषण गर्मी में असहाय, बेजुबान गोवंश को पानी के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। इसके साथ ही परिंडे बांधे गए हैं ताकि बेजुबान पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की जा सके। इस मौके पर मण्डल उपाध्यक्ष राजपाल सोनी, अशोक जुनेजा, महामंत्री गजेंद्र राठौड़, राम कुक्कड़, सुनील ढाका, नगर मंत्री दीपेन्द्र शेखावत, अमीचंद सारस्वा, महेश लकेसर, हैरी सारस्वा, संदीप विर्क, विजय सिडाना सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

घर में कार्य करते झूलसने से युवती की मौत

तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़। घर में कार्य करते समय झुलस जाने से एक युवती की मौत हो गई।हनुमानगढ़ जंक्शन पुलिस के अनुसार गांव मक्कासर के वार्ड नंबर तीन निवासी मलकीतसिंह की पत्नी गगनदीपकौर (30) को विगत दिवस बुरी तरह से जली हुई हालत में हनुमानगढ़ के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। गगनदीप कौर को बीकानेर के पीएम हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां कल सोमवार को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। बोहड़सिंह मजहबी (58) निवासी मक्कासर ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसकी पुत्रवधू गगनदीपकौर रसोई में कार्य करते समय अचानक आग लगने से झुलूस गई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार जनों के सुपुर्द कर दी है।पुलिस ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

नियमित टीकाकरण की समीक्षा के लिए डॉ. देवेन्द्र चौधरी प्रभारी अधिकारी नियुक्त

» 20 जून को हनुमानगढ़ में व्यवस्थाओं का करेंगे निरीक्षण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नियमित टीकाकरण एवं उपकरणों के संचालन के क्रियाशीलता की स्थिति के संबंध में समीक्षा के लिए बीकानेर जोन, बीकानेर के संयुक्त निदेशक डॉ. देवेन्द्र चौधरी को प्रभारी अधिकारी मनोनीत किया जाता है। इस संबंध के आदेश गत दिवस चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, राजस्थान, जयपुर के निदेशक (जन स्वास्थ्य) डॉ. रविप्रकाश माथुर ने जारी किए। राज्य के सभी जिलों में नियमित टीकाकरण एवं उपकरणों के संचालन के संबंध में प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि नियमित टीकाकरण एवं उपकरणों के संचालन के क्रियाशीलता की स्थिति के संबंध में समीक्षा के लिए राज्य के सभी जिलों में प्रभारी अधिकारी मनोनीत किए गए हैं। हनुमानगढ़ में बीकानेर जोन, बीकानेर के संयुक्त निदेशक डॉ. देवेन्द्र चौधरी को प्रभारी अधिकारी मनोनीत किया गया है, जो 20 जून को हनुमानगढ़ जिले में टीकाकरण एवं उपकरणों संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रभारी अधिकारी द्वारा उपकरणों के क्रियाशीलता की संचालन स्थिति जानने के लिए चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा, नियमित टीकाकरण के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र पर आयोजित एमसीएचएन सैशन का भी निरीक्षण किया जाएगा।

घर की छत पर सोए युवक की हत्या का प्रयास, गंभीर घायल

कुल्हाड़ी के वार से एक कान काटा, गर्दन पर भी गहरी चोट

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में रावतसर थाना क्षेत्र के गांव रामपुरा मटोरिया में बीती रात घर की छत पर सोए एक युवक मुकेश सोनी (23) की हत्या का अज्ञात व्यक्तियों द्वारा प्रयास किया गया। सोए हुए मुकेश सोनी पर तेज धारवाली कुल्हाड़ी से वार किए गए, जिससे उसका एक कान कट गया तथा गर्दन पर गहरी चोट लगी। उसके चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आंगन में सोए माता-पिता व भाई दौड़कर छत पर गए। मुकेश चारपाई पर खून से लथपथ पड़ा था। उसे परिवार वाले तत्काल ही रावतसर के सरकारी अस्पताल में लेकर गए,जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर देखते हुए मुकेश को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। इस पर मुकेश सोनी को आज सुबह श्रीगंगानगर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। रावतसर पुलिस ने बताया कि मुकेश के छोटे भाई अर्जुन (20) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों पर हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। अर्जुन ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि घटना रात एक से दो बजे के बीच की है। कोई व्यक्ति रात को छत पर गया और सोए हुए मुकेश पर कुल्हाड़ी से वार कर दिए। पुलिस वारदात की गुत्थी को सुलझाने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार से सोनी इलेक्ट्रिशियन का काम करता है। कल रात वह देरी से घर आया था और खाना खाकर सोने के लिए छत पर चला गया। अन्य सूत्रों के मुताबिक मुकेश सोनी की तीन-चार दिन पहले अपने रिश्ते में लगता भाई के साथ बोलचाल हो गई थी। उसका रिश्ते में लगता यह भाई की गांव के एक युवक से घनिष्ठता है जिसे लेकर मुकेश को ऐतराज था। वह अपने रिश्ते में लगता भाई को इस युवक से दूर रहने के लिए कहता था। इसी बात को लेकर दोनों में तकरार हो गई। मुकेश के परिवार वालों को रिश्ते में लगता भाई इस युवक पर ही यह घटना करने का संदेह है।सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने इसी संदेह के आधार पर एक- दो युवकों को पकड़ा है,जिसे अभी पूछताछ चल रही है। मुकेश सोनी की हालत गंभीर बनी हुई है।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

आत्मा अजर अमर और शाश्वत है, यही जीवन है

आपको सूचित करते हुए अत्यधिक दुःख हो रहा है कि हमारी पूजनीय माता जी

श्रीमती विमला रानी

धर्मपत्नी स्व. श्री बलदेव राज त्रेहन

दिनांक 11 जून, 2024, मंगलवार को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर स्वर्गलोक सिधार गई हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए जिनकी आत्मिक शांति हेतु अंतिम अरदास (रस्म दहाका) 21 जून 2024, शुक्रवार को 12.00 बजे से 1.00 बजे तक अरोड़वंश धर्मशाला, नजदीक एलआईसी ऑफिस, रायसिंहनगर में होगा।

शोकाकुलः डॉ. रवि त्रेहन-श्रीमती नीलम त्रेहन (पुत्र-पुत्रवधू), विजय त्रेहन-श्रीमती पूनम त्रेहन (पुत्र-पुत्रवधू), संजीव त्रेहन-श्रीमती दिव्या त्रेहन (पुत्र-पुत्रवधू), हरीश खेर-श्रीमती सुमन खेर (दामाद-पुत्री)



स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442